शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 233 | गुवाहाटी | सोमवार, 20 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



सिलचर से अपहृत युवती मेघालय में बचाई गई – पेज 3

ईंधन पाइपलाइन शुरू होने पर बांग्लादेश ने भारत को बताया सच्चा दोस्त – पेज 4

1 वर्ष में हमें दिखेगा अयोध्या का सुंदर स्वरूप : योगी – पेज 5

सीएम गहलोत ने कहा, मिलकर चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे – पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771



door graph
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344


## सुप्रभात

*एक नेता वह होता है, जिसकी एक सोच हो, जिसमें कुछ कर गुजरने का जज्बा हो। जो मुश्किलों में डरे नहीं, बल्कि उसे यह पता हो कि समस्याओं का सामना कैसे किया जाए। सबसे महत्वपूर्ण, जो अपनी बात पर कायम रहे।*

– **एपीजे अब्दुल कलाम**

# कट्टरपंथियों को लेकर पंजाब पुलिस पहुंची डिब्रूगढ़

**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )/चंडीगढ़/जालंधर।** संगठन वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृतपाल सिंह के बेहद करीबी माने जाने वाले चार खालिस्तानी समर्थक अलगाववादियों को गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा कारणों के चलते पंजाब से डिब्रूगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया है। यह चारो कड़ी सुरक्षा में रविवार को डिब्रूगढ़ की सेंट्रल जेल में शिफ्ट कर दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की योजना के अनुसार पंजाब से गिरफ्तारी खालिस्तानी समर्थक चारो अलगाववादियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को डिब्रूगढ़ लाया गया है। सुबह करीब 11 बजे पंजाब पुलिस की टीम चारो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादियों के साथ एक विशेष विमान से डिब्रूगढ़ के मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर पहुंची। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच चारो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादियों को लंबे काफिले के साथ डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल लाया गया। इस दौरान यहां जेल महानिरीक्षक जीपी सिंह की देखरेख में 27 पुलिसकर्मी कड़ी सुरक्षा में तैनात रहे। पुलिस और खुफिया बल खालिस्तानी कट्टरपंथियों को इस जेल में रखकर उनसे खुफिया इनपुट हासिल करने की कोशिश करेंगे। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गिरफ्तार खालिस्तानी कट्टरपंथियों को डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में स्थानांतरित करने की योजना की रूपरेखा पहले ही तैयार कर ली थी। राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह हाईस्कूल परीक्षा के प्रश्नपत्रों के दौरान 14 मार्च को डिब्रूगढ़ गए थे। उस दिन डीजीपी सिंह ने डिब्रूगढ़ सहित छह पुलिस जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ छह घंटे तक मैराथन बैठक की थी। डीजीपी सिंह ने डिब्रूगढ़ के अपने दौरे के दौरान डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल का भी दौरा किया था। इस मामले में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि असम में भी एक समय गिरफ्तारी हुई थी, सुरक्षा के मद्देनजर बिहार के भागलपुर जेल तक लोगों को भेजा था। शायद पंजाब पुलिस के मन में है कि थोड़े दिन असम में रहे, यह तो पुलिस से पुलिस के सहयोग की बात है। उधर *वारिस पंजाब* दे के प्रमुख अमृतपाल की गिरफ्तारी को लेकर बड़ा ऑपरेशन चलाते हुए पुलिस उसके 78 समर्थकों को गिरफ्तार किया है, जबकि अमृतपाल फरार है। उसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। जालंधर के एसएसपी (ग्रामीण) स्वर्णदीप सिंह ने बताया कि अमृतपाल सिंह के काफिले में इस्तेमाल एक कार जब्त की गई और उसमें से एक कृपाण और .315 बोर का हथियार, 57 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अमृतपाल ने इस्तेमाल के बाद कार छोड़ दी थी। वहीं माहौल बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर पंजाब में रविवार दोपहर -शेष पृष्ठ दो पर



## राज्य की पुलिस करेगी मदद : सीएम

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी के लिए पंजाब पुलिस ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि पंजाब पुलिस अमृतपाल सिंह के कुछ सहयोगियों को असम के डिब्रूगढ़ लेकर पहुंची है। असम ले जाने के लिए गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के सहयोगियों को एक विशेष विमान से ले जाया गया है। अमृतपाल के इन सहयोगियों को उच्च सुरक्षा वाली डिब्रूगढ़ की सेंट्रल जेल में रखे जाने की सूचना है। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भी इस मामले पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के सहयोगियों को गिरफ्तार कर असम लेकर पहुंची है। इस मामले में राज्य की पुलिस पंजाब पुलिस की पूरी तरह से मदद के लिए उपस्थित रहेगी। राज्य पुलिस को मिलने वाली हर मदद मुहैया कराई जाएगी।

## कृष्णांगी मिस क्वीन ऑफ द वर्ल्ड



**गुवाहाटी।** असमिया लड़की कृष्णांगी क्वीन ऑफ द वर्ल्ड पेजेंट के ग्रैंड फिनाले में *मिस क्वीन ऑफ द वर्ल्ड* का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय लड़की बनीं। अंतर्राष्ट्रीय पेजेंट का ग्रैंड फिनाले न्यू जर्सी, यूएसए, 13 से 18 मार्च, 2023 की अवधि के बीच में हुआ, जहां दुनिया भर से कुल 30 से अधिक प्रतियोगियों और यूएसए ने पेजेंट के 4 अलग-अलग डिवीजनों में भाग लिया- मिस क्वीन ऑफ वर्ल्ड, क्वीन ऑफ द वर्ल्ड, मिसेज क्वीन ऑफ द वर्ल्ड और अभिजात वर्ग श्रीमती दुनिया की रानी। पेजेंट ने संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में ग्रैंड फिनाले से पहले दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ संभावित प्रतिभाओं का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर दुनिया भर में प्रयास शुरू किया। प्रतियोगियों को 6 महीने की अवधि में कई राउंड की विविध चयन-प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जिसमें नेतृत्व कौशल, सार्वजनिक बोलना, चलना और शिष्टता जैसी कुछ प्रमुख विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया था। कृष्णांगी ने अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और शिष्टता से जजों और दर्शकों का दिल और दिमाग जीत लिया। उसने विज्ञान और व्यावसाय विश्लेषिकी में मास्टर्स किया है और वर्तमान में कॉर्पोरेट रणनीति टीम में ग्लोबल फाउंड्रीज -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### 40 हजार टन गेहूं हड़प गए पाकिस्तानी अफसर

**लाहोर।** कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान में हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि विदेशों से मिल मदद और राहत सामग्री भी चोरी हो रही है। रूस ने पाकिस्तान की मौजूदा हालत पर तरस खाकर 40 हजार टन से ज्यादा गेहूं मदद के तौर पर दिया था लेकिन यह गेहूं जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंचा बल्कि चोरी हो गया है। पाकिस्तान सरकार ने इस मामले में सख्ती से ऐक्शन लेते हुए अपने 67 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही कारण बताओं नोटिस भी जारी किया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, कथित तौर पर सिंध खाद्य विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से सिंध प्रांत के 10 जिलों में स्थित सरकारी गोदामों से लगभग 40,392 टन गेहूं चोरी हो गया है। रूस ने इस -शेष पृष्ठ दो पर

### राहुल विपक्ष का चेहरा होने पर भाजपा को लाभ : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। ममता ने कहा कि राहुल गांधी अगर विपक्ष का चेहरा होते हैं तो इससे भाजपा को फायदा होगा। दरअसल, ममता बनर्जी अपने नेताओं के साथ बैठक कर रही थीं। इसी बैठक में ममता ने राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव में जाएगी। उन्होंने कहा था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई सभी साथ हैं और हमे हराने के लिए एक हुए हैं। बता दें कि ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल समेत पूरे देश में अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर चुकी है। कांग्रेस द्वारा आयोजित -शेष पृष्ठ दो पर

## राष्ट्रीय स्मारकों को देखने गए राज्यपाल सहित पूरा मंत्रिमंडल



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा रविवार को अपनी पूरी मंत्रिपरिषद और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा यहां बनाए गए तीन प्रमुख राष्ट्रीय स्मारकों का दौरा करने गए। इस दल में राज्य के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी शामिल हैं। एक दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा किया। शर्मा ने ट्वीट में कहा कि माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मंत्रिमंडल के सहयोगियों की मौजूदगी में नई दिल्ली में राष्ट्रीय युदध स्मारक में अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले हमारे बहादुर जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## जरूरत से ज्यादा बोलते हैं राहुल गांधी : हिमंत



**नई दिल्ली/गुवाहाटी ( हि.स. )।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को पुलिस नोटिस देने पर विपक्षी नेताओं के केंद्र सरकार पर किये जा रहे हमलों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने विपक्ष को करारा जवाब दिया। डॉ शर्मा ने अडाणी मुद्दे पर विपक्ष की जेपीसी मांग को ब्लैकमेलिंग बताया। कश्मीर यात्रा के दौरान दुष्कर्म संबंधी टिप्पणी में महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने राहुल से पीड़ितों की पहचान बताने को भी कहा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा रविवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। अडानी के मुद्दे पर जेपीसी गठन की मांग पर डॉ. शर्मा ने कहा कि जेपीसी में विरोधी लोगों का क्या काम है। जब मामला देश की सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है। विरोधी जेपीसी के जरिए ब्लैकमेल करने का परमिट चाहते हैं क्या। इस मामले में एक्सपर्ट कमेटी का गठन हो गया है। अगर इलेक्शन का चंदा उठाने का काम करना है तो यह अलग मुद्दा है। आठ-नौ महीने बाद चुनाव है। राहुल गांधी के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि देश के कानून व्यवस्था है कि अपराधियों को सजा मिलना चाहिए। अगर किसी ने बताया कि उसके पास कोई पीड़ित महिला आई है तो क्या उसको न्याय दिलाने के लिए राहुल गांधी को पुलिस को जानकारी नहीं देनी चाहिए। किसी दुष्कर्म की घटना की जानकारी राहुल गांधी के पास है तो उन्हें दिल्ली, जम्मू पुलिस या राजस्थान पुलिस को उस पीड़िता का नाम बताना चाहिए। उसे न्याय मिलना चाहिए, इसमें गलत क्या है। इस मामले में कांग्रेस को ड्रामा करने की क्या जरूरत है। कांग्रेस पार्टी को यह बताना चाहिए कि -शेष पृष्ठ दो पर

## आईएसआई की मदद से अमृतपाल बना रहा आनंदपुर खालसा फोर्स



**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** पंजाब पुलिस ने *वारिस पंजाब* दे का प्रमुख और खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध होने का दावा किया है। उसके घर और साथियों से बरामद हथियारों पर भी एकेएफ लिखा मिला है, जिससे इस बात के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं कि अमृतपाल सिंह आनंदपुर खालसा फोर्स नाम से प्राइवेट आर्मी बना रहा था। इसके लिए उसने कई युवाओं को गुमराह करके अपने साथ भी जोड़ लिया था। जालंधर रेंज के डीआईजी स्वप्न शर्मा ने रविवार को पत्रकारों को -शेष पृष्ठ दो पर

## कर्नाटक से अयोध्या आएगी विशाल शिला



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जोर-शोर से हो रहा है। हर दिन वहां से कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर आते हैं। हजारों मजदूर दिन-रात काम कर रहे हैं। इस मंदिर में भगवान राम की जो प्रतिमा स्थापित की जाएगी वो पवित्र शालिग्राम पत्थर से तराशी जाएगी। नेपाल की काली नदी से इस शिला को निकाला गया था। जहां से भी ये शिला गुजर रही थी वहां पर भक्त इसके दर्शन के लिए सड़कों पर आ गए। अब कर्नाटक के करकला से विशाल शिला अयोध्या भेजी गई। बाकायदा पूजा अर्चना करके काली नदी से शालिग्राम शिला निकाली गई थी। जानकारों के मुताबिक भगवान श्रीराम की प्रतिमा और माता सीता की प्रतिमा इन्हीं शिला से बनेगी। अब भगवान राम की प्रतिमा का निर्माण करने के लिए कर्नाटक के उडुपी जिला स्थित करकला से एक विशाल शिला को अयोध्या के लिए भेजा गया है। विहिप ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पहले शिला का पूजन किया फिर उसे एक बड़े ट्रक में लदवाकर अयोध्या भेजा गया। कर्नाटक सरकार में मंत्री वी सुनील कुमार शिला पूजन में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत-शेष पृष्ठ दो पर

## भाजपा की ताकत को और चार गुना बढ़ाना है : नड्डा



**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को समालखा के पट्टी कल्याण में स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में पार्टी के शक्ति केंद्र संगम में कहा कि अभी हमें अपनी ताकत को चार गुणा और बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि विरोधी भी मान रहे हैं कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है लेकिन इससे हमें रुक नहीं जाना है बल्कि इस शक्ति को अभी चार गुणा और अधिक बढ़ाना है। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के -शेष पृष्ठ दो पर

## सरकार ने शुरू की शत्रु संपत्ति बेचने की तैयारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश में मौजूद शत्रु संपत्ति बेचने की तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि ये वो संपत्तियां हैं जिनके मालिक पाकिस्तान या चीन जा चुके हैं और वहीं की नागरिकता ले चुके हैं। देश में 12,611 शत्रु संपत्तियां हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख करोड़ रुपए है। इन शत्रु संपत्तियों का संरक्षक कॉस्टोडियन ऑफ एनिमी प्रपर्टी फॉर इंडिया (सीईपीआई) है। शत्रु संपत्ति कानून के तहत सीईपीआई का गठन किया गया था। गृह मंत्रालय ने शत्रु संपत्तियों के निपटारे के लिए दिशा-निर्देशों में कुछ बदलाव किया है। इन बदलावों के तहत जिला मजिस्ट्रेट या डिप्टी कमिश्नर द्वारा इन शत्रु संपत्तियों को खाली कराया जाएगा और उसके बाद इन संपत्तियों की बिक्री की जाएगी। दिशा-निर्देशों के तहत अगर शत्रु संपत्ति की कीमत एक करोड़ रुपए से कम है तो सीईपीआई पहले इन संपत्तियों पर काबिज लोगों से ही इन्हें खरीदने की पेशकश करेगा। अगर संपत्ति पर रह रहे लोग इसे खरीदने से इनकार कर देते हैं तो फिर इन्हें गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत बेचा जाएगा। वहीं जिन शत्रु संपत्तियों की कीमत एक करोड़ से लेकर 100 करोड़ के बीच है, उन्हें सीईपीआई द्वारा ई-नीलामी के जरिए बेचा जाएगा या फिर केंद्र सरकार, शत्रु संपत्ति निपटारा कमेटी द्वारा सुझायी गई कीमत पर इन संपत्तियों को बेचेगी। -शेष पृष्ठ दो पर

## अनुच्छेद 370 के बाद कश्मीर में पहला एफडीआई निवेश




**श्रीनगर।** दुबई स्थित बुर्ज खलीफा को बनाने वाली कंपनी एमार जम्मू-कश्मीर में 500 करोड़ रुपए निवेश करेगी। कंपनी ने केंद्र शासित प्रदेश में पहले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वाली परियोजना का रविवार को शिलान्यास किया। इस परियोजना के तहत श्रीनगर के बाहरी हिस्से में एक शॉपिंग मॉल और बहुमंजिले भवन का निर्माण किया जाएगा। केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घाटी में शिलान्यास समारोह के दौरान कहा कि 500 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# महिलाओं से रेप बयान पर राहुल गांधी से पूछताछ



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के कश्मीर में दिए गए बयानों पर पूछताछ के लिए रविवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम उनके पहुंच गई। इस टीम में दिल्ली के स्पेशल कमिश्नर भी थे। राहुल गांधी तो घर पर नहीं मिले, लेकिन दिल्ली पुलिस के इस कदम को लेकर कांग्रेस नेता भड़क गए। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा खुद राहुल गांधी के घर के बाहर पहुंचे और पूछा कि आखिर दिल्ली पुलिस किस नियम के तहत राहुल के घर पहुंची है, जबकि यात्रा को खत्म हुए 45 दिन से ज्यादा हो चुके हैं। उधर राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि आखिर दिल्ली पुलिस की हिम्मत कैसे हो गई कि वे राहुल के घर तक पहुंच गए। पवन खेड़ा यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा कि इस सरकार को लगता है कि वे कभी भी हमारे घरों में पुलिस भेज सकते हैं। भारत जोड़ो यात्रा में हुई जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है, हम उसका जवाब देंगे, लेकिन नियम के तहत। वे महिला से बात करना चाहते हैं...उन्होंने हाथरस, कठुआ में क्या एक्शन लिया? पुलिस के पीछे यह सरकार है और हम सरकार से डरते नहीं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस घटना पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस आखिर राहुल से 45 दिन बाद क्यों पूछताछ करना चाहती है। अगर वे इतना चिंतित हैं, तो फरवरी में उनके पास क्यों नहीं गए। राहुल गांधी की लीगल टीम इस मामले में कानून के तहत काम करेगी। बिना गृह मंत्रालय और बिना ऊपर के निर्देश के यह संभव नहीं कि यह (पुलिस) यहां तक पहुंचे। जब राहुल गांधी ने कह दिया कि उन्हें नोटिस मिला है वे उसका जवाब देंगे इसके बावजूद पुलिस यहां पहुंची है। इनकी हिम्मत कैसे हो गई कि यह यहां तक पहुंच गए। पूरा देश इनकी हरकतों को देख रहा है देश इन्हें माफ नहीं करेगा। आज की हरकत बेहद गंभीर है।

# एसएसबी की पहल पर आयोजित विद्यार्थियों का शैक्षणिक टूर संपन्न




**चिरांग (हि.स.)।** चिरांग जिला के काजलगांव स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 15वीं वाहिनी के द्वारा भूटान से सटे असम के सीमावर्ती क्षेत्रों के 16 स्कूली विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के उदेश्य से गुवाहाटी का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक टूर का आज (रविवार) को काजलगांव स्थित वाहिनी मुख्यालय समापन हुआ। यह भ्रमण गत 16 से 18 मार्च तक आयोजित किया गया था। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को गुवाहाटी के ऐतिहासिक स्थानों का दर्शन कराया गया। समापन समारोह में सिडली क्षेत्र के विधायक जयंत बसुमतारी, 15वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट सरदार सिंह चौहान, उप कमांडेंट नवीन कुमार साह ने सभी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अनुभवों को परिवार एवं मित्रों के साथ साझा करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक भ्रमण की कुछ यादगार फोटो को भी सभी के सामने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। एसएसबी की 15वीं वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। समापन कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को भ्रमण के दौरान महानिरीक्षक के साथ ली गई ग्रुप फोटो प्रदान कर शुभकामनाएं दी गईं।

# तीन शातिर ड्रग्स तस्कर सहित पांच गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा (हि.स.)।** दक्षिण सालमारा-मनकाचार जिला के दक्षिण सालमारा थाना चक्र परिदर्शक ऋतुपर्ण बनिया के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान तीन शातिर ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान अली मोहम्मद तालुकदार, फैजल हक और नूरुद्दीन अहमद के रूप में की गई है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से पुलिस ने ड्रग्स बरामद किया है। वहीं दो मवेशी चोरी मामले में पुलिस ने अनवर हुसैन और मफिज को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने सभी आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# एटीएम से कैश चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**बंगाईगांव (हि.स.)।** जिले के तिगिलघिनी इलाके से स्थानीय लोगों ने राज्य के बाहर के एक व्यक्ति को एटीएम से रुपये लूटने की कोशिश करने के आरोप में पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया है कि अभयापुरी के सिदलसती में बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को लूटने की कोशिश करते बैंक के एक कर्मचारी ने सीसी कैमरा में देखा। उसने तुरंत उस व्यक्ति को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। बाद में स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया कर पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरियाणा निवासी इरफान अली के रूप में की गई। उत्तर सालमारा पुलिस ने रात में चोर को गिरफ्तार कर लिया और जांच जारी रखे हुए है।

# बीटीसी के कार्यकारी पार्षद हासदा ने अग्निकांड का लिया जायजा



**कोकराझाड़ (हि.स.)।** कोकराझाड़ जिला के गोसाईगांव महकमा अंतर्गत हावरियापेट बाजार में आज (रविवार) तड़के लगी आग में 12 दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही सुबह बीटीसी के कार्यकारी पार्षद विल्सन हासदा नुकसान का जायजा लेने के लिए बाजार का दौरा किया। उन्होंने अपनी ओर से प्रभावित 12 दुकानदारों के लिए एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। साथ ही जल्द से जल्द बाजार शेड बनवाने का आश्वासन भी दिया। साथ ही, मार्केट शेड में दुकानों सहित अपने व्यवसायों को पुनर्जीवित करने के लिए बीटीआर प्रशासन की ओर से सभी मदद और समर्थन का आश्वासन दिया। हासदा के साथ गोसाईगांव सर्कल अधिकारी कमल ज्योति बोरा, गोसाईगांव सांगठनिक यूपीपीएल पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिंद्य बसुमतारी, महासचिव अयनाल हक, पार्टी के सदस्य अनवर हुसैन समेत अन्य स्थानीय नेता और सदस्य उपस्थित थे।

# प्रतिबंध के बावजूद ब्रायलर मुर्गी ले जा रहे आठ वैन जब्त

**धुबड़ी (हि.स.)।** धुबड़ी जिला के गोलकगंज में रोक के बावजूद दूसरे राज्यों से लायी गई ब्रॉयलर मुर्गी ले जा रहे आठ पिक अप वैन को जब्त किया गया है। गोलकगंज पुलिस ने आज (रविवार) तड़के छापा मारा और राज्य के बाहर से ब्रॉयलर मुर्गी लेकर आ रहे पिकअप वैन को जब्त किया। पुलिस ने असम सरकार के पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग के आदेशों का उल्लंघन करते हुए असम में प्रवेश करने पर वाहनों को जब्त कर लिया। राज्य के बाहर से ब्रॉयलर मुर्गी में घातक वायरस के प्रकोप को देखते हुए राज्य में बाहर से ब्रॉयलर मुर्गी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकारी आदेशों की अनदेखी करते हुए कुछ अवैध कारोबारी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर रात में ट्रक द्वारा राज्य के बाहर से अवैध रूप से ब्रायलर मुर्गी का आयात करते हैं। इसी कड़ी में आज तड़के आठ पिक-अप वैन (एएस-01एचसी-3965, एएस-16एसी-3411, एएस-01पीसी-4486, एएस-25डीसी-4377, एएस-15सी-9504, एएस-15एसी-2757, एएस-01पी-2676 और बिना नंबर का टाटा डीआई) को उस समय जब्त कर लिया गया था जब वे ब्रॉयलर मुर्गी लेकर पश्चिम बंगाल से असम में प्रवेश कर रहे थे। सूत्रों ने बताया है कि सभी वाहन आज तड़के बाहरी राज्य से ब्रॉयलर मुर्गी लेकर असम के छगलिया राष्ट्रीय राजमार्ग और आगमनी पुलिस स्टेशन से सिर्फ सौ मीटर की दूरी पर अंदरुनी जीके रोड से होते हुए असम में प्रवेश किया और गौरीपुर की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें जब्त कर लिया गया। सूत्रों का कहना है कि बीती रात असम में लगभग 50 ट्रक घुसे थे, जबकि गोलकगंज पुलिस ने छापा मारकर सिर्फ आठ ब्रायलर मुर्गी ले जा रहे वाहनों को जब्त किया है। गौरतलब है कि धुबड़ी जिला अधिकारी ने असम-पश्चिम बंगाल सीमा पर भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता अधिनियम की धारा 144 लागू की है। आदेश में शाम छह बजे से सुबह 5 बजे तक सीमा के 500 मीटर के दायरे में लोगों की आवाजाही पर रोक है। आदेश में यह भी कहा गया है कि कोई भी वाहन कराधान वाहनों या आंतरिक मार्गों के माध्यम से असम में प्रवेश नहीं कर सकता है। बावजूद यह रहस्य बना हुआ है कि सीमा के अंदरूनी रास्ते से प्रतिदिन रात को सैकड़ों ब्रायलर मुर्गी लेकर वाहन असम में कैसे प्रवेश कर रहे हैं।

## पृष्ठ एक का शेष

### *कट्टरपंथियों को लेकर ...*

तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थी। अब इस प्रतिबंध को सोमवार दोपहर 12 बजे तक बढ़ा दिया गय है। पंजाब सरकार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जनता के हित में पंजाब के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और वॉयस कॉल को छोड़कर मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं 20 मार्च दोपहर 12 बजे तक निलंबित की गई हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक .315 बोर की राइफल, सात 12 बोर की राइफल, एक रिवाल्वर और विभिन्न कैलिबर के 373 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने संगठन से जुड़े कई अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस बीच, पूरे पंजाब में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में अमृतपाल के पिता ने दावा किया है कि उनके बेटे को पुलिस ने रात को ही गिरफ्तार कर लिया था। अमृतसर, फाजिल्का, मोगा, बठिंडा और मुक्तसर समेत कई जिलों में धारा 144 लागू करने के साथ ही भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से लगती पंजाब की सीमा को सील कर दिया गया है। वहीं, अमृतपाल पर कार्रवाई की खबरों के बाद उसके समर्थकों ने आनंदपुर साहिब में ऊना-चंडीगढ़ मार्ग, बरनाला-फरीदकोट हाईवे और मोहाली में एयरपोर्ट रोड पर जाम लगा दिया। अमृतपाल के पैतृक स्थान अमृतसर के गांव जल्लूपुर खेड़ा के पास सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गई है। पुलिस ने देर रात बताया कि अमृतसर के अजनाला थाने पर हुए हमले के संबंध में 24 फरवरी को वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल और उसके साथियों के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। शनिवार दोपहर पुलिस ने जालंधर की शाहकोट-मलसियां रोड पर ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने मौके से संस्था के सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अमृतपाल सिंह मौके से अपने कुछ साथियों के साथ फरार हो गया। उसके पीछे पुलिस की करीब 60 गाड़ियां लगी। पुलिस को पीछे देखकर उसका ड्राइवर गाड़ी लिंक रोड की तरफ मोड़कर भगा ले गया। जालंधर और मोगा पुलिस उसके पीछे लग गई। कई किलोमीटर पीछा करने के बाद भी पुलिस उसे दबोच नहीं पाई। अमृतपाल का कार में बैठकर भागते हुए का एक वीडियो भी सामने आया। कार में उनके एक सहयोगी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि पुलिसकर्मी *भाई साब* (अमृतपाल) के पीछे थे।

### *कृष्णांगी मिस क्वीन ...*

के साथ काम कर रही है। कृष्णांगी का लक्ष्य दुनिया में और अधिक वित्तीय जागरूकता लाना है, क्योंकि उनका मानना है कि यह वास्तविक जीवन कौशल ला सकता है जो लोगों को बेहतर जीवन और निवेश के फैसले लेने में मदद कर सकता है, जिससे हर किसी को जीवन में किसी भी सपने को देखने और पालने की स्वतंत्रता मिलती है। इस तरह के शानदार अवसर पर अत्यधिक उत्साह और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, कृष्णांगी ने बताया कि यह एक सपने के सच होने जैसा है। मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि मुझे *मिस क्वीन ऑफ द वर्ल्ड* का ताज पहनाया गया है। मैं बयां नहीं कर सकती कि इतना प्रतिष्ठित खिताब जीतकर मैं कितना खुश और रोमांचित हूं। मैं अपने माता-पिता, गुरुओं और हर एक को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया और मेरे साथ खड़े रहे। कृष्णांगी गौरी श्रेणी में एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने वाली असम की पहली असमिया लड़की हैं। टीम इंडिया का नेतृत्व राष्ट्रीय निदेशक उर्मिमाला बरुआ ने किया, जो असमी भी हैं। इस ऐतिहासिक जीत के साथ, कृष्णांगी समावेशी और विविधता की अवधारणा के साथ पेजेंट उद्योग में एक क्रांति लाने के लिए तत्पर हैं।

### *राष्ट्रीय स्मारकों को ...*

प्रतिष्ठित युद्ध स्मारक, देश के युद्ध नायकों की वीरता को एक अच्छी श्रद्धांजलि है। हम हमेशा उनके सर्वोच्च बलिदान और समर्पण के ऋणी हैं, जिससे हमने अपना गौरव अर्जित किया। उन्होंने आगे कहा कि वह स्मारक का दौर करने के बाद अभिभूत हैं। राष्ट्रीय पुलिस स्मारक के बारे में उन्होंने कहा कि यह बहादुर पुलिस कर्मियों को समर्पित है। उनकी वीरता के प्रति हम कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। आज माननीय राज्यपाल और कैबिनेट सहयोगियों के साथ खाकी में हमारे बहादुर पुरुषों और महिलाओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें भव्य राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका मिला, जिसमें काले ग्रेनाइट के तीस फुट ऊंचे सिंगल ब्लॉक के साथ भव्य सेनोटाफ, राष्ट्रीय संग्रहालय और 35134 (पुलिस) शहीदों के नामों के साथ वीरता की दीवार शामिल है। उन्होंने कहा कि यह मंत्रमुग्ध करने देने वाला है। प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा करने के बाद शर्मा ने कहा कि यह 1947 से देश के सभी प्रधानमंत्रियों की विरासत और उपलब्धियों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित संग्रहालय भारत के ऐतिहासिक विकास को अच्छी तरह से समाहित करता है। यह एक प्रेरणादायक जगह है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का 2019 में उद्घाटन किया गया था। इसे देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को सम्मानित करने के लिए बनाया गया है। यह नई दिल्ली के प्रतिष्ठित इंडिया गेट पर स्थित है। वहीं, चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक को देश के केंद्रीय और राज्य पुलिस कर्मियों की याद में बनाया गया है। प्रधानमंत्री संग्रहालय देश के सभी प्रधानमंत्रियों को समर्पित एक इमारत है। तीन मूर्ति भवन परिसर में स्थित इस संग्रहालय में राष्ट्र निर्माण में सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को दर्शाया गया है।

### *जरूरत से ज्यादा ...*

वह राहुल गांधी के साथ है या पीड़ित महिला के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि राहुल जितना बोलते हैं, ट्विटर से लेकर फेसबुक, टीवी और भाषणों में, इतनी बात शायद इंदिरा गांधी के शासनकाल में किसी विरोधी को बोलने का अधिकार नहीं था। राहुल अगर देश के खिलाफ बोलते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। डॉ शर्मा ने कहा कि राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के नाम पर पिकनिक के रूप में आयोजन किया, किसी ने मना किया क्या। उनके मन में जो भी आता वे बोलते हैं। उनकी आवाज, उनकी भाषा, उनकी स्पीच पर किसने कब दबाव डाला है यह उन्हें बताना चाहिए। प्रॉब्लम सिर्फ इतना है कि वह जरूरत से ज्यादा बोलते हैं। हिंदुत्व के मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि हमें कोई हिंदुत्व का माहौल नहीं बनाना है। मुसलमान युवकों को डॉक्टर और इंजीनियर बनना है बनें, कौन रोक रहा। मुसलमान की बेटी 11 साल में बच्चे को जन्म न दे, चाइल्ड मैरिज न हो। इसमें कहां हिंदुत्व का एजेंडा है। उन्होंने साफ किया कि हिंदुत्व का एजेंडा होने से तो मैं यह कहता कि आप लोग स्कूल-कॉलेज में मत जाइए, सिर्फ मदरसा में जाइए। पंजाब से चार खालिस्तानी समर्थक अलगाववादियों को असम के डिब्रूगढ़ जेल में भेजे जाने के सवाल पर डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि देश की सभी सिक्योरिटी एजेंसी को-ऑपरेशन के तहत काम करती हैं। इसके बारे में मुझे कुछ जानकारी नहीं है। असम हो, बंगाल हो, पंजाब हो हम लोग सिक्योरिटी के अंदर काम करते हैं। इस पर मैं कोई टिप्पणी नहीं देना चाहूंगा। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं आज अपने राज्यपाल और सारे मंत्रियों और अफसरों के साथ नेशनल वॉर मेमोरियल गया था। वहां पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। डॉ शर्मा ने पुलिस मेमोरियल पहुंचकर असम और देश के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री म्यूजियम भी देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री म्यूजियम एकदम नॉन पॉलिटिकल चीज है।

### *आईएसआई की मदद...*

बताया कि अमृतपाल आईएसआई के संपर्क में था। पुलिस को अब तक जांच में ऐसे कई सबूत मिले हैं, जिससे यह साफ होता है कि अमृतपाल ने पंजाब में युवाओं को गुमराह करके अपने साथ जोड़ना शुरू कर दिया था। उसके घर और साथियों से बरामद हथियारों पर एकेएफ लिखा मिला है। इस कोड वर्ड के आधार पर जब पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ की गई, तो पता चला कि अमृतपाल ने अपनी फौज को आनंदपुर खालसा फोर्स का नाम दिया था। अमृतसर रूरल के एसएसपी सतिंदर सिंह ने कहा कि अमृतपाल के एक करीबी से 100 से ज्यादा अवैध कारतूस मिले हैं। उसने पूछताछ में कबूला है कि अमृतपाल ने उसे ये कारतूस दिलाए थे। इसी आधार पर रविवार को पुलिस ने अमृतपाल व उसके सात साथियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत नया मामला दर्ज कर लिया है। जालंधर के मैहतपुर से पकड़े गए अमृतपाल के 7 साथियों में गुरलाल सिंह, सवरीत सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, गुरवीर सिंह और अजयपाल सिंह हैं। पुलिस को इनके पास 12 बोर की 6 राइफल और 193 कारतूस मिले थे। ये सभी अवैध हथियार हैं। इनका कोई लाइसेंस नहीं है। एसपी अमृतसर ग्रामीण जुगराज सिंह ने कहा कि अजनाला प्राथमिकी में गिरफ्तार सात लोगों को 23 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने राज्यव्यापी ऑपरेशन के बीच अमृतपाल को भगोड़ा घोषित कर दिया है और उसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही हैं। इस बीच अमृतपाल के मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि अमृतपाल पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत केस दर्ज किया जा सकता है। अमृतपाल के पैतृक गांव जल्लुपुर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विरोध और हिंसा से बचने के लिए कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। पंजाब के कई हिस्सों में 20 मार्च को दोपहर 12 बजे तक इंटरनेट सेवाएं भी सस्पेंड कर दी गई हैं।

### *कर्नाटक से अयोध्या...*

की। अगर आपको इस शिला के बारे में बताएं तो इसको नेल्लिकारू पत्थर के रूप में जाना जाता है। इसमें कई तरह के गुण होते हैं। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा कि इस शिला का उपयोग मूर्ति बनाने में किया जा रहा हो। इससे पहले भी इस पत्थर से कई तीर्थ स्थानों की मूर्तियों का निर्माण किया गया है। नेपाल में जैसे काली नदी से शालिग्राम शिला को निकाला गया था उसी तरह इस पवित्र शिला को तुंगभद्रा नहीं के किनारे एक छोटी से पहाड़ी से निकाला गया है। एक दिन पहले अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के गर्भ गृह का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था। कई नेताओं ने उस वीडियो को पोस्ट किया था। वीडियो में बहुत ही बारीक कारीगरी से काम हो रहा था। बहुत सारे सेवक काम कर रहे थे। मंदिर का गर्भगृह बनकर तैयार हो गया था। लोग उस वीडियो को देखकर भावुक भी हुए। बहुत सारे कमेंट में लोगों ने लिखा कि दशकों तक प्रभु श्रीराम को त्रिपाल की छांव में रहना पड़ा। अब जाकर प्रभु को छत मिली है।

### *भाजपा की ताकत ...*

पास कोई आईडियोलॉजी नहीं है। वे परिवार से अधिक सोच नहीं पाते लेकिन हम सिद्धांतों वाली पार्टी हैं, इसलिए हमें सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम करते हुए आगे बढ़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने विश्व में भारत का जो नाम किया है उस यश को और भी अधिक बढ़ाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा वर्तमान में हरियाणा में जिस तरीके से काम कर रही है, उस हिसाब से जल्द ही पार्टी वर्तमान के मुकाबले आने वाले समय में चार गुणा अधिक और अधिक बढ़ेगी। नड्डा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं को पढ़कर सभी कार्यकर्ता याद रखें और जनता के बीच जाकर इस संबंध में बात करें। लोगों को बताएं कि प्रधानमंत्री मोदी क नेतृत्व में देश दुनिया में कितना आगे बढ़ा है। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र सरकार की अनेक गरीब कल्याण की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत रंग ला रही है। इससे पहले हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बताया कि प्रदेश में अब तक पार्टी पन्ना प्रमुख तक का कितना काम संपन्न कर चुकी है। इस पर जेपी नड्डा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को साधुवाद देत हुए कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को लगातार मेहनत करते रहना है और पार्टी को वर्तमान के मुकाबले और चार गुणा अधिक बढ़ाना है।

### *सरकार ने शुरू की ...*

ई-नीलामी प्लेटफॉर्म मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा शत्रु संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। अभी चल संपत्तियों की नीलामी से सरकार को करीब 3400 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई होने की उम्मीद है। सरकार ने देश में अभी तक कुल 12611 अचल शत्रु संपत्तियों की पहचान की है। सरकार ने इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर सर्वे किया था। ये शत्रु संपत्तियां देश के 20 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में फैली हुई हैं। इनमें से 12,485 संपत्तियां पाकिस्तान जा चुके लोगों की हैं। वहीं 126 संपत्तियों चीन की नागरिकता ले चुके लोगों की हैं। सबसे ज्यादा शत्रु संपत्तियां उत्तर प्रदेश (6,255 संपत्तियां) पश्चिम बंगाल (4088 संपत्तियां), दिल्ली (659 संपत्तियां), गोवा (295 संपत्तियां), महाराष्ट्र (208), तेलंगाना (158), गुजरात (151), बिहार (94), मध्य प्रदेश (94), छत्तीसगढ़ (78) और हरियाणा (71) संपत्तियां शामिल हैं। केरल में भी 71 शत्रु संपत्तियां हैं। वहीं उत्तराखंड (69), तमिलनाडु (67), मेघालय (57), असम में (29), कर्नाटक में (24), राजस्थान में (22), झारखंड में (10) दमन और दीव में (चार) और आंध्र प्रदेश और अंडमान निकोबार में एक-एक शत्रु संपत्तियां हैं।

### *अनुच्छेद 370 के ...*

में 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार देने की क्षमता है। केंद्र ने 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली एफडीआई परियोजना है। एमार समूह के सीईओ अमित जैन, बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय और अभिनेत्री नीतू चंद्रा शिलान्यास समारोह में उपस्थित थे। सिन्हा ने एमार समूह से परियोजना को तीन साल की समयसीमा से पहले पूरा करने का आग्रह किया। सिन्हा ने कहा कि यदि संसद परिसर का काम 1.5 साल के भीतर पूरा किया जा सकता है, तो हम निश्चित रूप से इसके तय समय से पहले पूरा होने की उम्मीद कर सकते हैं। जैन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में उनकी कंपनी के निवेश का गहरा असर होगा। उन्होंने कहा कि हर एक रुपए के निवेश के साथ नौ रुपए का और निवेश होगा। इस तरह 500 करोड़ रुपए का निवेश आगे चलकर 5,000 करोड़ रुपए के निवेश में बदल जाएगा।


### *40 हजार टन गेहूं ...*

महीने की शुरुआत में पाकिस्तान को 50 हजार टन गेहूं की आपूर्ति की थी। पाकिस्तान में खाने की कमी को लेकर लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, कई लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। रूस ने मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इतनी बड़ी राहत दी थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मास्को नौ मालवाहक जहाजों के माध्यम से पाकिस्तान को 450,000 टन गेहूं की आपूर्ति करने की योजना बना रहा है। द न्यूज अखबार के मुताबिक, गबन में कथित संलिप्तता के लिए जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उनमें 49 खाद्य पर्यवेक्षक और 18 खाद्य निरीक्षक शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि दादू, लरकाना, शहीद बेनजीराबाद, कंबर-शाहदादकोट, जैकोबाबाद, खैरपुर, सुक्कुर, घोटकी, संगर और मीरपुरखास जिलों में स्थित गोदामों से गेहूं की चोरी की गई थी। द डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस से गेहूं की आपूर्ति 31 मार्च तक पूरी हो जाएगी।

### *राहुल विपक्ष का ...*

किसी कार्यक्रम में टीएमसी के नेताओं ने हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस समेत कई अन्य विपक्षी दलों द्वारा ईडी ऑफिस का घेराव किया, लेकिन टीएमसी ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। इससे पहले दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर ईडी की कार्रवाई को लेकर 8 विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था, इसमें भी टीएमसी ने लेटर पर साइन नहीं किए थे। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी से मुलाकात की और साथ चुनाव लड़ने का एलान किया। हालांकि, इस पर टीएमसी की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। अखिलेश यादव ने कहा कि क्षेत्रीय दलों के सहयोग से ही अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया जा सकता है। माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी को अपना समर्थन दे सकती है और टीएमसी उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को समर्थन दे सकती है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**(संत)**

**सन्त भेष सुख शान्तिमय, करनी कठिन कठोर।**
**दुर्लभ जीवन जगत में, शब्द घटा घनघोर॥ 33॥**

**शब्दार्थ :** (करनी) कर्त्तव्य (कठोर) क्लिष्ट (शब्द) परब्रह्म (घटा) बादल का उमड़ना (घन) बादल (सन्त भेष) संतमत।

**भाष्य :** संतमत सुख-शांतिमय है, परंतु अंतर गति में दृढ़ होने अत्यंत कठिन है। शब्दरूपी घोर बादल उमड़ कर बरसता है, जिससे भीगकर संत शांत और प्रफुल्ल हो आनंदित होते हैं। जगत में यह जीवन दुर्लभ है।

**शील साच सन्तोष का, भष सन्त जन धार।**
**क्षमा दया धीरज भरे, झूठ कपट छल न्यार॥ 34॥**

**शब्दार्थ :** (भेष) चिह्न, वंश

**भाष्य :** संतजन शील एवं सत्य-संतोष का वेष धारण करते हैं और झूट एवं छल-कपट से अलग हो, दया, क्षमा तथा धैर्य से पूर्ण रहते हैं।



# सिलचर से अपहृत युवती मेघालय में बचाई गई



**कछार ( हि.स. )।** कछार जिले के मुख्यालय सिलचर से अपहृत युवती को मेघालय में रेस्क्यू कर लिया गया है। शनिवार रात मेघालय के उमकियांग में एक बस से अपहृत लड़की को ले जा रहे अपहरणर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया गया। कछार पुलिस के सूत्रों ने रविवार को बताया कि मूल रूप से सिलचर थाना अंतर्गत दक्षिण कृष्णापुर की रहने वाली लड़की प्रियंका शुक्लबैद्य को अपहरणकर्ता बस से गुवाहाटी ले जा रही था। पुलिस ने उमकियांग में अपहृत लड़की प्रियंका का रेस्क्यू कर लिया और उसके साथ अपहरणर्ता सोनाई निवीसी सुजैन लश्कर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई लड़की के परिजनों की प्राथमिकी के आधार पर की थी। पुलिस सिलचर थाने में आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## केएलओ (केएन) ने धन उगाही के लिए भेजा एसएमएस

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** उग्रवादी संगठन कामतापुर लिबरेशन आर्मी (केएलओ) से अलग हुए धड़े के नए संगठन केएलओ (केएन) ने बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) इलाके में धन उगाही के लिए कुछ व्यापारियों को एसएमएस भेजा है। प्रतिबंधित संगठन उल्फा (स्वाधीन) ऊपरी असम में पहले ही धड़ल्ले से धन उगाही कर रहा है। अब निचले असम के बीटीआर इलाके में केएलओ (केएन) ने ऐसा शुरू किया है। कहा जा रहा है कि कोकराझाड़ जिलांतर्गत गोसाईगांव के गुरुफेला के साथ कचुगांव और आसपास के क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक लघु व्यवसायियों को एसएमएस भेजकर 5-5 लाख रुपये 10 दिन के अंदर मांगे गए हैं। इन व्यापारियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी है। यह एसएमएस बांग्लादेश से मोबाइल नंबर 8801877402663 के जरिए भेजे गए हैं। घबराए कारोबारियों ने गुरुफेला थाने को सूचना देकर सुरक्षा की गुहार लौटाई है।

# पूसीरे की रेसुब ने किया चार दिन में 14 का उद्धार




**गुवाहाटी ( विभास )।** पूसीरे की रेलवे सुरक्षा बल ने 14 से 17 मार्च, 2023 तक पूसीरे पर चलाए गए विभिन्न अभियान और जांच में विभिन्न स्टेशनों/ट्रेनों से नाबालिगों सहित 14 व्यक्तियों को सफलतापूर्वक उद्धार किया। बाद में, उद्धार व्यक्तियों को उनके सुरक्षित अभिरक्षा और आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित चाइल्डलाइन/एनजीओ/माता-पिता को सौंप दिया गया। पूसीरे की रेसुब ने उन गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान कर अपने कर्तव्य के दौरान मानवता भी दिखाई, जो ट्रेन में यात्रा या रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षा के दौरान प्रसव पीड़ा का अनुभव कर रही थी। 14 मार्च, 2023 को एक घटना में, एक महिला यात्री ट्रेन संख्या 15078 अप (गोमती नगर- कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस) में प्रसव पीड़ा से परेशान थी। रेसुबसुरक्षा नियंत्रण, कटिहार से प्राप्त सूचना पर महिला सुरक्षा कर्मी के साथ रेसुब/किशनगंज के अन्य कर्मचारी किशनगंज रेलवे स्टेशन पर उक्त महिला यात्री के पास गए। इसके बाद, पीड़िता को आवश्यक चिकित्सीय देखभाल/उपचार के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल/किशनगंज भेजा गया। महिला यात्री ने डॉक्टर की मदद से प्रसव बाद एक बच्ची को जन्म दिया। नवजात शिशु और मां दोनों स्वस्थ थे। 15 मार्च, 2023 को इसी तरह की घटना में, महिला कांस्टेबल सहित न्यू अलीपुरद्वार की रेसुब टीम ने न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान देखा कि एक गर्भवती महिला ने प्लेटफॉर्म संख्या एक में एक शिशु को जन्म दिया है। स्टेशन पर तत्काल रेलवे चिकित्सक और अन्य रेलवे कर्मचारियों द्वारा नवजात बच्चे को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में, बेहतर चिकित्सीय उपचार के लिए उक्त महिला और उसके नवजात बच्चे को सिविल अस्पताल, अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल) में भर्ती कराया गया। दूसरी ओर, गुवाहाटी की रेसुब ने 17 मार्च, 2023 को भागे एक नाबालिग लड़के को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से उद्धार किया। बाद में, आगे की आवश्यक कार्रवाई और सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उद्धार लड़के को रेलवे चाइल्ड लाइन, गुवाहाटी को सौंप दिया गया। उसी दिन पुन : डिमापुर रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान डिमापुर की रेसुब ने फरार एक नाबालिग लड़की को उद्धार किया। बाद में, उद्धार नाबालिग लड़की को उचित पहचान के बाद उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। इसके अलावा, पूसीरे की रेसुब ने 14 से 16 मार्च, 2023 तक लामडिंग, रंगिया, गुवाहाटी और कटिहार रेलवे स्टेशनों पर चलाए गए विभिन्न अभियान में एक लापता लड़की और भागे हुए 11 नाबालिगों सहित 12 व्यक्तियों को उद्धार किया। आवश्यक कार्रवाई और सुरक्षित अभिरक्षा के लिए उद्धार व्यक्तियों को संबंधित स्थानों के जीआरपी, रेलवे चाइल्ड लाइन या चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन को सौंप दिया गया। मानव तस्करी में शामिल संदिग्ध व्यक्तियों के साथ-साथ बगैर उचित अभिभावक के, अकेले यात्रा करने और संदिग्ध तरीके से बच्चों की आवाजाही आदि की जांच के लिए रेसुब ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टियों और स्टेशनों पर तैनात कर्मचारियों को चौकस रहने के लिए सतर्क और संवेदनशील किया गया है।

# हावरीयापेट बाजार में लगी आग, 12 दुकानें जलकर राख



**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझाड़ जिला के गोसाईगांव महकमा अंतर्गत हावरीयापेट बाजार में आज तड़के करीब 4 बजे भीषण आग लग गई। जिसके चलते इलाके में अपरा-तफरी मच गई। भीषण आग में हावरीयापेट बाजार के 12 दुकानें जलकर पूरी तरह से भस्मीभूत हो गईं। हादसे की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी और उक्त घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस और दमकल के वाहन पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया। समय पर आग को बुझाए जाने से आसपास की दुकानों को बचा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग में करीब 5ह लाख रुपये के नुकसान की आशंका जतायी गई है। इस मामले में सापकाटा थाना के आईसी शिवप्रसाद कलिता ने इस मामले में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उक्त घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय बीटीसी के पार्षद सजल कुमार सिंह जायजा लेने के लिए घटनास्थल पर उपस्थित होकर घटना की पूरी जानकारी ली और हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए क्षतिग्रस्त दुकानदारों को हर संभव आर्थिक सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

## रवींद्र सरकार और मृदुला दास गुप्ता को साहित्यिक पुरस्कार

**गुवाहाटी।** द प्रेस्टिजियस रामनाथ भट्टाचार्य फाउंडेशन ने लिटेरैरी अवार्ड-2022 में पदभनाथ विद्याविनोद और रामनाथ विश्वास की स्मृति में प्रख्यात असमिया कवि रवींद्र सरकार और बंगला कवि मृदुला दासगुप्ता को दिया जाएगा। यह जानकारी रमानाथ भट्टाचार्य फाउंडेशन ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अवार्ड में दोनों कवियों को 75 हजार रुपए नगद, एक स्मृति चिन्ह और मुगा का एक विशेष रूप से डिजाइन किया स्कार्फ दिए जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 26 मार्च को विवेकानंद केंद्र में होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शंख सुझारा देवबर्मन एक सुसज्जित और सूचनापर स्मारिका का विमोचन करेंगे।

# अंक नहीं, कौशल ही भविष्य में शिक्षा की प्रेरक शक्ति होगी : परेश वैश्य




**रंगिया ( निसं )।** धीरे-धीरे शिक्षा की दुनिया से अंक-केंद्रित अवधारणा दूर हो जाएगी। अब अंक नहीं, कौशल भविष्य में शिक्षा की प्रेरक शक्ति होंगे। छात्र रोजगार की तलाश करेंगे तो कौशल गुण की प्रधानता होगी। कौशल के बिना केवल अच्छे अंकों की मार्कशीट से नौकरी के अवसर कम हो जाएंगे। शनिवार को मिर्जा स्थित विजडम पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विशिष्ट शिक्षाविद तथा साहित्यिक पत्रकार परेश बैश्य ने अपने भाषण में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ निजी स्कूल अब विज्ञापनों पर चल रहे हैं, परंतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में ऐसे स्कूल सरकारी स्कूलों से पिछड़ रहे हैं। यदि माता-पिता विद्यालयों के चयन में सावधानी नहीं रखेंगे तो उनके बच्चे उचित शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने विजडम पब्लिक स्कूल के बुनियादी ढांचे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। स्कूल के अधिकारियों ने शिक्षक परेश बैश्य का फूलाम गामोछा, जापी और फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया। समारोह में बोलते हुए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने कहा कि स्कूल चरणबद्ध तरीके से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक उपाय करता रहेगा। उन्होंने माता-पिता से आलोचना के बजाय रचनात्मक सुझाव और सलाह देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुराधा दास घोष, उप प्राचार्य रजत जैन, छात्र-छात्राएं व अभिभावक व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# कांटाबाड़ी में जलसा कार्यक्रम का समापन



**गुवाहाटी।** कांटाबाड़ी में जलसा कार्यक्रम संपन्न हो गई। जिसकी जानकारी समिति के ओर से मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है। खानकाह कादरिया मुजादादिया तेगिया द्वारा कांटाबारी दातलपारा मिलन नगर पथ गुवाहाटी में मनाई गई। इस जलसे को पीर ए तरिकत सुफी शाह मोहम्मद नजमुल्लाह साहब की सौजन्य से आयोजित किया गया था। यह 11 ग्यारहवां जलसा मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप पीर मोहम्मद नजमुल्लाह उलुबाड़ी माजार के खादीम शैयद अब्दुल करीम साहब. गुवाहाटी के शायर अशहर गौहाटवी. जेनरल सचिव लाल मोहम्मद, संयुक्त सचिव मो. मैनुल हक, कोषाध्यक्ष मो: बैतुल्ला अंसारी सलाहकार मो मुस्तफा अली व समाज सेवी मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी शामिल हुए। इसके अलावा जलसे की रहनुमाई व तकरिर करने के लिए मुख्य रूप से मौलाना व मुफ्ती मुकिबुर रहमान अजहरी व मुफ्ती अफताब रस्क मिसवाही तथा शुफी शमिमुल कादरी नेवरा शरिफ बिहार से तसरिफ लाए थे। आगे मोहम्मद सैमुदीन मंसूरी ने बताया कि जलसा सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक चला। जिसमें आठ बजे से दस बजे तक कुरान खानी व सुबह दस बजे से कुरान ए तिलावत व तकरिरें हुई तथा तीन बजे शाम को जलसा सम्पन्न हुआ. ! तथा देश व दुनियां में अमन-चैन के लिए दुआएं की गई। दुआओं के बाद तमाम अवाम के लिए दुआएं मांगी गई तथा सिरनी के रूप में पुलाव तकसिम की गई। जलसे में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए खास इन्तजाम किया गया था। समिति के ओर पीर मोहम्मद नजमुल्लाह साहब ने एक मदरसा व पुस्तकालय की नई आधारशिला रखी तथा देश व दुनियां में शांति बनी रहे इसके लिए दुआएं की गई। इस जलसे में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए व तकरीरें सुनी।

# सीआरपीएफ की 129वीं बटा ने मनाया 84वां दिवस



**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** कोकराझाड़ स्थित सीआरपीएफ की 129वीं बटालियन मुख्यालय में आज (रविवार) को 84वां सीआरपीएफ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई उसके पश्चात् वाहिनी क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों एवं उनके परिजनों को सीआरपीएफ दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सिंह ने बताया कि सीआरपीएफ की स्थापना क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के रूप में 27 जुलाई, 1939 को नीमच (मध्य प्रदेश) में की गई थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत 28 दिसंबर, 1949 को सीआरपीएफ अधिनियम के लागू होने पर इस बल का नाम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल किया गया। साथ ही 19 मार्च, 1950 को भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सीआरपीएफ को ध्वज प्रदान किया था। अपने गठन से लेकर आज तक सीआरपीएफ भारत की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते आ रहा है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि मात्र 01 बटालियन से गठन होने के उपरांत आज यह बल 247 बटालियन के साथ विश्व का सबसे बड़ा सशस्त्र पुलिस बल है। उन्होंने बताया कि बल में 15 रैपिड फोर्स, 10 कोबरा बटालियन, 06 महिला बटालियन, 01 पीडीजी एवं 01 एसडीजी बटालियन सम्मलित है। यह बल भारत के दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में भी अपनी ड्यूटियों का निवर्हन बड़ी ही तत्परता एवं निष्ठा के साथ कर रहा हैं। आज यह बल न सिर्फ भारत की आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आतंकवाद, नक्सलवाद तथा उग्रवाद से ग्रसित अतिसंवेदनशील इलाकों में तैनात है, अपितु समय-समय पर चुनाव ड्यूटी, कानून व्यवस्था बनाए रखने, प्रत्येक राज्य में मांग के अनुसार आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी, वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी, भारतीय संसद सुरक्षा ड्यूटी, आदि का निवर्हन भी कर रहा है। उन्होंने बल के द्वारा किये गए विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बटालियन में खेल प्रतियोगिताओं का अयोजन, पुरस्कार वितरण आदि का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उप कमाण्डेंट रवि मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनिल कुमार धाकड़, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य बहादुर जवान उपस्थित थे।

## रंगिया के उदियाना में कराटे प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**रंगिया ( निसं )।** उदियाना कराटे एंड फिटनेस एकाडमी के सौजन्य से तथा रंगिया जिला कराटे संस्था के सहयोग से रविवार को रंगिया के उदियाना बालक प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्धघाटन असम राज्य कराटे संस्था के सहायक सचिव तथा रंगिया कराटे संस्था के सचिव सैय्यद माजहारुल इस्लाम ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांवों में कराटे और अन्य सभी खेलों को प्राथमिकता देनी चाहिए और गांवों के प्रतिभा ने खेल जगत को रोशन कर रखा है। कार्यक्रम में स्थानीय और हेमदोल के आकाश कराटे अकादमी के बच्चों ने भाग लेते हुए अपने कराटे प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। उद्घाटन बैठक आरिमतो गांव पंचायत के अध्यक्ष रिजू अहमद की अध्यक्षता में हुई।

# अपोलो हॉस्पिटल्स की एट्रियल फिब्रिलेशन के साथ नई इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं की पेशकश




**गुवाहाटी।** अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई क्रायो बैलून एब्लेशन तकनीक लेकर आया है, जो एट्रियल फाइब्रिलेशन नामक एक जटिल और सामान्य कार्डियक रिदम डिसऑर्डर का समाधान पेश करती है। चेन्नई में एक 64 वर्षीय महिला का पहला क्रायो बैलून एब्लेशन किया गया। अपोलो मेन हॉस्पिटल्स के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट डॉ. ए.एम.कार्तिगेसन ने नई क्रायो बैलून एब्लेशन तकनीक का उपयोग करते हुए अलिंद फिब्रिलेशन वाले पंद्रह रोगियों पर न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाएं की हैं। आलिंद फिब्रिलेशन, जिसे एएफ के रूप में भी जाना जाता है, एक अनियमित हृदय ताल है जो हृदय के ऊपरी कक्षों को प्रभावित करता है। एएफ में, एट्रियम सामान्य रूप से धड़कने के बजाय कांपता है। एएफ तेजी से दिल की लय भी पैदा कर सकती है, जहां दिल एक मिनट में 300 बार या उससे अधिक और निचले कक्षों (निलय) में 150 गुना या उससे अधिक तक धड़क सकता है। एएफ वाले लोगों में स्ट्रोक का पांच गुना अधिक जोखिम होता है और सामान्य हृदय ताल वाले लोगों की तुलना में दिल की विफलता का दो गुना अधिक जोखिम होता है। एट्रियल फिब्रिलेशन (एएफ) एक सामान्य हृदय ताल विकार है जो 90 लाख से अधिक भारतीयों को प्रभावित करता है, जिससे स्ट्रोक, दिल की विफलता और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। एएफ में, विद्युत आवेग (जो हृदय ताल को निर्देशित करते हैं) तेज और अराजक होते हैं, जिससे अनियमित दिल की धड़कन होती है और रक्त पंप करने में यह कम प्रभावी हो जाता है। क्रायोबैलून एब्लेशन टेक्नोलॉजी के कार्यों के बारे में बताते हुए, अपोलो मेन हॉस्पिटल्स, चेन्नई के एक वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजिस्ट और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट, डॉ. ए एम कार्तिगेसन ने कहा कि एएफ के लिए क्रायो बैलून एब्लेशन एक नई इंटरवेंशनल प्रक्रिया है जो हृदय की लय को नियंत्रित करने के लिए फुफ्फुसीय शिराओं से अटरिया तक जाने वाले असामान्य विद्युत संकेतों द्वारा नियोजित की जाती है। एक इन्फ्लेटेबल गुब्बारा जो ऊतक से गर्मी को दूर करने के लिए ठंडी ऊर्जा का उपयोग करता है और फुफ्फुसीय नसों के चारों ओर निशान ऊतक (जिसे घाव के रूप में भी जाना जाता है) का एक चक्र बनाकर अवांछित विद्युत संकेतों को निष्क्रिय कर देता है। बाएं आलिंद (ऊपरी कक्ष) तक पहुंचने के लिए कैथेटर डालने के लिए कमर क्षेत्र में एक छोटा चीरा लगाया जाता है। गुब्बारे को फुलाया जाता है और फुफ्फुसीय शिरा के खुलने तक ले जाया जाता है, उद्घाटन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाता है ताकि गुब्बारा पर्याप्त ठंडे तापमान तक पहुंचने में सक्षम हो सके इसके बाद कार्डिएक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट गुब्बारे में ठंडी ऊर्जा (नाइट्रस ऑक्साइड) डालता है। ठंडी ऊर्जा ऊतक को जम जाती है जहां वह फुफ्फुसीय शिरा के उद्घाटन को छूता है। यह ऊतक को खराब कर देता है, विद्युत संकेतों के संचरण को रोकता है जो एट्रियल फाइब्रिलेशन का कारण बनता है। क्रायो बैलून के साथ प्रारंभिक अपस्फीति उपचार जीवन की बेहतर गुणवत्ता देता है और एएफ के रोगियों में दिल की विफलता और स्ट्रोक के जोखिम को कम करता है। प्रेस मीट में बोलते हुए, डॉ. ए.एम. कार्तिगेसन ने कहा, दशकों से अपोलो अस्पताल लोगों के स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती में सुधार के लिए नई जीवन रक्षक सेवाएं और प्रक्रियाएं ला रहा है। यह नई प्रक्रिया उस प्रतिबद्धता की एक और याद दिलाती है।

# असम चर परिषद की विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता सभा आयोजित



**नगरबेड़ा ( निसं )।** असम चार परिषद के सहयोग से और संगठन की दक्षिण बारपेटा जिला समिति की पहल के तहत आज आलोपति माजरचर बाजार परिसर में कानूनी जागरूकता और परामर्श बैठक आयोजित की गई। असम चर परिषद की दक्षिण बारपेटा जिला समिति के अध्यक्ष मिर्जा उचमान गनी ने बाल विवाह, असम भूमि नीति, 2019 और बेदखली पर कानूनी जागरूकता और सलाहकार बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्घाटन असम चर परिषद की केंद्रीय समिति के अध्यक्ष डॉ. आब्दुल वहाब ने किया और असम चर परिषद की केंद्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष गाजी रहमान ने संबोधित किया। एक कानूनी जागरूकता और परामर्श बैठक में पूर्व उपायुक्त आब्दुर रहीम शेख, पूर्व एसीएस अधिकारी इमरान हुसैन खांडकर, गौहाटी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आब्दुर रहमान शिकदर और मुस्तफा खड़दम हुसैन, शाहनवाज स्वेख, गोवालपाड़ा एडवोकेट शाहजहां अली, जाहान इकबाल सरकार, जाहिदुल इस्लाम, आब्दुल मतीन, मजनूर, गोलपारा एडवोकेट मुंजर आलम, बरपेटा एडवोकेट आब्दुस सामाद आहमेद, जेसमिना आहमेद, असम अल्पसंख्यक संग्राम परिषद का अध्यक्ष मोकाद्देस अली मंडल, सेवानिवृत्त अध्यापक नाजिर हुसैन सरकार आदि ने भाषण व्यक्त करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज की बिमारी है इसके विरुद्ध सबको सजग होने को कहा। इसके अलावा असम भुमि नीति 2019 के तहत सरकार का कारवाई पर समालोचना कर के कहा कि चर का भुमि जरिप, भुमि का पट्टा,कटाव, नागरिकत्व आदि समस्या का समाधान के लिए सभी को इकट्ठा होना पड़ेगा। सभा में लुइतपरिया कॉलेज का अध्यक्ष डॉ. जछिम उद्दिन आहमेद, डॉ. मोहम्मद अली, डॉ. सफिउर रहमान, सेवानिवृत्त शिक्षक खलिलुर रहमान, असम चर परिषद का पुर्वी अध्यक्ष नुर आलम, शिक्षक रफीकुल हासान, सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक रफिजुल हक, बाजार समिति के अध्यक्ष आब्दुल लतिफ सरकार साथ में चर अंचल के विभिन्न दल संगठन के प्रतिनिधि मंडल मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि गौहाटी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हान्नानुल आहमेद द्वारा विरचित बाल विवाह निषेध आइन -2006 नामक एक असमीया अनुवाद ग्रन्थ उन्मोचन करते हैं क्रमानुसार पुर्वी उपायुक्त आब्दुर रहिम और पुर्वी एछि एच अधिकारी इमरान हुसैन खन्दकार ने।

# ईंधन पाइपलाइन शुरू होने पर बांग्लादेश ने भारत को बताया सच्चा दोस्त

**ढाका, (हि.स.)।** तेल संकट से जूझ रहे बांग्लादेश ने पाइपलाइन से डीजल की मदद मिलने पर पड़ोसी देश भारत को सच्चा दोस्त बताया है। यह प्रोजेक्ट ईंधन के लिए बांग्लादेश की चीन पर निर्भरता को भी कम करेगा। उन्होंने इस पाइपलाइन को दो मित्र देशों के बीच सहयोग की 'ट्रेडमार्क उपलब्धि' बताया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने एक बयान में कहा कि 'बांग्लादेश-भारत मैत्री पाइपलाइन' देश में ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक अहम भूमिका निभाएगी। इस ईंधन पाइपलाइन का उद्घाटन ऐसे समय पर हुआ है, जब दुनिया के कई देश रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण गंभीर ईंधन संकट से जूझ रहे हैं। यह पाइपलाइन बांग्लादेश के लोगों की ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बड़ी भूमिका निभाएगी।



यह प्रोजेक्ट ईंधन के लिए बांग्लादेश की चीन पर निर्भरता को भी कम करेगा। शेख हसीना ने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के एक हिस्से के रूप में 131.57 किलोमीटर लंबी 'भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन' के जरिए बांग्लादेश भारत से पेट्रोलियम खासकर डीजल का आयात करेगा। हसीना ने कहा कि बांग्लादेश और भारत दोनों ने हाल के दिनों में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़ी कई संभावनाओं को साकार किया है। प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि हमने अपनी सभी द्विपक्षीय समस्याओं को एक-एक करके सुलझाया है। दोनों पड़ोसी देश अपने विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। हमें अपने विकास के लिए भारत से लगातार सहयोग मिल रहा है। इस पाइपलाइन के जरिए भारत से डीजल आयात करने का समय और खर्च काफी कम हो जाएगा। देश के उत्तरी क्षेत्र के 16 जिलों में डीजल की आपूर्ति स्थिर रहेगी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने इस पाइपलाइन को दो मित्र देशों के बीच सहयोग की 'ट्रेडमार्क उपलब्धि' बताया। उन्होंने कहा कि यह ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगी। शेख हसीना ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में इस पाइपलाइन की तरह बांग्लादेश और भारत मिलकर कई और सफलताओं का जश्न मनाएंगे। यह पाइपलाइन भारत में 5 किमी और बांग्लादेश में 125 किमी तक फैली हुई है।

# राहुल गांधी को नोटिस राजनीतिक प्रतिशोध का एक नया माध्यम : कांग्रेस

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आवास पर पहुंचकर दिल्ली पुलिस की ओर से दिए गए नोटिस को पार्टी ने राजनीतिक प्रतिशोध का एक नया माध्यम बताया है। पार्टी नेताओं ने कहा है कि सरकार अदाणी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी महासचिव जयराम रमेश, नेता अभिषेक मनु सिंघवी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता कर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को केंद्र के इशारों पर किया गया कृत्य बताया। सिंघवी ने कहा कि आज उत्पीड़न, धमकाने और राजनीतिक प्रतिशोध लेने का एक नया आयाम जोड़ा गया है। राहुल को 45 दिन पहले की गई बात पर 3 दिन में दो बार नोटिस दिया गया। राहुल पहले ही कह चुके थे कि वह शीघ्र ही इस पर जवाब देंगे। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि एक नेता के तौर पर हम कई यात्राएं, जनसभाएं और रैलियां करते हैं। इसमें हम जनता से मिल रहे फीडबैक को आगे जनता के बीच ही रखते हैं। ऐसे में उनके आधार पर पुलिस कार्रवाई अपने आप में अनोखी है। देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जयराम रमेश ने कहा कि विपक्ष की 16 पार्टियां एकमत होकर अदाणी मुद्दे पर जेपीसी की जांच चाह रही हैं। केंद्र सरकार को हमारी यह मांग माननी ही होगी। जब से राहुल गांधी ने संसद में इस संबंध में भाषण दिया है सरकार किसी ना किसी बहाने से उनके खिलाफ अभियान चला रही है। पहले उनके लंदन में दिए बयान को गलत तरीके से पेश कर किया गया और अब उनके खिलाफ यह नोटिस जारी किया गया है।



# केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की जल्द घोषणा कर सकती है सरकार

**– डीए और डीआर में ये बढ़ोतरी जनवरी 2023 से लेकर जून 2023 के लिए होगी**

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए एक अच्छी खबर है। कहा जा रहा है कि अगले सप्ताह सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान कर सकती है. कर्मचारी अपने डीए में इजाफे का इंतजार कर रहे हैं। डीए और डीआर में ये बढ़ोतरी जनवरी 2023 से लेकर जून 2023 यानी पहली छमाही के लिए होगी। सरकार कर्मचारियों को जनवरी और फरवरी का एरियर जोड़कर भुगतान कर सकती है। हालांकि, डीए में कितनी फीसदी का इजाफा होगा, इसको लेकर किसी भी तरह का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि सरकार कर्मचारियों के डीए में चार फीसदी तक का इजाफा कर सकती है। अगर इतनी बढ़ोतरी होती है, तो केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 38 फीसदी से बढ़कर 42 फीसदी पर पहुंच जाएगा। इस इजाफे के बाद कर्मचारियों की सैलरी में भी जोरदार इजाफा होगा। सरकार हर छह महीने पर कर्मचारियों के डीए में इजाफा करती है। महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों की सैलरी स्ट्रक्चर का हिस्सा होता है। सरकार हर छह महीने में डीए में बदलाव करती है। महंगाई दर को देखते हुए केंद्र सरकार कर्मचारियों के डीए में इजाफा करती है। महंगाई जितनी अधिक होगी, डीए में बढ़ोतरी उतनी ही ज्यादा होती है।



अगर सरकार महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी का फैसला लेती है, तो फिर इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 63 लाख पेंशनर्स को होगा। अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी का बेसिक-पे 1,8000 रुपए है, तो 38 फीसदी के हिसाब से 6,840 रुपए का महंगाई भत्ता बनता है। वहीं अगर ये डीए 42 फीसदी हो जाता है तो कर्मचारी का डीए बढ़कर 7,560 रुपए हो जाएगा। अधिकतम बेसिक-पे के हिसाब से देखा जाए, तो 56,000 रुपए के आधार पर महंगाई भत्ता 21,280 रुपए बनता है। अब इसमें चार फीसदी की बढ़ोत्तरी के हिसाब से देखा जाए, तो ये उछलकर 23,520 रुपए हो जाएगा। ऐसे में न्यूनतम बेसिक सैलरी वाले कर्मचारियों को हर महीने 720 रुपए और सालाना 8,640 रुपए का लाभ होगा। केंद्र सरकार द्वारा डीए/डीआर में सालाना जनवरी की शुरूआत से जुलाई महीने के अंत तक बढ़ोतरी करने का नियम रहा है।

# मध्य प्रदेश सरकार को नहीं मिल पाएगा इस साल विमान

**भोपाल (ईएमएस)।** मध्य प्रदेश सरकार ने नया विमान खरीदने के लिए जो टेंडर बुलाया था। उस टेंडर को अब निरस्त कर दिया है। सरकार ने 184 करोड रुपए में साइटेशन एक्सएलएक्स जेट विमान खरीदा जाना था। इस विमान की डिलीवरी 2024 जून में होनी थी। मध्य प्रदेश सरकार इसी साल जून में इस विमान की डिलीवरी चाहती थी। मध्य प्रदेश सरकार ने टेंडर फाइनल करने के बाद जो शर्त लगाई थी। उसे अमेरिकी कंपनी टेक्स्ट्रॉन एविएशन ने मंजूर नहीं किया। विमान कंपनी 20 फीसदी राशि 35 करोड एडवांस में चाहती थी। सरकार केवल 10 फीसदी राशि देने के लिए तैयार थी। सरकार इसी साल विमान की डिलीवरी चाहती थी। लेकिन कंपनी जून 2024 के पहले विमान की डिलीवरी देने तैयार नहीं थी। जिसके चलते मध्य प्रदेश सरकार ने टेंडर को अब निरस्त कर दिया है। मध्य प्रदेश सरकार अब नए सिरे से विमान खरीदने के लिए टेंडर जारी करेगी।



# पंजाब में आज दोपहर 12 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी

**– सिख कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह की तलाश में पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में छापेमारी**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ शनिवार को की गई बड़ी कार्रवाई के बाद सरकार ने पंजाब में इंटरनेट सेवाएं सोमवार को दोपहर 12 बजे तक बंद कर दी है।इसके साथ ही एसएमएस सेवाएं भी बंद की गई हैं। पंजाब सरकार ने पहले रविवार को दोपहर 12 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रखने की घोषणा की थी, लेकिन आज सरकार ने इसकी अवधि बढ़ा दी है। इंटरनेट के साथ एसएमएस. सेवाएं भी अब सोमवार 20 मार्च को दोपहर 12 बजे तक बंद रहेंगी, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। सिख कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह अभी भी पंजाब पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जालंधर सीपी केएस चहल ने बताया कि करीब 20-25 किलोमीटर तक पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। पुलिस ने कल उसे भगोड़ा घोषित किया था। हमने कई हथियार और 2 कार भी जब्त की हैं। बरामद हथियारों की जांच की जा रही है। मॉडल टाउन इलाके में पंजाब पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लैग मार्च किया गया है। तलाश जारी है और हम उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। कानून व्यवस्था बनी रहेगी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में छापेमारी कर रही है।




# 23 मार्च से मध्य प्रदेश के वकील होंगे हड़ताल पर

**जबलपुर (ईएमएस)।** मध्य प्रदेश स्टेट बार कौंसिल ने एक प्रस्ताव पारित किया है। इस प्रस्ताव के अनुसार 23 मार्च से मध्य प्रदेश की सभी अदालतों में वकील उपस्थित नहीं होंगे। मध्य प्रदेश के सभी वकील एक तरह से 25 मार्च को हड़ताल पर चले जाएंगे। हाई कोर्ट ने 25 पुराने प्रकरण निराकृत करने संबंधी आदेश न्यायालयों के लिए जारी किए थे। उस आदेश के विरोध में मध्यप्रदेश के वकील समय-समय पर अपनी नाराजगी जताते रहे हैं। 25 साल पुराने प्रकरणों को 3 माह के अंदर निराकरण करना संभव नहीं है। अधिवक्ताओं को एक ही समय पर एक साथ कई अदालतों में उपस्थित होना संभव नहीं है। जिसके कारण वकील हाईकोर्ट के आदेश का विरोध कर रहे हैं। स्टेट बार कौंसिल ने अब 21 मार्च तक हाईकोर्ट अपने आदेश को वापस ले, अन्यथा 23 मार्च से प्रदेश के सारे वकील न्यायालयों में पेश नहीं होंगे। यह प्रस्ताव पारित किया है।



# मंगोलपुरी फ्लाईओवर पर व्यक्ति ने महिला की पिटाई कर जबरन कार में बैठाया, वायरल हुआ वीडियो

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति द्वारा महिला की पिटाई कर उसे जबरदस्ती कार में बैठाने का मामला सामने आया है। वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है और कहा है कि आरोपितों पर सख्त कार्रवाई हो। जानकारी के अनुसार कार गुरुग्राम के रतन विहार की है। हालांकि पुलिस द्वारा वाहन और वाहन चालक को ट्रेस कर लिया गया है। वहीं इस वारदात ने कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रही दिल्ली पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। बाहरी जिले के डीसीपी हरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि वाहन और चालक का पता लगा लिया गया है। उन्होंने कहा कि दो लड़कों और एक लड़की ने रोहिणी से विकासपुरी के लिए उबर के जरिए वाहन बुक किया था। इसी दौरान रास्ते में उनके बीच कुछ कहासुनी हुई जो बाद में हाथापाई में बदल गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक लड़का जबरन लड़की को कार के अंदर धकेल रहा था। कहासुनी के बाद लड़की वहां से निकलना चाहती थी। हालांकि इस मामले में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है और आरोपित युवक की तलाश कर रही है, लेकिन इस मामले ने एक बार फिर से ना केवल दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि महिलाओं के खिलाफ लोगों की बदलती मानसिकता पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। वहीं, अब पुलिस जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि ये आखिर पूरा प्रकरण क्या था और इन लोगों के बीच किस बात पर विवाद शुरू हुआ था।




# बारिश से दिल्ली एनसीआर का मौसम कूल-कूल

**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिल्ली एनसीआर का मौसम पूरी तरह बदल गया है। रात से ही बूंदाबांदी बारिश और ओलावृष्टि के चलते भले ही प्रदूषण से राहत मिली है लेकिन सर्दी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। खासतौर पर सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले या मॉर्निंग शिफ्ट में नौकरी करने वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शनिवार की शाम और रात में हुई बारिश के चलते नोएडा गाजियाबाद और दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रविवार की सुबह भी सड़कों पर पानी भरा मिला। वहीं हवाओं में ठंडक की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक इस समय हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ बना है। इसके चलते चक्रवाती हवाओं का एक क्षेत्र उत्तरी गुजरात और दक्षिण राजस्थान के आसपास के हिस्सों में भी देखा जा रहा है। इसी प्रकार एक ट्रफ चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तरी छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश और झारखंड तक देखी जा रही है। इसके चलते इन सभी इलाकों में बारिश के लिए अनुकूल माहौल बन गया है। मौसम विभाग की माने तो इन वजहों की वजह से अगले 24 घंटे में इन तमाम हिस्सों में बारिश की स्थिति बनी हुई है। यदि दिल्ली एनसीआर की बात करें तो यहां अगले 24 घंटे में दिल्ली विश्वविद्यालय और नोएडा गाजियाबाद के अलावा दिल्ली के बुराड़ी कश्मीरी गेट सिविल लाइंस आदि इलाकों में फिर से बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। इसी प्रकार बुराड़ी कंझावला पीतमपुरा पंजाबी बाग राजौरी गार्डन पटेल नगर रोहिणी बादली मॉडल टाउन आजादपुर मुंडका पश्चिम विहार पालम आदि इलाकों में भी बारिश हो सकती है। मौसम में हुए इस बदलाव के चलते क्रॉनिक डिजीज से परेशान मरीजों और बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गई है। खासतौर पर सर्दी खांसी और बुखार के रोगी अस्पताल पहुंचने लगे हैं। इसी प्रकार हार्ट के मरीजों को भी मौसम में हुए इस बदलाव से दिक्कत होने लगी है। हालात को देखते हुए डॉक्टरों ने मरीजों को सर्दी से बचाव करने और कोल्ड ड्रिंक फ्रिज का पानी और फास्ट फूड आदि से परहेज करने की सलाह दी है। बारिश के साथ चली तेज हवाओं की वजह से उत्तर प्रदेश में किसानों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। चूंकि इस समय खेतों में गेंहू की फसल पकने को तैयार हो गई है। ऐसे में बारिश के साथ जब तेज हवाएं चली तो पूरी फसल गिर गई। ऐसे हालात में फसल के बर्बाद होने की आशंका प्रबल हो गई है।



# डीडीए की लापरवाही से घुट रहा द्वारका वासियों का दम

**राकेश शर्मा**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा हुआ है। हर जगह धूल ही धूल उड़ रही है जिससे हर वक्त हवा में धूल-कणों की मौजूदगी रहती है। इस वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कतें तो होती ही हैं साथ ही वातावरण में धुंध जैसी स्थिति भी बनी रहती है। धूल और प्रदूषण के कारण लोगों की आंखों में भी जलन की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

ऐसे ही हालात द्वारका इलाके में भी नजर आ रहे हैं जहां डीडीए द्वारा किया जा रहा द्वारका का सौंदर्यीकरण कार्य द्वारका में प्रदूषण का कारण बन रहा है। तस्वीरें दिल्ली के द्वारका की हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि फुटपाथों की टाइलों को तोड़कर हटा दिया गया है सर्विस रोड खुदे पड़े हैं और इन सब से निकला मलबा यूं ही खुले में सड़कों के किनारे जमा पड़ा है जो हवा के साथ उड़ कर वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। हालातों की कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। द्वारका सेक्टर 1 से शुरू होकर सेक्टर 23 तक ऐसे ही दृश्य नजर आ रहे हैं जहां जगह-जगह सर्विस रोड और फुटपाथों का मलबा पड़ा हुआ है।

तेज रफ्तार गाड़ियों के गुजरने और तेज हवा के चलने पर यह मलवा उड़ता है और पूरे वातावरण को प्रदूषित करता है। ऑल द्वारका रेजिडेंट फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी रॉबिन शर्मा ने बताया कि डीडीए इन डेवलपमेंट कार्यों को करने के दौरान काफी लापरवाही बरत रही है।

# भाजपा के कारण अन्ना डीएमके में अंतरकलह

**चेन्नई (ईएमएस)।** तमिलनाडु में भाजपा और अन्नाद्रमुक के संबंध अब काफी तनावपूर्ण हो गए हैं। भाजपा कार्यकताओं ने अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानी स्वामी की तस्वीरें जला कर उन पर गठबंधन धर्म का पालन नहीं करने का आरोप लगाया था। भाजपा के कई नेताओं द्वारा पार्टी छोड़कर एआईडीएमके में चले जाने के बाद यह स्थिति बनी। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा के साथ गठबंधन में रही अन्ना डीएमके तीन बार चुनाव हार चुकी है। हाल ही में एआईडीएमके इरोड पूर्व विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा गठबंधन की करारी हार हुई। दोनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव प्रचार भी नहीं किया। यहां से डीएमके और कांग्रेस गठबंधन को बड़े अंतर से जीत मिली। एआईडीएमके अब भाजपा को एक बोझ के रूप में देख रही है।

जल्द ही वह भाजपा से पल्ला झाड़ने की तैयारी में दिख रही है। पलानी स्वामी और पन्नीर सेलवम के बीच में कलह भाजपा ने कराई। भाजपा जहां पहुंच जाती है।वहां लड़ाई झगड़े बढ़ जाते हैं। यह तमिलनाडु में भी हुआ। अन्नाद्रमुक में पलानी स्वामी पन्नीर सेल्बम और शशि कला के बीच लड़ाई झगड़े चल रहे थे।इस झगड़े का लाभ उठाकर भाजपा को घुसने का मौका मिल गया।उसके बाद पन्नीर सेलवम और पलानी स्वामी के बीच में मतभेद बढ़ते चले गए। भाजपा के आक्रमक और विस्तार वादी रुख के कारण अन्ना डीएमके मे अंतर कलह बढ़ती चली गई। अब भाजपा के कारण पार्टी ही खत्म होने की स्थिति में आ गई। अन्ना डीएमके के झगड़े में भाजपा को तमिलनाडु में घुसने का जो स्थान मिला था। अब वह भी भाजपा के हाथ से जाता दिख रहा है। भाई भाई में लड़ाई-झगड़ा कराकर भी भाजपा अपना अस्तित्व तमिलनाडु में नहीं बना पाई। जहां जहां पांव पड़े संतन के।

# महिला की हत्या कर शव के कई टुकड़े करने वाले आरोपी को मौत की सजा मिले : महबूबा

**जम्मू (ईएमएस)।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में एक महिला की हत्या कर उसके शव के कई टुकड़े करने वाले आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की। महिला के शव के टुकड़े कर राज्य में कई स्थानों पर उन्हें छुपा कर रखा गया था। मुफ्ती ने बडगाम जिले के सोइबुग में महिला के परिवार से मुलाकात की और संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा, पुलिस ने अच्छा काम किया है और मुझे उम्मीद है कि मामले में (अदालत में) तेजी से सुनवाई होगी। आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी दी जानी चाहिए, ताकि दूसरी लड़कियों को इसका सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि हमारी सोच कहां पहुंच गई है...मुझे लगता है कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी है और हमारे लोगों को, हमारे पुरुषों को इस बारे में सोचना चाहिए और ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसी हिंसा हमारे घरों के अंदर भी होती है। महिला की इस महीने के शुरू में हत्या की गई थी और उसके शव के कई टुकड़े किए गए थे। पुलिस ने शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने जुर्म कबूल कर लिया है और उन स्थानों के बारे में जानकारी दी है, जहां उसने महिला के शव के हिस्सों को छुपाया था। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर किरण भाई पटेल का हवाला देकर कहा कि ठगों को सरकारी संरक्षण मिल रहा है, जबकि आम कश्मीरियों को परेशान किया जा रहा है। पटेल ने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का अफसर बताया था और कई सरकारी सुविधाओं का आनंद लिया, लेकिन उस गिरफ्तार कर लिया गया है। वह गुजरात का रहने वाला है और घाटी की तीसरी यात्रा के दौरान तीन मार्च को सुरक्षा बलों ने दबोच लिया। मुफ्ती ने कहा, ठग बाहरी हों या स्थानीय, वे सरकारी संरक्षण और आतिथ्य का आनंद ले रहे हैं। उन्हें प्रोटोकॉल, सुरक्षा और शक्तिशाली बाबुओं तक पहुंच दी गई है।

# भारत व चीन के संबंध चुनौतीपूर्ण, एलएसी पर हालात बहुत नाजुक: विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मौजूदा समय में भारत और चीन के संबंध सबसे चुनौतीपूर्ण हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है। कुछ इलाकों में भारत और चीन के सैनिकों की नजदीक तैनाती के चलते हालात काफी खतरनाक हैं। एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा कि पहले जो समझौते हुए हैं, उनका चीन ने उल्लंघन किया है। चीन समझौतों का उल्लंघन करके यह नहीं दिखा सकता कि सब कुछ सामान्य है। हम साफ कर चुके हैं कि समझौतों का उल्लंघन नहीं सहेंगे। हमने चीनियों को स्पष्ट कर दिया है कि हमें शांति भंग की स्थिति कबूल नहीं है। जयशंकर ने कहा कि हम चीन से संबंधों को इसलिए चुनौतीपूर्ण कहते हैं कि 1988 से लेकर जब राजीव गांधी वहां गए थे, साल 2020 तक हमारे बीच समझ यह थी कि सीमा पर शांति बनाए रखी जाएगी। सीमा पर विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए प्रोटोकॉल बनाए गए थे। चीन ने 2020 में समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणाम गलवान घाटी और अन्य इलाकों में देखने को मिले। हमने अपने सैनिकों को तैनात किया है, हम अपनी जमीन पर डटे हैं। जयशंकर ने कहा कि मैं और चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग यी सितंबर 2020 में इस बारे में सैद्धांतिक रूप में सहमत थे कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाए। जिस बात पर सहमति बनी थी, उसे चीन को पूरा करना है। जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर लगभग तीन साल से आमने-सामने हैं। हालांकि, दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य बातचीत के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हम इस बारे में चर्चा कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर भारत में अमेरिका के नए राजदूत एरिक गासेर्टी के रुख का जवाब दिया है। दरअसल गासेर्टी ने पहले सीएए को मुस्लिम विरोधी और भेदभाव वाला बताया था। इस पर जयशंकर ने कहा कि उन्हें आने दीजिए। हम उन्हें प्यार से समझा देंगे। जयशंकर ने कहा कि नागरिकता के लिए दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग मानदंड हैं। अगर आप यूरोप को देखेंगे तो वहां जर्मनी के लोगों को आसानी से नागरिकता मिल जाती है। अगर कोई पाकिस्तानी हिंदू है, जिसका उत्पीड़न किया गया हो, तो वह भारत की जगह और कहां जाएगा। यह ऐसी सच्चाई है, जिसे हर कोई जानता है। लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर एरिक गासेर्टी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे। अमेरिकी सीनेट ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है। इसके पहले केनिथ जस्टर भारत में अमेरिका के आखिरी राजदूत थे, जिन्हें जनवरी 2021 में अमेरिकी सरकार ने वापस बुला लिया था।




# विपक्षी पार्टियों से जुड़े लोग बिजली कर्मियों को आगे कर आंदोलन करा रहे : अनिल राजभर



**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि बिजली कर्मियों की हड़ताल कहीं से जायज नहीं है। विद्युत आपूर्ति को जानबूझकर बाधित करने वाले लोग राष्ट्रद्रोह जैसा पाप कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री राजभर रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम जनता को परेशान करना कहीं से भी क्षम्य नही है। न्यायालय ने भी कहा है कि यह हड़ताल कहीं से जायज नहीं है। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि विपक्ष के नेता बिजली कर्मियों को उकसा रहे है। विपक्षी पार्टियों और उनकी विचारधारा से जुड़े लोग बिजली कर्मियों को आगे करके आंदोलन करा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के कोलकाता दौरे से जुड़े सवाल पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन हुआ था, लेकिन उसका नतीजा जनता के सामने है। पूरा विपक्ष एकजुट हो जाए, कोई फर्क नहीं पड़ता। आम जनता का समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के साथ बना हुआ है।

# पीएम मोदी पिछड़ो के सबसे बड़े नेता: केशव प्रसाद मौर्य



**कानपुर, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछड़ों के सबसे बड़े नेता है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा अस्सी में अस्सी जीत कर लाएगी। यादव जितना जातिवादी है, उतना ही राष्ट्रवादी है। इस बार पिछड़ा मोर्चा बहुत फायदे में है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस का हाल बहुत बुरा होगा। यह बातें रविवार को कानपुर में आयोजित भाजपा की ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति बैठक को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि जो पिछड़ा मानते थे ,उनमें अब बेचैनी बढ़ गई है। पहले भाजपा में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ होता था। प्रकाश पाल ने इसे मोर्चा बनाने का काम किया। आज उत्तर प्रदेश की राजनीति ओबीसी केंद्रित हो गई है। जो परिवार में किसी को पिछड़ा मानते थे, उनमें बेचैनी बढ़ गई है। ओबीसी वर्ग एक जुटकर होकर सबसे सफल प्रधानमंत्री बनाने का काम किया है। 2024 के लिए उत्तरदायित्व है, लोग साजिश कर रहे हैं। कमल पर वोट कैसे पड़े। हर बूथ पर कम से कम 10 से 100 ओबीसी वर्ग के लोग खड़ा करें। मौर्य ने कहा जो 73 सीट जीत सकता है, वह 80 भी जीत सकता है। यादव जितना जातिवादी है उतना ही राष्ट्रवादी है।

इस बार यादव मतदाता कमल का बटन दबाएगा। 60 साल तक देश में बीजेपी की सरकार होगी। पीएम मोदी ने देश को नई दिशा दी है। नरेंद्र मोदी ने अयोध्या, काशी दिलाया है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने के कार्य किए हैं। विपक्षी ओबीसी वर्ग के सबसे बड़े नेता को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। सपा की कार्य समिति में कहा गया कि 50 सीट जीतेंगे। 50 में से 0 हटा लीजिए। 5 भी आ जाए तो बहुत बड़ी बात है। ओबीसी मोर्चा की जिम्मेदारी है कि 80 में से 80 लाएं । संविदा कर्मियों को भी ओबीसी आरक्षण दिया जाएगा। पिछड़ा वर्ग आयोग के जो अध्यक्ष होंगे। उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जायेगा। मौर्य ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में 2017 के मुकाबले 2024 में कांग्रेस का और ज्यादा बुरा हाल होने वाला है। बैठक में प्रमुख रूप से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज अहीर, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे तक चलेगा।

# ऊर्जा मंत्री से वार्ता के बाद उप्र में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को खत्म हो गयी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और समिति के बीच हुए समझौते के बाद विद्युत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने इसकी घोषणा की। मंत्री ने आश्वस्त किया कि हड़ताल के दौरान कर्मचारियों के खिलाफ की गई संपूर्ण कार्रवाई को वापस लिया जाएगा। मंत्री ने यूपीपीसीएल के चेयरमैन को निर्देशित भी किया कि अब तक कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में चाहे एफआईआर हो, निलंबन हो या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई की गई हो, इसे शीघ्र ही वापस लिया जाएगा। संघर्ष के अन्य मुद्दों पर विचार करने के लिए आने वाले समय में वार्ता के माध्यम से हल किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से भी कहा है कि प्रदेश में जहां कहीं भी विद्युत आपूर्ति बाधित हो, उसे शीघ्र संचालित किया जाए और जो भी कर्मचारी कार्यस्थल पर न हो, वह कार्यस्थल पर जाकर अपनी ड्यूटी करें।

यह बता दें कि यह हड़ताल संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 72 घंटे की थी, लेकिन ऊर्जा मंत्री ने शनिवार को सख्त तेवर अपनाया और सैकड़ों कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई। इसके बाद विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भी अपनी सख्ती दिखाते हुए घोषणा की कि यदि सरकार हमारे कर्मचारियों पर कार्रवाई करती है तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसके साथ ही जेल भरो आंदोलन की भी धमकी दी थी। इसके बाद रविवार को दो बजे ऊर्जा मंत्री ने वार्ता के लिए बुलाया, जिसमें संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा की।

# साक्षी महाराज ने बागेश्वर धाम सरकार के हिन्दू राष्ट्र की मांग को किया खारिज

**गिरिडीह, (हि.स.)।** श्री कृष्ण सत्संग शांति भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचन करने आए यूपी के उन्नाव से भाजपा सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने रविवार को बागेश्वर धाम सरकार के हिन्दू राष्ट्र की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के वक्त बंटवारे में जिन्ना और उनकी विचारधारा के लोगों ने अपने धर्म के अनुसार अलग देश पाकिस्तान बनाया। अब तो हिन्दुस्तान के रूप में हिन्दू राष्ट्र ही है। फिर हिन्दू राष्ट्र की मांग करना समझ से परे है। क्योंकि, रामराज्य की तर्ज पर हर समुदाय को भारत में अपनी आजादी से अपने धर्म को मानने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। 2024 लोकसभा चुनाव के बाबत सांसद ने दावा किया कि भाजपा 350 से अधिक सीट जीतेगी। इसमें यूपी की सभी 80 और झारखंड की सभी 14 लोस सीट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यूपी के अखिलेश यादव और झारखंड के हेमंत सोरेन में कोई अंतर नहीं है। दोनों ने सत्ता में रहते हुए अपने-अपने राज्य में भष्ट्राचार को बढ़ावा दिया है। साक्षी महाराज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्ष के नेताओं को निशाने पर लेते हुए कहा कि बहस चाहते हैं तो नियमों के तहत आना चाहिए। जिस तरह से संसद में हंगामा कर रहे हैं वो व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने कहा कि एक और जहां विपक्ष के नेता संसद में जरूरी सवाल नहीं उठा रहे, वहीं विदेशों में जाकर राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं।

# सांसद ने कटाव निरोधी सुरक्षात्मक कार्य का किया निरीक्षण

**बगहा, (हि.स.)।** वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने बगहा नगर स्थित पारस नगर में गंडक नदी के किनारे हो रहे कटावनिरोधी सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत मिलने पर सांसद कार्यस्थल का मुआयना करने पहुंचे थे। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता को सांसद ने हर हाल में कार्य की गुणवत्ता मेंटेन रखने का निर्देश दिया।

योजना स्थल पर जिओ बैग की जगह सीमेंट की प्लास्टिक बोरी का उपयोग करने की शिकायत संबंधी जानकारी ली और निश्चित रूप से जिओ बैग का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। जाली को भी मजबूत बनाने पर जोर दिया ताकि वो टूटे नहीं। साथ ही बालू खनन से दूसरा गाँव प्रभावित न हो इसका भी ख्याल रखने को कहा। खनन स्थल से लेकर कटाव स्थल तक एजेंसी को पानी भी पटाने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि बालू के कण उड़कर लोगों की दुकानों और घरों में नहीं घुसे।

लाउडस्पीकर पर अश्लील गीत बजाते हुए तेज गति से ट्रैक्टर चलाने की शिकायतें भी मिली हैं जिसपर नियंत्रण जरूरी है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बगहा को किसी भी स्थिति में कटने नहीं देने के लिए कृत संकल्पित हैं। समाधान यात्रा के क्रम में वे स्वयं आकर यहां स्थल निरीक्षण कर चूके हैं और योजना का प्राक्कलन भी बढ़ाकर इस बांध को और सुदृढ़ करने का निर्देश उन्होंने दिया था जिसपर अब काम भी शुरू हो चुका है। सांसद के साथ निरीक्षण के दौरान विभागीय अभियंता गण, जिला सांसद प्रतिनिधि बबुआजी सिंह, जदयू मुख्य प्रवक्ता राकेश सिंह, जदयू नेता दयाशंकर सिंह, मो निजामुद्दीन, एहतेशामूल हक, राजद नगर अध्यक्ष अनिल कुशवाहा, ध्रुव कुशवाहा सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहें।

# 1 वर्ष में हमें दिखेगा अयोध्या का सुंदर स्वरूप : योगी

## जीवन के समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा देगा राम नाम

- अशर्फी भवन मन्दिर के अंतर्गत नवनिर्मित श्रीरामकेतु स्तंभ व श्रीरामलला भवन का लोकार्पण
-मुख्यमंत्री ने सूर्यवंश की राजधानी को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का किया आह्वान



**अयोध्या, (हि. स.)।** श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला के विराजमान होने के पूर्व यहां श्रीरामकेतु स्तंभ के भव्य लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह मेरे लिए प्रफुल्लित करने वाला क्षण है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस पवित्र स्थल पर नाम और नामी दोनों विराजमान हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अशर्फी भवन मन्दिर के अंतर्गत नवनिर्मित श्रीरामकेतु स्तंभ व श्रीरामलला भवन का लोकार्पण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस में "कलियुग केवल नाम अधारा, सुमरि-सुमरि नर उतरहिं पारा" यानी कलियुग में नाम का महत्व है। उसके बारे में भी कहा गया है कि जप से सौ गुना अधिक पुण्य नाम लिखने से मिलता है। यहां 28 करोड़ नाम रामकेतु स्तंभ में संरक्षित किए गए हैं। इसमें निरंतर वृद्धि होती दिखाई देगी। इसका पुण्य अनंत काल तक हमें न केवल सन्मार्ग पर ले चलने, बल्कि जीवन के समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर करने की प्रेरणा प्रदान करेगा। श्रीरामकेतु स्तंभ में प्रभु का नाम है। लेखन के माध्यम से प्रभु के 28 करोड़ नाम को संरक्षित कर हम पुण्य के भागी बन सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जगद्गुरु रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज को बधाई दूंगा कि राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के पूर्व अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने भव्य धर्मशाला व अतिथिशाला का निर्माण कराया। हर आश्रम को ऐसा करना चाहिए। अभी से तैयारी हो जाए। देश से कोई भी श्रद्धालु आए तो उसे अयोध्या में सुविधा भी मिले। यहां रुककर प्रभु के नाम का स्मरण, जप या रहकर साधना करना चाहे तो उसे यहां सब कुछ सुलभ हो। सरकार यहां बुनियादी सुविधाओं के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिजली खर्च कम करने के लिए सौलर पैनल का उपयोग करना चाहिए। इसे लगाकर अपने यहां जितनी बिजली खर्च करेंगे, आपके कनेक्शन से उतनी कटौती हो जाएगी। सरप्लस ऊर्जा सरकार लेगी और उसका दाम देगी। आश्रमों व घरों के लिए नेट मीटरिंग तथा कार्मशियल स्थल पर नेट बिलिंग की व्यवस्था भी की है। समयबद्ध तरीके से सुविधाओं का लाभ ले लें। सूर्यवंश की राजधानी को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने में पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप कार्य को गति देने में सफलता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां सड़कों का निर्माण तेज गति से हो रहा है। रामपथ नए घाट से लेकर रामजन्मभूमि होते हुए लखनऊ मार्ग से टेढ़ी बाजार होते हुए फोरलेन की कनेक्टिविटी दी जा रही है। हनुमानगढ़ी के बगल से भक्तिपथ का निर्माण किया जा रहा है। सुग्रीव किला के बगल से भी फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। आने वाले समय में अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित हो। यह प्रधानमंत्री की इच्छा है। उसके अनुरूप केंद्र व राज्य सरकार पंचकोसीय, 14 कोसीय व 84 कोसीय परिक्रमा को संतों व श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर अनेक कार्यक्रम चला रही है। सीएम ने कहा कि निर्माण कार्य के कारण अभी बेतरतीब लग रहा होगा, लेकिन एक वर्ष में अयोध्या का सुंदर स्वरूप हमें दिखेगा। रामकोटि व अतिथिशाला के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दक्षिण भारत के संत त्रिदंडी जीयर स्वामी रामचंद्राचार्य जी महाराज, अशर्फी भवन महन्त जगदगुरु रामानुचार्य पूज्य स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज, विधायक जनार्दन रेड्डी, जमुना रेड्डी, अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# जनता का साथ देने के लिए सपा करेगी बिजली व्रत : अखिलेश



**लखनऊ, (हि.स.)।** पुरानी पेंशन बहाली, संविदकर्मियों को नियमित करने और निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी 16 मार्च रात दस बजे से 72 घंटे के लिए शुरू हुई हड़ताल से राज्य की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई है। वहीं, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने नेता और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि जनता का साथ देने के लिए सपा बिजली व्रत करेगी। अखिलेश यादव ने रविवार को अधिकारिक ट्वीटर अकाउंट से ट्वीट करते हुए कहा कि उप्र की जनता जिस तरह बिजली संकट से जूझ रही है। उसे देखते हुए हम यह अपील करते हैं कि सपा के नेतागण, कार्यकर्ता व शुभचिंतक तब तक इन्वर्टर या जेनरेटर जैसे बिजली के वैकल्पिक साधनों का व्यक्तिगत प्रयोग न करें, जब तक बिजली की बहाली न हो जाए। सपा बिजली-व्रत करेगी और जनता का साथ देगी।

# बुंदेलखंड में अवैध खनन पर कार्यवाही, करोड़ों का जुर्माना



**लखनऊ, (हि.स.)।** खनन निदेशक डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर बुंदेलखंड के जनपदों हमीरपुर और जालौन में निदेशालय की ओर से गुप्त रूप से ड्रोन सर्वे कराया गया। प्रारंभिक रूप से ड्रोन सर्वे में अवैध खनन के प्रमाण मिले हैं। इस संबंध में बुंदेलखंड में अवैध खनन करने वाले लोगों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाने की तैयारी की जा चुकी है। बीते दिनों अपर निदेशक खनन विपिन जैन के नेतृत्व में निदेशालय से 04 टीमें 14 मार्च व 15 मार्च को हमीरपुर के समस्त 22 खनन पट्टा क्षेत्रों में हो रहे खनन की जॉच करने गयी। जॉच के दौरान हमीरपुर की सीमा से लगे जनपद जालौन के 02 खनन क्षेत्रों की भी जॉच करायी गयी। जॉच के दौरान 24 खनन पट्टा क्षेत्रों में से 13 खनन पट्टा क्षेत्रों में पट्टाधारकों द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर उपखनिज बालू, मोरम का अवैध खनन, परिवहन होना पाया गया। इसके बाद उप्र उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम 58 के अधीन रायल्टी, खनिज मूल्य के साथ शास्ति रुपये 02 से 05 लाख की वसूली की कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी हमीरपुर एवं जालौन को निर्देशित किया गया है। यह राशि 8 से 10 करोड़ तक का जुर्माना के करीब होगी। खनन निदेशक डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि खनन निदेशालय हमीरपुर में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन पर सतत निगरानी रख रही है। हमीरपुर में वर्ष 2022-23 में माह फरवरी तक कुल 1444 वाहन अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग में पकडे.गये हैं। जिसमें से 83 प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी, 229 वाहनों में परिवाद तथा 1018 वाहनों से 6 करोड़ 66 लाख 94 हजार 312 रुपए राजस्व क्षतिपूर्ति वसूल की गयी।

# बोकारो में 26वीं वाहिनी ने मनाया केरिपुबल दिवस समारोह

**बोकारो, (हि.स.)।** चास में स्थित 26वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 84वां केरिपुबल दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सुनील कुमार राही, द्वितीय कमान अधिकारी 26वीं वाहिनी ने वाहिनी मुख्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर शहीदों को नमन किया और क्वार्टर गार्ड में सलामी ली। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए बल के गौरव को बनाए रखने के लिए जवानों को प्रेरित किया। सायंकाल में वॉलीबाल मैच के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर अनिल कुमार, उप कमांडेंट एवं बटालियन के सभी अधीनस्थ अधिकारी तथा जवान उपस्थित रहे।



# राष्ट्रपति के साथ-साथ देश का विरोध कर रहा विपक्ष : सुनील



**देवरिया, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को नगर पालिका के वार्ड नम्बर सात रजला सेन्टर चौराहे पर संगोष्ठी की। भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के महामंत्री, जिलाप्रभारी भाजपा देवरिया सुनील गुप्ता ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे जनहित कार्यों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने बताया कि कैसे मोदी सरकार ने गरीब जनता को निःशुल्क राशन, कोरोना संकट काल के दौरान लोगो की मदद,आवास,टीकाकरण आदि उपलब्ध कराकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति ने जहां सरकार की पहल को सराहा वहीं, भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया।निश्चित रूप से केन्द्र सरकार देश की जनता के अपेक्षाओं पर खरा उतर रही है। लेकिन विपक्ष को ये रास नहीं आ रहा है और मोदी विरोध के चक्कर में राष्ट्रपति के साथ-साथ देश का विरोध कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष भाजपा संजय पाण्डेय ने कहा कि एक गरीब आदिवासी परिवार की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सदन में अभिभाषण के दौरान विपक्ष के लोगों ने जिस तरह से शोर शराबा कर अपमानित करने का काम किया, वह निंदनीय है। निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि देश को अच्छे से संभालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने कैसे किया है, इसको राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में वर्णन किया है।

# झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व में लंबे अरसे बाद दिखा बाघ, हाई अलर्ट जारी

**मेदिनीनगर (झारखंड), (हि.स.)।** झारखंड के टाइगर रिजर्व में एक बाघ देखा गया है। इसका प्रत्यक्ष फोटो भी सामने आ गया है। यह बाघ पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के कुटकू वन प्रक्षेत्र में स्पॉट किया गया है। यह नर बाघ है। पलामू टाइगर रिजर्व के नॉर्थ डिवीजन के डिप्टी डायरेक्टर कुमार प्रजेश कांत जेना ने स्वयं इस बाघ की तस्वीर ली है। उन्होंने बताया कि बाघ देखे जाने के बाद इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी वनकर्मियों को पूरी चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि नर बाघ पिछले दो दिन से इसी क्षेत्र में घूम रहा है। अब तक दो मवेशियों को भी मारकर खा चुका है। पीटीआर के कैमरे में दो जगहों पर बाघ कैद हुआ है। उन्होंने बताया कि बाघ व्यस्क है। उसके पग मार्क चार इंच से अधिक के हैं, जो बाघ के व्यस्क होने का प्रमाण है। जेना ने बताया कि ग्रामीणों को जंगल में जाने पर सावधानी बरतने की अपील की गई है। साथ ही बताया कि वर्ष 2019-20 में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क में एक बाघिन मृत अवस्था में मिली थी। उसके बाद पहली बार बाघ की तस्वीर पलामू टाइगर रिजर्व के कैमरे में कैद हुई है। पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ नहीं दिख रहा था। कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ सीमा पर एक बाघ दिखा था और यह भी बताया गया था कि बाघ पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में प्रवेश किया है। इसके बाद से रिजर्व के अधिकारियों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारी अलर्ट पर थे और लगातार निगरानी रख रहे थे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर गाजियाबाद से पीएमओ तक दिल्ली मार्च 29 अप्रैल को



**अररिया (हि.स.)।** देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा आगामी 29 अप्रैल को गाजियाबाद दिल्ली बॉर्डर से प्रधानमंत्री कार्यालय तक देशव्यापी दिल्ली मार्च आयोजित किया जाएगा, जिसमें बिहार से सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त बातें फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा घोषित जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि दिल्ली मार्च के दौरान बीते तीन महीनों से देश भर में जनसंख्या नियंत्रण कानून के समर्थन में चलाये गए हस्ताक्षर अभियान के तहत संग्रहित लाखो लोगो के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र प्रधानमंत्री को सौप कर शीघ्र कानून लागू करने का मांग किया जाएगा। वही इससे पूर्व 19 मार्च से 23 अप्रैल के बीच प्रत्येक रविवार को सांसद संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।जिसके तहत देश भर के सांसदों से कानून बनाने में समर्थन हेतु ना सिर्फ संवाद किया जाएगा, बल्कि संसद में आवाज बुलंद करने का निवेदन करते हुए मांग पत्र भी सौपा जाएगा।

वही 9 अप्रैल को संपूर्ण देश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन आयोजित कर जिलाधिकारी के माध्यम से पीएम को मांगपत्र भेजा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि उक्त सभी कार्यक्रमों की सफलता एवं जन भागीदारी हेतु पूरे बिहार में कार्यकताओं द्वारा व्यापक संपर्क अभियान चलाया गया है। इस मौके पर श्री कुमार के साथ प्रदेश सचिव सुबोध मोहन ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष मृणाल शेखर, जिला अध्यक्ष अविनाश झा, जिला संयोजक योगेश मंडल सहित फाउंडेशन के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिहार में सड़क संरचना राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित हो रही : तेजस्वी



**पटना, (हि.स.)।** उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को बिहार में सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की तारीफ की है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र की शुरूआत ही केंद्र सरकार की तारीफ से की है। तेजस्वी ने लिखा है कि बिहार राज्य में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा तेज गति से किये जा रहे कार्यों के फलस्वरूप राज्य की सड़क संरचना राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित हो रही है। इसके लिए मैं व्यक्तिगत रूप से आभारी हूं। पत्र में तेजस्वी यादव ने कहा है कि केंद्र सरकार के तेज गति से काम के बावजूद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा बनाया जा रहे कुछ रोड का काम काफी धीमा है। इससे आम लोगों को कठिनाई हो रही है। उन्होंने नितिन गडकरी से आग्रह किया है कि वे अपने अधिकारियों को उन नेशनल हाइवे का काम जल्द पूरा करने का निर्देश दें। इनमें पांच सड़कें शमिल हैं।

**ये हैं वो सड़कें -** महेशखूंट सहरसा-मधेपुरा- पूर्णिया (नेशनल हाइवे-107)- तेजस्वी यादव ने पत्र में लिखा है कि इस रोड का पेन्ड सोल्डर सहित दो लेन में विकसित करने का काम 2017 से ही दो पैकेजों में किया जा रहा है। ये सड़क कोशी क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिला मुख्यालयों को बिहार राज्य से होकर गुजरने वाली आसाम रोड (एनएच-31) से जोड़ने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है लेकिन दोनों पैकेजों का काम काफी धीमा है और मौजूदा रोड का रखरखाव भी ठीक से नहीं किया जा रहा है। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर पथ (नेशनल हाइवे-77)-तेजस्वी यादव ने कहा है कि इस 63 किलोमीटर लंबे रोड को चार लेन में विकसित करने का काम चल रहा है। इस परियोजना के तहत 16.87 किलोमीटर लंबे मुजफ्फरपुर बाईपास का भी निर्माण किया जाना है लेकिन इसमें 07 किलोमीटर रोड और एक आरओबी का निर्माण कार्य बाकी होने से मुजफ्फरपुर शहर में जाम की समस्या रहती हैं और आवागमन में काफी कठिनाई होती हैं। तेजस्वी ने कहा है कि इस परियोजना के लिए एन्युटी का भुगतान वर्ष 2016 से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। भू-अर्जन की भी कोई समस्या नहीं है और जिला प्रशासन ने तत्परता से प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया है। इसके बावजूद निर्माण कार्य एक साल से लगभग बंद है। अगर ये काम 2025 तक पूरा नहीं होता है तो रियायत अवधि पूर्ण हो जायेगी और रियायतग्राही अपने सभी जिम्मेवारियों से मुक्त हो जायेगा। ऐसे में सारा भुगतान होने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा रह जायेगा।

संपादकीय

# पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात

**पाकिस्तान** की हालत बद से बदतर होती जा रही है। आर्थिक सहायता के लिए दुनियाभर में हाथ पसार रहे पाकिस्तान में अब गृहयुद्ध के हालात बनने गले हैं। आर्थिक संकट के साथ ही राजनीतिक भूचाल और इस्लामिक चरमपंथियों की सक्रियता ने पाकिस्तान को गहरे अंधे कुएं में धकेल दिया है। अभी कुछ दिन से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर पाकिस्तान में खूब घमासान हुआ। इमरान खान को गिरफ्तार करने का हाईटेंशन ड्रामा भले ही समाप्त होता दिख रहा है, लेकिन आनेवाले समय में राजनीतिक उठा-पटक बाकी है। तोशाखाना के उपहार मामले में इमरान खान के लिए गैर जमानती वॉरंट जारी हुआ था। इसे तामील करने के लिए लाहौर में पुलिस जब उनके घर पहुंची तो इमरान समर्थकों ने उसे रोक लिया। पूरी रात इमरान खान के समर्थक उनके घर के बाहर डटे रहे तो पुलिस ने भी जमकर आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछारें कीं। इस दौरान इमरान समर्थकों ने भी आगजनी की, पुलिस वालों को पीटा तो पाक सेना से रेंजर्स बुला लिए गए। रेंजर्स के आने के बाद इमरान खान ने आरोप लगाया कि 'लंदन' के इशारे पर सेना उनकी हत्या करना चाहती है। दरअसल, पूर्व पीएम नवाज शरीफ इन दिनों लंदन में निर्वासित हैं। बहरहाल, निहत्थे लोगों से चौबीस घंटे से भी अधिक वक्त तक चले संघर्ष के बाद जब बुधवार को इमरान की गिरफ्तारी पर दुनिया भर की नजरें टिक गईं, तब कहीं जाकर पुलिस और रेंजर्स पीछे हटे। हालांकि पाक सरकार पीछे हटने की वजह लाहौर में होने वाले पाक क्रिकेट लीग का मैच बता रही है, मगर साफ है कि यह संघर्ष लंबा खिंचता तो कहीं न कहीं पाकिस्तान को मिलने वाली माली इमदाद पर भी असर पड़ता, जिसे पाने के लिए वह पिछले काफी दिनों से छटपटा रहा है। फिलहाल लाहौर में शांति है, मगर जिस तरह से तहरीक-ए-इंसाफ ने देश भर में आंदोलन का एलान किया है, कहा नहीं जा सकता कि यह शांति कितने दिनों तक बरकरार रहेगी। पाकिस्तान में सेना को लेकर इमरान ने जैसा कड़ा रुख अख्तियार किया है, सेना भी अपने भविष्य को लेकर सशंकित है। इमरान ने सेना प्रमुख पर भी उनकी हत्या करने साजिश रचने का आरोप लगाया है। हालांकि सेना का कहना है कि सेना प्रमुख आसिम मुनीर घटना के वक्त वहां से 750 किलोमीटर दूर वजीराबाद में थे, इसलिए उनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है। मगर लोग सेना का भरोसा नहीं कर रहे हैं तो इसका साफ मतलब है कि इमरान अपनी बात आम लोगों तक पहुंचाने में कामयाब रहे हैं। वैसे इमरान कोई पहले नेता नहीं हैं, जो सेना के आक्रोश का सामना कर रहे हैं या फिर जिन्होंने तोशाखाना से उपहार न लिए हों। खुद तोशाखाने की रिपोर्ट में है कि 2002 के बाद वहां जितने भी प्रधानमंत्री बने, किसी ने भी अपने उपहार नहीं छोड़े। लेकिन इमरान उन सभी नेताओं में पहले नेता जरूर हैं जो सेना की हरकतें और बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं। परंतु पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि इतना सब होने के बाद भी वह सबक नहीं लेगा। उसकी नीतियां अब भी आतंकवाद और चरमपंथियों को पालने-पोषनेवाली ही रहेंगी। पाकिस्तान के नेतृत्व एवं जनता जितनी जल्दी अपनी समस्या को समझकर, उसके अनुरूप नये पाकिस्तान के निर्माण की दिशा में आगे बढ़े, तब ही पाकिस्तान का भला हो सकता है।

> आर्थिक संकट के साथ ही राजनीतिक भूचाल और इस्लामिक चरमपंथियों की सक्रियता ने पाकिस्तान को गहरे अंधे कुएं में धकेल दिया है। अभी कुछ दिन से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर पाकिस्तान में खूब घमासान हुआ। इमरान खान को गिरफ्तार करने का हाईटेंशन ड्रामा भले ही समाप्त होता दिख रहा है, लेकिन आनेवाले समय में राजनीतिक उठा-पटक बाकी है। तोशाखाना के उपहार मामले में इमरान खान के लिए गैर जमानती वॉरंट जारी हुआ था। इसे तामील करने के लिए लाहौर में पुलिस जब उनके घर पहुंची तो इमरान समर्थकों ने उसे रोक लिया। पूरी रात इमरान खान के समर्थक उनके घर के बाहर डटे रहे तो पुलिस ने भी जमकर आंसू गैस के गोले छोड़े, पानी की बौछारें कीं। इस दौरान इमरान समर्थकों ने भी आगजनी की, पुलिस वालों को पीटा तो पाक सेना से रेंजर्स बुला लिए गए। रेंजर्स के आने के बाद इमरान खान ने आरोप लगाया कि 'लंदन' के इशारे पर सेना उनकी हत्या करना चाहती है। दरअसल, पूर्व पीएम नवाज शरीफ इन दिनों लंदन में निर्वासित हैं।

## कुछ अलग

# भ्रष्टाचार का पाप और भाजपा की वैतरणी

**आप** आज जिस किसी माध्यम से देश-दुनिया के हालात को जानने का प्रयास करेंगे, तो भयभीत हो जाएंगे, क्योंकि अपनी दिनचर्या के अनुसार आप सुबह समाचार जानने के उद्देश्य से अखबार पढ़ना शुरू करेंगे, तो छापों के समाचार से ही इसकी शुरुआत होगी। पता नहीं, रात में आपके पड़ोसी के यहां किसी सरकारी जांच एजेंसियों का छापा पड़ गया हो और अभी आपको समाचार पत्रों से पता चल रहा हो कि आपका पड़ोसी तो उच्च कोटि का भ्रष्ट अधिकारी था या सत्तारूढ़ दल के विरुद्ध बात करता था अथवा विपक्षी दल का कार्यकर्ता अथवा नेता था? पिछले दिनों कर्नाटक में भाजपा विधायक के ठिकानों से कुल आठ करोड़ रुपये कैश बरामद होने पर कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। सिद्धारमैया ने सीएम बोम्मई को करप्शन का सबूत बताते हुए कहा कि उन्हें सीएम पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन महीनों से जेल में बंद हैं, वहीं अब उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा उनके कई रिश्तेदारों के यहां छापेमारी के बाद पूछताछ जारी है। पंजाब कांग्रेस से जुड़े पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। उन पर भी मुख्यमंत्री रहने के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल से विधायक और लालू-राबड़ी देवी के करीबी अबु दोजान के फुलवारी शरीफ के हारून नगर आवास और कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। ईडी छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के नेता विनोद तिवारी को दफ्तर बुलाकर दस घंटे तक पूछताछ की गई। यह तो महज चंद उदाहरण हैं, यदि संपूर्णता में इसे देखें तो इनकी संख्या सैकड़ों नहीं, हजारों में है जिन पर ईडी, सीबीआई के छापे पिछले कुछ वर्षों में डाले जा चुके हैं। इन छापों के कारण भ्रष्टाचार से कमाई करने वालों के रातों की नींद हराम हो गई है। स्वाभाविक है कि जिनकी लगाम कसी जाएगी, वह अपने पक्ष में कुछ-न-कुछ कहानियां सुनाएंगे ही। केंद्र सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि भ्रष्टाचार की शुरुआत कांग्रेस शासन की देन है और अब यदि उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है, तो इसकी आलोचना उनके द्वारा क्यों की जाती है। इसे इस प्रकार भी समझा जा सकता है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से पूछताछ के बाद जमीन के बदले नौकरी घोटाले में तथाकथित 600 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के जो सबूत मिले हैं, क्या उसका दोष भी तत्कालीन सरकार पर मढ़ा जाएगा? होना तो यही चाहिए कि जो अपराध करे, उसको उसके कृत्य की सजा तो मिलनी ही चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। विपक्ष इसी को मुद्दा बनाकर जनता के सामने पेश कर रहा है कि भाजपा सरकार अपने विरोधियों के प्रति किस प्रकार एक पक्षीय है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता से यदि ईडी नौ घंटे पूछताछ करती है और दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार करती है, तो उसमें किसी को क्या परेशानी हो सकती है? स्पष्ट है कि जो अपराध करेगा, उसे उसकी सजा मिलेगी, लेकिन विपक्ष यही प्रश्न पूछकर सरकार को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसमें असहज होना क्या उचित है।

> दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री सत्येंद्र जैन महीनों से जेल में बंद हैं, वहीं अब उप मुख्मयंत्री मनीष सिसोदिया को भी छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार के पूर्व मुख्मयंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी पूर्व मुख्मयंत्री राबड़ी देवी तथा उनके कई रिश्तेदारों के यहां छापेमारी के बाद पूछताछ जारी है।पंजाब कांग्रेस से जुड़े पूर्व मुख्मयंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। उन पर भी मुख्मयंत्री रहने के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं।

## बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए

# अमेरिका में बंदूक संस्कृति ने बड़ा सामाजिक संकट खड़ा कर दिया है

ललित गर्ग

**हिंसा** की बोली बोलने वाला, हिंसा की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में हथियारों की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद हिंसा का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं। अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। लंबे समय से बंदूकों की सहज उपलब्धता का खामियाजा उठाने के बाद वहां के लोगों ने अपने स्तर पर इसके खिलाफ मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है और राष्ट्रपति जो बाइडेन को हथियारों के दुरुपयोग पर अंकुश से संबंधित कार्यकारी आदेश पर किये हस्ताक्षर करने को विवश होना पड़ा है। पिछले साल जून में भारी तादाद में लोगों ने सड़कों पर उतर कर बंदूकों की खरीद-बिक्री से संबंधित कानून को बदलने की मांग की। जरूरत इस बात की है कि इस समस्या के पीड़तिों को राहत देने के साथ-साथ बंदूकों के खरीदार से लेकर इसके निर्माताओं और बेचने वालों पर भी सख्त कानून के दायरे में लाया जाए। अमेरिका की ही तरह पंजाब में पनप रही बन्दूक-संस्कृति को भी नियंत्रित किया जाना जरूरी है। अमेरिका में आए दिन ऐसी खबरें आती रहीं कि किसी सिरफिरे ने अपनी बंदूक से कहीं स्कूल में तो कभी बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसमें नाहक ही लोग मारे गए। इसके पीछे एक बड़ा कारण वहां आम लोगों के लिए हर तरह के बंदूकों की सहज उपलब्धता है और इन बन्दूकों का उपयोग मामूली बातों और उन्मादग्रस्त होने पर अंधाधुंध गोलीबारी में होता रहा है, जो गहरी चिन्ता का कारण बनता रहा। आम जन-जीवन में किसी सिरफिरे व्यक्ति की सनक से किसी बड़ी अनहोनी का अन्देशा हमेशा वहां बना रहता है, वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयीं कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य



स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ति है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है "विश्वमानव" का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। खुद सरकार की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया था कि अमेरिका में सत्रह साल से कम उम्र के करीब तेरह सौ बच्चे हर साल बंदूक से घायल होते हैं। अमेरिकी प्रशासन को 'बंदूक संस्कृति' ही नहीं बल्कि हथियार संस्कृति पर भी अंकुश लगाना होगा, अब तो दुनिया को जीने लायक बनाने में उसे अपनी मानसिकता को बदलना होगा। कोई घातक हथियार साथ में होने के बाद मामूली बातों पर होने वाले झगड़े या फिर बेवजह ही किसी के उन्माद से ग्रस्त हो जाने पर कैसे नतीजे सामने आ सकते हैं, अमेरिका ने उसे करीब से देखा है, जहां हर साल सैंकड़ों लोग इसकी वजह से मारे जाते हैं। किसी भी संवेदनशील समाज को इस स्थिति को एक गंभीर समस्या के रूप में देखना-समझना चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि जिस अमेरिका में ज्यादातर परिवारों के पास अलग-अलग तरह की बंदूकें रही हैं, वहां अब इस हथियार की संस्कृति के खिलाफ आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। यह आवाज उठना बहुत जरूरी था, देर आये दुरुस्त आये की कहावत के अनुसार अमेरिका की आंख खुली है तो अमेरिका के साथ दुनिया को एक शांति एवं अहिंसा का सन्देश जायेगा। निश्चित ही अमेरिका में हिंसा की इस संस्कृति पर नियंत्रण नितान्त जरूरी था। क्योंकि अमेरिका आज दुनिया में अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। जाहिर है कि वहां होने वाली गोलीबारी की घटनाएं सैकडों लोगों के प्राण लेती रही है जो इस्लामी आतंकवाद की घटनाएं नहीं होती थीं तो फिर यह क्या थी? यह ऐसा सवाल है, जो अमेरिकी सभ्यता को बेनकाब कर देता है। क्या यह अमेरिका की भौतिकतावादी एवं हिंसक संस्कृति की निष्पत्ति है? पीड़तिों के मानसिक आघात और अन्य मुश्किलों को समझते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को बंदूक के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की दिशा में सार्थक पहल की है। इसके तहत बंदूक की बिक्री के दौरान की जाने वाली 'पृष्ठभूमि जांच' को बेहतर बनाया जाएगा। इसके जरिए बाइडेन ने मंत्रिमंडल को बंदूक हिंसा से जूझ रहे समुदायों के समर्थन के लिए एक बेहतर सरकारी तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। यह छिपा नहीं है कि बिना किसी वजह के की गई गोलीबारी में किसी प्रियजन को गंवाने वालों को किस तरह के मानसिक आघात और अन्य मुश्किलों से जूझना पड़ता है। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। 'मूड ठीक नहीं' की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दुःख। ऐसी स्थिति में आदमी अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्त-व्यस्तता को प्रकट करने का। ऐसे लोगों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे लोगों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। अमेरिकी नागरिकों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है।

> अमेरिका की आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही रही है कि यहां हिंसा इतनी सहज बन गयी है कि हर बात का जवाब सिर्फ हिंसा की भाषा में ही दिया जाने लगा। वहां हिंसा का परिवेश इतना मजबूत हो गया है कि वहां की बन्दूक-संस्कृति से वहां के लोग अपने ही घर में बहुत असुरक्षित हो गए थे। लंबे समय से बंदूकों की सहज उपलब्धता का खामियाजा उठाने के बाद वहां के लोगों ने अपने स्तर पर इसके खिलाफ मोर्चा खोलना शुरू कर दिया है और राष्ट्रपति जो बाइडेन को हथियारों के दुरुपयोग पर अंकुश से संबंधित कार्यकारी आदेश पर किये हस्ताक्षर करने को विवश होना पड़ा है।

# ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भयावह

**कहते** हैं कि असली भारत गांवों में बसता है। मगर गांव के लोगों की सेहत का खयाल रखने वाले चिकित्सा केंद्र इक्कीसवीं सदी के भारत में भी बदतर ही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की काफी कमी देखी जा रही है। इससे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन रही है, जिसके परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की के कितने भी दावे किए जाएं, पर गांवों में करीब अस्सी फीसद चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत, खुशहाल भारत कैसे बनेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वास्थ्य ही वास्तविक पूंजी है, न कि सोने-चांदी के टुकड़े।' अब गांवों में अगर मूलभूत सुविधाएं ही नहीं हैं और स्वास्थ्य केंद्र सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, तो फिर ग्रामीण भारत की हालत कैसे सुधर सकती है? देश के ग्रामीण और दूरदराज के अंचल स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में काफी पिछड़े हुए हैं। इसकी बानगी ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 रिपोर्ट पेश करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्जन डाक्टरों की लगभग तिरासी प्रतिशत कमी है। बालरोग चिकित्सकों की 81.6 फीसद और फिजिशियन की 79.1 प्रतिशत कमी है। यही हाल प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी अमूमन 72.2 प्रतिशत की कमी है। इतना ही नहीं, वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की हालत भी ठीक नहीं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उचित ही चिंता जाहिर की है। हम विश्वगुरु बनने का दिवास्वप्न



देखकर ही खुश नहीं हो सकते, जब तक कि वास्तविक स्थिति में आमूलचूल परिवर्तन न आए। गौरतलब है कि जनवरी 2023 में उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरी क्षेत्रों की तरह समान स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिकार है। अदालत ने आगे कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने को बाध्य है। ग्रामीण आबादी की देखभाल के लिए योग्य डाक्टरों की नियुक्ति की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और बी वी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में ग्रामीण और शहरी आबादी के बीच भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक कल्याणकारी राज्य में शहर और गांव के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव कदापि नहीं होना चाहिए। आज दुनिया के हर क्षेत्र में जब तेजी से तरक्की हो रही है, तो फिर भारत के ग्रामीण क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में काफी पीछे क्यों हैं? इस पर बहस की जरूरत है, न कि पांच खरब डालर की अर्थव्यवस्था का ख्वाब दिखाकर ग्रामीण और दूरदराज में रहने वाली जनता के जीवन जीने का अधिकार छीन लेने की! एक आंकड़े के अनुसार देश में गरीब परिवारों का जीवनकाल, बीस प्रतिशत समृद्ध परिवारों के मुकाबले औसतन सात साल तक छोटा होता है। अब इसे न्याय की तराजू पर रखकर तौलिए, फिर सहज ही अंदाजा लगेगा कि लोकतंत्र में लोगों की कीमत क्या है? कहीं लोकतंत्र और संवैधानिक देश भी अर्थतंत्र की चौखट पर घुटने टेकने को मजबूर तो नहीं? एक मौजूं सवाल यह भी है कि जिस देश में इलाज पर होने वाला आधे से अधिक खर्च किसी व्यक्ति की जेब से होता हो, तो देश में सत्ताईस रुपए कमा कर गरीबी रेखा से बाहर निकल जाने वाला व्यक्ति खाएगा क्या और कोई बीमार पड़ा तो इलाज कराएगा कैसे? सुदूर अंचलों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का आधार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होते हैं, मगर जब कोई गरीब इलाज के लिए इन केंद्रों पर पहुंचता है, तो वहां बेशुमार खामियां नजर आती हैं। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में इकतीस सौ मरीजों पर मात्र एक बिस्तर है। कई राज्यों में यह आंकड़ा और भी खराब है। बिहार में अठारह हजार ग्रामीणों पर सिर्फ एक बिस्तर की व्यवस्था है और उत्तर प्रदेश में उनतालीस सौ मरीजों पर एक बिस्तर की। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में छब्बीस हजार की आबादी पर एक चिकित्सक है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर एक हजार लोगों पर एक डाक्टर अवश्य होना चाहिए। अब गांव का गरीब व्यक्ति इलाज के लिए पैसे जोड़े या बच्चों की शिक्षा के लिए? यह उसके लिए बड़ा सवाल होता है। स्वास्थ्य और शिक्षा लोकतांत्रिक देश में मुफ्त या सस्ती और सुलभ होनी चाहिए, लेकिन हमारे देश में हालत इसके ठीक उलट है। शिक्षा और स्वास्थ्य देश में कमाई का जरिया बन चुका है। हालांकि केंद्र सरकार ने कुछ ऐसे प्रयास किए हैं, जिससे ग्रामीण और गरीब लोगों तक सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें। इसमें 'आयुष्मान भारत' योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य पचास करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। मगर आयुष्मान भारत योजना भी अपर्याप्त वित्तपोषण, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी और अपर्याप्त आधारभूत संरचना की वजह से हांफती हुई दिखती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य से जुड़ी असंख्य समस्याएं हैं, जिनसे ग्रामीण लोग जूझ रहे हैं। पीने योग्य साफ पानी की अनुपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अच्छी सड़कें और रोजगार के साधन जैसी समस्याओं पर अक्सर नेताओं को भी विचार-विमर्श करते देखा जा सकता है, लेकिन होता वही है- ढाक के तीन पात। इसी वजह से जमीनी हकीकत आज भी खराब है और सिर्फ कागजों में देश के गांवों की हालत गुलाबी कही जा सकती है। संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन जीने की स्वतंत्रता है। मगर ग्रामीण इलाकों में अनेक स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं, जहां वर्षों से डाक्टर झांक कर देखने तक नहीं गए कि सरकारी भवन बचा भी है कि धराशाई हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा यह बताने के लिए काफी है कि अब भी हमें इस क्षेत्र में काफी सुधार करने की आवश्यकता है। सुधार सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं में नहीं, जरूरत मानसिकता में बदलाव की भी है। देश में आजादी के बाद से ही भ्रष्टाचार का रोग बढ़ता चला गया है, जिसका असर स्वास्थ्य सेवाओं पर साफ देखा जा सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में कहीं सरकारें स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सभी को आत्मनिर्भर होने को न कह दें, डर अब इस बात का भी सता रहा है। मीडिया रपटें बताती हैं कि बिहार में इकतीस प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्रों पर न पीने के पानी की सुविधा है और न ही बिजली की। बरसात के मौसम में अस्पताल के अंदर पानी भर जाने की तस्वीरें तो लगभग हर किसी ने देखी होगी।

> ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा विशेषज्ञों की काफी कमी देखी जा रही है। इससे शहर और गांव के बीच एक ऐसी खाई बन रही है, जिसके परिणाम भविष्य में काफी भयावह हो सकते हैं। भले देश में तरक्की के कितने भी दावे किए जाएं, पर गांवों में करीब अस्सी फीसद चिकित्सा विशेषज्ञों की कमी होना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। ऐसे में स्वस्थ भारत, खुशहाल भारत कैसे बनेगा? महात्मा गांधी ने कहा था कि 'स्वास्थ्य ही वास्तविक पूंजी है, न कि सोने-चांदी के टुकड़े।' अब गांवों में अगर मूलभूत सुविधाएं ही नहीं हैं और स्वास्थ्य केंद्र सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, तो फिर ग्रामीण भारत की हालत कैसे सुधर सकती है? देश के ग्रामीण और दूरदराज के अंचल स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में काफी पिछड़े हुए हैं। इसकी बानगी ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 रिपोर्ट पेश करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्जन डाक्टरों की लगभग तिरासी प्रतिशत कमी है। बालरोग चिकित्सकों की 81.6 फीसद और फिजिशियन की 79.1 प्रतिशत कमी है। यही हाल प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की है। ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी अमूमन 72.2 प्रतिशत की कमी है। इतना ही नहीं, वहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की हालत भी ठीक नहीं।

## नागरिक बोध

# अपराधियों की चरणस्थली के नाम से बदनाम यूपी में अमनशान्ति और सड़को से उपद्रवियों का पलायन

**उत्तर प्रदेश** अपराधियो की चरणस्थली बन गया था। शहर में दिनदहाड़े हत्या और अपहरण की घटनाओं की खबरों से अखबार के पन्ने भरे हुए रहते थे।2017 मे उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार की हार के बाद भाजपा सत्ता में आई। इसके बाद उत्तरप्रदेश में अमन शांति है। उस दौर में महिलाओ और युवतियों के लिए बढ़ती गुंडागर्दी के कारण प्रदेश खतरनाक था। भाजपा की सरकार के आते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदभार संभाला। उसके बाद धीरे धीरे सूबे में शांति की अलख जगने शुरू हो गई।अपराधियो के ख़ौफ़ से गांवो और शहरो में भय व्याप्त था।यूपी को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए योगी ने सबसे पहले गुंडागर्दी नाबूदी का बीड़ा उठाया। इस भगीरथ प्रयास के अंतर्गत जीरो टॉलरेंस की नीति में अपराधियों को उनकी असली जगह बता दी गई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए योगी की सराहनीय कार्यप्रणाली की प्रशंसा हर कोई करता है।देश मे अन्य राज्य भी योगी का अनुसरण करने और असामाजिक तत्वों को उनकी जगह बताने की सोच रहे है। यूपी के इस शांति सुराज्य के लिए जनता जनार्दन का हमेशा सहयोग मिल रहा है। विपक्ष यह कहकर बात को हंसी का रूप दे देते है कि बाबा ने क्या किया? विकासलक्षी योजनाओं और शहरी और ग्रामीण विस्तारो में राज्य और केंद्र की योजनाओं को लागू कर जनता को मिलने वाले फायदे देकर सरकार अपना कर्तव्य निभा रही है। दूसरी बार योगी की सरकार बनी है। इसके पीछे यूपी का विकास और भयमुक्त जीवन की फेहरिस्त रही है। यूपी की कानून व्यवस्था की हर कोई तारीफ करता थकता नही है। यूपी में योगी की सरकार बनने के बाद करीब 10,713 एनकाउंटर किये है। जिसमे पहले नम्बर पर मेरठ है। मेरठ में 3152 एनकाउंटर हुए है। इस बीच दुर्दांत अपराधी भी मारे गए है।

## देश दुनीया से

# रूस और अमेरिकी संबंध और बिगड़े तो विश्व युद्ध का खतरा बढ़ जायेगा

**यूक्रेन** पूरी क्षमता से नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस के मना करने की अपील का उस पर असर नजर नही आ रहा था। ऐसे में उसे सबक सिखाने में लिए रूस ने ये हमला किया। उसने इसे छोटा सैन्य आपरेशन नाम दिया। रूस ने हमला ये सोचकर किया कि यूक्रेन के नाटों में शामिल होने के बाद नाटो देश उसका साथ देंगे, पहले नहीं, किंतु एक साल से चल रहे युद्ध ने स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका और नाटो देश खुद युद्ध नहीं लड़ रहे, अपितु वे यूक्रेन को युद्ध लड़ा रहे हैं। मदद कर रहे हैं। खुद युद्ध के मैदान में नही हैं किंतु हथियार और गोला बारूद उनका है। सिर्फ लड़ने वाले उनके सैनिक नहीं हैं। वे सिर्फ यूक्रेन के जवान हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तकरीबन 30 देशों ने भारी तादाद में यूक्रेन को हथियार और जरूरी चीजें मुहैया कराईं। ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों ने भी ऐलान किया है कि यूक्रेन को विध्वंसकारी टैंक जैसे- 'चैलेंजर 2 टैंक' और 'लेपर्ड 2 टैंक' यूक्रेन को मुहैया कराये जाएंगे। यूक्रेन को सबसे ज्यादा मदद अमेरिका कर रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन को 90 स्ट्राइकर भेजे हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने यूक्रेन को 59 ब्रेडली इन्फैंट्री लड़ाकू विमान भेजे हैं। रूस के खिलाफ लड़ने के लिए अमेरिका लगातार अपने हथियारों का जखीरा यूक्रेन को दे रहा है। गौरतलब है कि रूस लगातार यह बात कहता आया है कि यह युद्ध यूक्रेन के अलावा अमेरिका भी लड़ रहा है। रूस लंबे समय से अमेरिका और नाटो देशों को चेतावनी दे रहा है कि यूक्रेन की मदद की तो ठीक नहीं होगा। वह मदद को सीधा अपने पर हमला मानेगा। कई बार वह परमाणु अस्त्रों के प्रयोग की धमकी भी देता रहा है। यह भी कहा है कि किसी देश की सैटलाइट उनके देश की जासूसी करती मिली, तो वह उस सैटलाइट को मार गिराएगा। अमेरिका और नाटो देशों की कोशिश थी कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे कमजोर कर दिया जाए। किंतु एक साल बीतने पर भी ऐसा नहीं हो सका। रूस पेट्रोलियम उत्पाद का बड़ा केंद्र है। यह यूरोपियन देशों को पेट्रोलियम पदार्थ गैस आदि की आपूर्ति करता रहा है। युद्ध के दौरान उसने भारत और चीन को सस्ते पेट्रोलियम उत्पाद बेचकर अपनी आर्थिक हालत मजबूत बनाए रखी। इसका अमेरिका और नाटो देशों ने विरोध किया। भारत ने तो साफ कर दिया कि वह अपनी जरूरत का सामान उस देश से लेगा, जिससे उसे लाभ होगा। उसके हित सिद्ध होंगे। चीन के बारे में दुनिया जानती है, इसलिए उसने भी किसी की नहीं सुनी। रूस की मजबूती का एक कारण दुनिया के कई देशों को शस्त्रों की आपूर्ति भी है। वह लगातार जारी है। इस युद्ध की सबसे बड़ी बात यह है कि युद्ध रूस की जमीन पर नहीं लड़ा जा रहा। युद्ध यूक्रेन की भूमि पर लड़ा जा रहा है। युद्ध का मैदान बना होने के कारण बर्बाद यूक्रेन हो रहा है, रूस नहीं। रूस ने युद्ध के दौरान भारत को एस 400 मिसाइल डिफैंस सिस्टम की तीसरी यूनिट ही नहीं दी, बल्कि वह पुराने करार के अनुरूप भारत समेत अन्य देशों को शस्त्र दे रहा है। उसके कल कारखाने पहले की तरह की काम कर रहे हैं। अभी रूस और ईरान के बीच 24 सुखोई विमान बेचने का सौदा हुआ है। उधर रूस भारत में सुपर सुखोई सुपर जेट और उसके कलपुर्जे बनाने की बात चला रहा है। रूस भारत का लंबे समय से सच्चा मित्र रहा है। भारत की समय-समय पर पूरी ताकत से मदद भी की है। उधर युद्ध का मैदान बना होने के कारण यूक्रेन बर्बाद होने के कगार पर है। उसके यहां जरूरत के सामान की कमी होने लगी है। उद्योग धंधे बमबारी और मिसाइल हमले से बर्बाद हो रहे हैं। कृषि भूमि और खेत खाली पड़े हैं। यूक्रेन की मदद करने वाले अमेरिका और नाटो देश, यूक्रेन में प्रयोग होने वाले संसाधन और जरूरत के सामान की आपूर्ति कर रहे हैं। इतना ही नहीं जरूरत के शस्त्र और गोला बारूद भी दे रहे हैं। उनकी इस कार्रवाई से उनके देश की अर्थव्यवस्था ही प्रभावित हो रही है। उधर रूस अमेरिका और नाटो देशों द्वारा यूक्रेन की की जा रही मदद को लेकर परेशान है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ ही दिन में यूक्रेन को विजयी करने का इरादा रखते थे। लगातर लंबे चलते युद्ध और अमेरिका समेत नाटो देशों के यूक्रेन की मदद से वे झल्लाए हैं।

> रूस लंबे समय से अमेरिका और नाटो देशों को चेतावनी दे रहा है कि यूक्रेन की मदद की तो ठीक नहीं होगा। वह मदद को सीधा अपने पर हमला मानेगा। कई बार वह परमाणु अस्त्रों के प्रयोग की धमकी भी देता रहा है। यह भी कहा है कि किसी देश की सैटलाइट उनके देश की जासूसी करती मिली, तो वह उस सैटलाइट को मार गिराएगा। अमेरिका और नाटो देशों की कोशिश थी कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे कमजोर कर दिया जाए। किंतु एक साल बीतने पर भी ऐसा नहीं हो सका। रूस पेट्रोलियम उत्पाद का बड़ा केंद्र है।



# इमरान खान का अरेस्ट-वारंट कैंसिल, 30 मार्च को सुनवाई : कोर्ट ने कहा- हंगामे में जिरह मुश्किल, अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से आएं

**इस्लामाबाद।**

तोशाखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ जारी अरेस्ट वारंट कैंसिल हो गया है। इमरान शनिवार को इस्लामाबाद कोर्ट में पेश के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके समर्थक कोर्ट के बाहर हंगामा कर रहे थे। ऐसे में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने पूर्व पीएम की उपस्थिति दर्ज करने के बाद उन्हें वापस जाने की अनुमित दे दी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 मार्च तक स्थगित कर दी और इमरान के खिलाफ जारी अरेस्ट वारंट भी रद्द कर दिया। जज ने कहा कि ऐसे माहौल में सुनवाई करना मुमकिन नहीं है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में इमरान को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट परिसर के बाहर इमरान के समर्थकों को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इसका प्रभाव कोर्ट में भी महसूस हो रहा था। वहीं, कोर्ट परिसर की खिड़कियों पर पथराव भी किया गया। उधर, इमरान खान ने एक ऑडियो मैसेज में कहा कि मैं 15 मिनट से कोर्ट के बाहर इंतजार कर रहा हूं, लेकिन उन्होंने आंसू गैस के गोले दागे हैं। ऐसा लगता है कि वे नहीं नहीं चाहते, मैं कोर्ट तक पहुंचूं। इमरान खान के इस्लामाबाद के लिए निकलने के बाद पुलिस ने उनके जमान पार्क वाले घर पर रेड की। पुलिस बुल्डोजर से गेट तोड़कर इमरान के घर में दाखिल हुई थी। करीब ढाई घंटे तक घर की सर्चिंग के बाद पुलिस लौट गई। पूर्व पीएम ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई थी। इमरान ने कहा था- अगर मुझे गिरफ्तार किया जाता है, तो को संभालने के लिए मैंने एक कमेटी बना दी है। हालांकि, कमेटी में शामिल लोगों को लेकर खान ने कोई जानकारी नहीं दी। पाकिस्तान की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी ने इस्लामाबाद के ज्यूडीशियल कॉम्प्लेक्स में जारी हलचल के मीडिया कवरेज पर रोक लगा दी थी। वहीं, पुलिस ने हिंसा फैलाने और कानूनी कार्रवाई में दखल देने के आरोप में इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के 40 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। उन पर लाठीचार्ज भी किया गया। इधर, इस्लामाबाद जाने के रास्ते में इमरान के काफिले की 3 गाड़ियां कल्लर कहार के पास आपस में टकरा गईं। बताया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ। यह जगह राजधानी से करीब 135 किमी दूर है। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

## न्यूज ब्रीफ

### न्यायिक सुधारों के खिलाफ इस्राइल में बढ़ रहा विरोध, लगातार 11वें हफ्ते जारी हैं प्रदर्शन





**जेरूसलम।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कट्टर-दक्षिणपंथी सरकार की न्यायिक सुधार योजनाओं के खिलाफ लगातार 11वें सप्ताह विरोध प्रदर्शन जारी हैं। शनिवार को फिर कस्बों और शहरों में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। नेतन्याहू की सरकार ने पदभार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद जनवरी में सुधारों की घोषणा की थी, जिसे लेकर पूरे इस्राइल में नियमित रूप से बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हा रहा है। इस्राइली मीडिया के अनुसार, हाइफा, येरुशलम और बेर्शेबा सहित 100 से अधिक कस्बों और शहरों में हजार प्रदर्शनकारी निकले। दरअसल, प्रदर्शनकारियों को डर है कि पहले से ही संसद के माध्यम से चल रहे प्रस्तावित सुधार, अदालतों पर राजनेताओं की शक्ति में वृद्धि करेंगे, जो इस्राइली लोकतंत्र के लिए खतरा है। तेल अवीव के डिजेंगॉफ स्क्वायर में, हजारों प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल के नीले और सफेद झंडे और साथ ही एलजीबीटीक्यू समुदाय के इंद्रधनुषी झंडे को भी लहराया। शहरों से निकले प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर जाम लगा दिया। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने केंद्रीय तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन कर लोगों के हाथों में एक बैनर देखा जिस पर लिखा था: देशद्रोही वामपंथी। तेल अवीव में मुख्य रैली में शामिल होने वाले हर्जलिया शहर के एक सेवानिवृत्त 64 वर्षीय नामा मजोर ने कहा कि वह खुद के लिए नहीं, बल्कि अपनी बेटियों और पोते-पोतियों के लिए चिंतित हैं। उन्होंने एएफपी को बताया, हम इस्राइल को लोकतांत्रिक, बेशक यहूदी, लेकिन उदार रखना चाहते हैं। हम बहुत चिंतित हैं कि यह एक तानाशाही बनने जा रहा है।

### इक्वाडोर में 6.8 तीव्रता का भूकंप: 16 की मौत, 381 घायल; कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**क्विटो।** साउथ अमेरिकी देश इक्वाडोर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.8 रही। इस भूकंप के चलते 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 381 लोगों के घायल होने की खबर है। जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का सबसे ज्यादा असर गुयास में हुआ। ये कोस्टल इलाका है। भूकंप का केंद्र यहां से 80 किलोमीटर दूर ग्वायाक्विल शहर में था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। भूकंप इतना तेज था कि इसके झटके पड़ोसी देश पेरू में भी महसूस किए गए। कई घर तबाह हो गए। लोगों ने सोशल मीडिया पर भूकंप के बाद की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। इनमें भारी नुकसान देखा जा सकता है। 2017 में ईरान-इराक में क्रॉस-बॉर्डर भूकंप आया था। इराक के कुर्दिश शहर हलाबजा से इरान के कर्मानशाह प्रांत में झटके महसूस किए गए थे। इसमें 630 लोगों की मौत हुई थी। 8 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 6 फरवरी 2023 को भी तुर्किये-सीरिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। दोनों देशों में भारी तबाही हुई। तुर्किये में 44,374 लोगों की जान गई।



### बांग्लादेश में बड़ा सड़क हादसा: 47 यात्रियों को लेकर ढाका जा रही बस खाई में गिरी, 17 लोगों की मौत; 30 घायल



**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई और 30 यात्री घायल हो गए। घायलों में भी 14 यात्रियों की हालत गंभीर है। इससे मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। घायलों में मदारीपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। मदारीपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मसूद आलम ने बताया कि बस रविवार सुबह करीब 9 बजे शोनाडांगा से ढाका के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान मदारीपुर के पास टायर फट जाने से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। मौके पर ड्राइवर कंडक्टर समेत 15 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शोनाडांगा बस काउंटर के काउंटर मैन एमडी सबुज खान ने बताया कि बस जब शोनागांडा से रवाना हुई तो इसमें करीब 47 यात्री सवार थे।

# ताइवान युद्ध में अमेरिका का साथ देने की प्रतिबद्धता नहीं, ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम का चौंकाने वाला बयान

**कैनबरा।**

ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लस ने ताइवान की स्थिति पर बातचीत करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ऑकस वार्ता में अमेरिका को कोई प्रतिबद्धता नहीं दी है। रिचर्ड मार्ल्स ने यह टिप्पणी अपनी बहु-दशक योजना का बचाव करते हुए की। दरअसल, अमेरिका और ब्रिटेन की मदद से अब और मध्य 2050 दशक के बीच 368 तक की कुल लागत पर परमाणु-संचालित पनडुब्बियों को प्राप्त किया। अमेरिका 2030 के दशक में ऑस्ट्रेलिया को कम से कम तीन - और पाँच - वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों को बेचने की योजना बना रहा है। यह ऑस्ट्रेलिया की डीजल-इलेक्ट्रिक कॉलिन्स-श्रेणी की पनडुब्बियों की सेवानिवृत्ति और 2040 के दशक से ब्रिटिश-डिज़ाइन, ऑस्ट्रेलियाई-निर्मित परमाणु-संचालित पनडुब्बियों की सेवा में प्रवेश के बीच क्षमता अंतर को भरने का प्रयास करता है। मार्ल्स,उपप्रधानमंत्री के साथ रक्षा मंत्री भी हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि चीन का तेजी से सैन्य निर्माण उस रणनीतिक परिदृश्य को आकार देता है जिसमें हम रहते हैं। उन्होंने एबीसी के इनसाइडर कार्यक्रम को बताया कि ऑकस पनडुब्बियां दक्षिण चीन सागर में व्यापार और नेविगेशन की स्वतंत्रता और उड़ान की रक्षा में ऑस्ट्रेलिया की रुचि का समर्थन करेंगी। मार्ल्स ने कहा कि वह ताइवान पर भविष्य के संघर्ष के बारे में अनुमान नहीं लगाएंगे। यह 24 मिलियन लोगों का एक स्व-शासित लोकतंत्र है जिसे चीन ने बलपूर्वक लेने से इंकार नहीं किया है। एबीसी के डेविड स्पीयर्स ने मार्ल्स से पूछा कि क्या ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को एक प्रतिबद्धता दी थी कि वह वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों तक



पहुंच के बदले में ताइवान पर संघर्ष की स्थिति में सहयोगी के तौर पर शामिल होगा। मार्ल्स ने कहा-इसका उत्तर निश्चित रूप से नहीं है। बिल्कुल नहीं - और न ही किसी की तलाश की गई थी। मैंने कई टिप्पणीकारों से अनुमान सुना है, लेकिन यह सरासर गलत है। इस बात की पुष्टि करने के लिए दबाव डाला गया कि कोई प्रतिफल नहीं था, मार्ल्स ने कहा: बिल्कुल नहीं। और मैं इससे ज्यादा स्पष्ट नहीं हो सकता। मार्ल्स ने दोहराया कि 2030 के दशक की शुरुआत में उन वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली पर एक झंडा होगा। यह वह क्षण होगा जब पनडुब्बी ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पूर्ण नियंत्रण में होगी। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि ताइवान पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के पवित्र क्षेत्र का हिस्सा था । उन्होंने इसके साथ संघर्ष और टकराव की चेतावनी भी दी, अगर अमेरिका ने ब्रेक नहीं मारा, लेकिन गति को कम करना जारी रखा, तो यह गलत पथ होगा। मार्ल्स ने कहा कि परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों में युद्ध के संदर्भ में काम करने की क्षमता होगी, लेकिन यहां प्राथमिक इरादा क्षेत्र की सामूहिक सुरक्षा के लिए क्षेत्र की स्थिरता में अपना योगदान देना था। ऑस्ट्रेलियाई किसी भी संघर्ष के संबंध में क्या करते हैं, यह हमेशा एक ऑस्ट्रेलियाई सरकार के नियंत्रण का विषय होता है, और यह उस नियंत्रण के किसी भी औंस को नहीं हटाता है। मार्ल्स ने कहा कि बीजिंग अपने आसपास की दुनिया को इस तरह से आकार देने की मांग कर रहा था जैसा कि हमने पिछले दशक से पहले ऐसा नहीं देखा है। मार्ल्स ने कहा कि चीन ने कृत्रिम द्वीपों का निर्माण किया था और इस तरह से संप्रभुता का दावा किया जो समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन या 2016 में एक अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण के फैसले के अनुरूप नहीं था। मार्ल्स ने स्वीकार किया कि उस व्यापार का एक बड़ा हिस्सा चीन के साथ था, लेकिन उन्होंने कहा: जापान के लिए हमारे सभी व्यापार, दक्षिण कोरिया के लिए हमारे सभी व्यापार - हमारे शीर्ष पांच व्यापारिक साझेदारों में से दो - दक्षिण चीन सागर के माध्यम से जाते हैं। यहाँ बनाने का एकमात्र बिंदु यह है कि नियम-आधारित आदेश का रखरखाव, जैसा कि हम इसे समझते हैं, नेविगेशन की स्वतंत्रता, ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता, पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के हितों में है इसीलिए हमें उस रास्ते पर चलना होगा जो हम हैं। इससे पहले रविवार को, ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के एमेरिटस प्रोफेसर ह्यूग व्हाइट ने वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों की छिपी हुई कीमत के बारे में चेतावनी दी थी। व्हाइट ने डेमोक्रेसी सॉसेज पॉडकास्ट को बताया: जहां तक मैं देख सकता हूं, बिल्कुल कोई रास्ता नहीं है कि कोई भी अमेरिकी प्रशासन अपनी दुर्लभ परमाणु-संचालित हमलावर पनडुब्बियों को बेच देगा, जिनमें से उनकी जरूरत से कम है ... जब तक कि वे पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि एशिया में एक बड़े संघर्ष की स्थिति में - चीन के साथ संघर्ष - कि ऑस्ट्रेलिया की पनडुब्बियां उनके लिए उपलब्ध रहेंगी। औकस सौदे के खिलाफ चीनी सरकार ने कहा है कि यह विशिष्ट शीत युद्ध मानसिकता को दर्शाता है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने पुराने दावों को दोहराया कि अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र में नाटो-प्रतिकृति बनाने के प्रयास में एक एंग्लो-सैक्सन गुट बना रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री, डॉन फैरेल ने बताया कि बीजिंग में चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ के साथ व्यक्तिगत रूप से बैठक करने के लिए दोनों देशों ने उनके लिए किसी विशेष तारीख तय नहीं किया है। फैरेल ने कहा, अधिकारियों के स्तर पर चर्चा अच्छी चल रही है ... प्रस्ताव अभी बाकी है, मैंने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। सब कुछ रिश्ते के स्थिरीकरण के लिए सही दिशा में इशारा कर रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रक्रिया जारी रहेगी। जैसे-जैसे 2023 गति पकड़ रहा है, और भारत हमारे साथ जुड़ रहा है।

# ताइवान के हवाई क्षेत्र में घुसे चीन के 26 सैन्य विमान, ताइपे ने भी की जवाबी कार्रवाई



**ताइपे।**

**चीन और ताइवान के बीच तनाव अब भी कम नहीं हुआ है। इस बीच, ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार को कम से कम 26 चीनी सैन्य विमानों और नौसेना के चार पोतों को अपने वायुक्षेत्र में ट्रैक किया है। ताइवान के मीडिया ने यह जानकारी दी।**

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 26 विमान ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में देखे गए। इनमें से चार चेंगदू जे-10 लड़ाकू विमान, 4 शेनयांग जे-16 लड़ाकू विमान, एक सीएच-4 ड्रोन और एक हार्बिन बीजेडके-005 ड्रोन ने ताइवान स्ट्रेट मीडियन लाइन को पार किया। हार्बिन के एक अन्य ड्रोन ने ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र के दक्षिणी किनारे पर उड़ान भरी।

एडीआईजेड के दक्षिण-पश्चिम कोने में दो शेनयांग जे-16 लड़ाकू विमान, एक शानक्सी वाई-8 पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान और एक बीजेडके-007 ड्रोन देखे गए। एडीआईजेड़ के दक्षिण-पूर्व हिस्से में हार्बिन जेड-9 पनडुब्बी रोधी हेलीकॉप्टर भी दिखाई दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए ताइवान ने पीएलए के विमानों और जहाजों को ट्रैक करने के लिए विमान, नौसैनिक नौकाएं और भूमि आधारित मिसाइलें भेजीं। चीन ने इस महीने अब तक ताइवान में 67 नौसैनिक जहाजों और 266 सैन्य विमानों को ताइवान में भेजा है। बीजिंग सितंबर 2020 से ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र के अंदर नियमित रूप से विमान भेज रहा है और अपनी ग्रे जोन स्ट्रेटजी को तेज कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रे जोन स्ट्रेटजी को आश्वासन से परे एक प्रयास के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसका उद्देश्य बल का सहारा लिए बिना सुरक्षा के उद्देश्यों को हासिल करना है चीनी सैन्य जहाज, मछली पकड़ने वाले जहाज और रेत ड्रेजर नियमित रूप से ताइवान के जल क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। रक्षा विश्लेषक इसे ग्रे जोन स्ट्रेटजी के रूप में वर्णित करते हैं।

# ट्रंप ने किया गिरफ्तारी का दावा, मस्क बोले- ऐसा होता है, तो भारी जीत से फिर चुने जाएंगे राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।**

टेस्ला और ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क ने दावा किया है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को गिरफ्तार किए जाने पर भारी जीत के साथ उन्हें फिर से चुना जा सकता है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया है किया है कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय द्वारा लाए गए एक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किए जाने की आशंका है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने समर्थकों से अपनी गिरफ्तारी का विरोध करने का आह्वान भी किया। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने ट्वीट किया, अगर ऐसा होता है, तो ट्रंप भारी जीत के साथ फिर से चुने जाएंगे। ट्विटर के सीईओ ने एक रिपोर्ट पर यह प्रतिक्रिया दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप को जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है। सीएनएन के मुताबिक, न्यूयॉर्क सिटी में शहर, राज्य और संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के



बीच सप्ताह भर से बैठकें चल रही हैं कि एडल्ट फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स से जुड़ी हश-मनी स्कीम की एक साल की जांच के संबंध में ट्रंप के संभावित अभियोग की तैयारी कैसे करें। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीच ट्रंप ने यह नहीं बताया है कि उन्हें अभियोग और संभावित आरोपों के बारे में क्या जानकारी दी गई है। हालांकि, उनकी कानूनी टीम यह अनुमान लगा रही है कि ट्रंप की गिरफ्तारी जल्द ही होगी और इससे निपटने के लिए पहले से ही पर्दे के पीछे से तैयारी कर रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने खुद ही कहा कि मैनहट्टन जिला अटॉर्नी कार्यालय हश मनी मामले में उन्हें आरोपित करने वाला हैं।

# जंग के बाद पहली बार यूक्रेन पहुंचे पुतिन : रूसी कब्जे वाले मारियुपोल में कार चलाई, आम लोगों से मिले; एक दिन पहले क्रीमिया गए थे

**मारियुपोल।**

रूस-यूक्रेन जंग शुरू हुए एक साल से ज्यादा हो चुका है। इस बीच, पहली बार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन पहुंचे। रविवार को पुतिन ने रूसी कब्जे वाले मारियुपोल शहर का दौरा किया। वो हेलिकॉप्टर से यहां पहुंचे। उन्होंने यहां कुछ आम लोगों से भी मुलाकात की। नेवस्की जिले में वो एक परिवार के घर भी गए। पुतिन के इस दौरे पर यूक्रेन की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है। पुतिन ने यूक्रेन में फौजी अफसरों से भी मुलाकात की। वो चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव से भी मिले।

**मारियुपोल की सड़कों पर कार चलाई** - पुतिन ने डिप्टी पीएम खुशुनिलिन के साथ मारियुपोल की सड़कों पर कार भी चलाई। उन्होंने वहां की सड़कों को शानदार बताया। खुशुनिलिन ने कहा- लोग अब मारियुपोल लौटने लगे हैं। मारियुपोल पर मई 2022 से रूस का कब्जा है। यहां रूस-यूक्रेन के बीच कई दिन जंग चली थी, रूस को बाद में कामयाबी मिली। जंग से पहले मारियुपोल में करीब 5 लाख लोग रहते थे। यहां यूरोप का सबसे बड़ा एजोवस्तल



स्टील प्लांट भी था।

**एक दिन पहले क्रीमिया गए थे पुतिन** - पुतिन शनिवार को रूसी कब्जे वाले क्रीमिया पहुंचे थे। वे यहां ब्लैक सी प्रायद्वीप पर कब्जे की नौवीं एनिवर्सरी पर पहुंचे थे। रूसी मीडिया के मुताबिक वे सेवस्तोपोल की ब्लैक सी पोर्ट सिटी भी गए। क्रीमिया में पुतिन ने एक आर्ट स्कूल का उद्घाटन भी किया। रूस ने 2014 में यूक्रेन के क्रीमिया पर एक जनमत संग्रह के आधार पर कब्जा कर लिया था। रूस के इस कदम को यूक्रेन और इंटरनेशनल कम्युनिटी ने मान्यता नहीं दी थी।

**जारी हुआ था अरेस्ट वॉरंट** - शुक्रवार को इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। कोर्ट ने कहा- पुतिन ने यूक्रेन में वॉर क्राइम किए हैं। वो यूक्रेनी बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के अपराध के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि रूस ने युद्ध अपराधों के आरोपों से इनकार किया है। रूस ने कहा कि वो आईसीसी के किसी फैसले को नहीं मानता।

### दक्षिण कोरिया-अमेरिका के सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने फिर दागी मिसाइल, जापान के समुद्र में गिरी

**सियोल।** कोरियाई प्रायद्वीप में लगातार उत्तरी कोरिया द्वारा बेलिस्टिक मिसाइल के प्रयोग का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के हवाले से खबर दी है कि उत्तर कोरिया ने रविवार को कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट से दूर समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी। हालांकि उन्होंने इसके बारे में तुरंत कोई विवरण नहीं दिया है।

# अफगानिस्तान में मीडिया संस्थानों का हुआ बद से बदतर हाल, देश छोड़कर भागने को मजबूर पत्रकार

**काबुल।**

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आने के बाद से ही महिलाओं के अलावा मीडिया की आजादी को छीनने से जुड़े कदम भी उठाए जा रहे हैं। पत्रकारों के साथ मीडिया संस्थान की हालत बद से बदतर हो गई है। इसके चलते अफगान मीडिया के लगभग आधे से भी ज्यादा पत्रकारों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। कुछ तो देश छोड़कर बाहर जाने के लिए मजबूर हो गए। अफगानिस्तान नेशनल जर्नलिस्ट यूनियन (एएनजेयू) का हवाला देते हुए रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि 53 फीसदी पत्रकार अब तक अपनी नौकरी से हाथ धो बैठे हैं। वहीं, अफगानिस्तान में राष्ट्रीय पत्रकार दिवस के अवसर पर बताया गया कि 50 फीसदी मीडिया आउटलेट्स तालिबान शासन आने के बाद से अलग-अलग कारणों से बंद हुए हैं।

### आर्थिक कठिनाइयां झेल रहे मीडिया संस्थान

एएनजेयू के सदस्य मंसूर लुफ्ती ने



बताया- कई पत्रकार देश छोड़कर चले गए। मीडिया समुदाय को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें आर्थिक कठिनाइयों के अलावा मीडिया की गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों की वजह से काफी संकटों से जूंझना पड़ रहा है। इसके अलावा, मीडिया समुदाय के सुरक्षात्मक कानूनों का निलंबन या बंद करना एक बड़ी चुनौती है।

कई पत्रकारों ने इस मुद्दे पर अपनी सहानुभूति व्यक्त की है। उन्होंने इस्लामिक अमीरात सुचना के क्षेत्र में विशेष रूप से आए चुनौतियों का सामना करने को कहा। पत्रकार रकीब फैयाज ने कहा- पत्रकार दिवस तब मनाया जाता है, जब सूचना की कमी को एक कठिनाई भरा मुद्दा माना जाए। यह समुदाय अभी भी प्रमुख मुद्दों से निपट रहा है। एक अन्य पत्रकार मुश्तफा शहरयार ने कहा- हमने सरकारी अधिकारियों से इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान देने और पत्रकारों की सुरक्षा की बात की है।

### पत्रकारों पर अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

तालिबान के सूचना और संस्कृति मंत्रालय ने कहा कि वे पत्रकारों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। यूनाइटेड नेशन के 2022 के रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में पत्रकारों पर लगभग 200 मामले दर्ज है। इनमें मनमानी गिरफ्तारी, दुर्व्यवहार, उत्पीड़न, डराना और धमकाने जैसे केस शामिल हैं। खामा प्रेस के रिपोर्ट के अनुसार कई पत्रकारों को संवेदनशील मुद्दों की रिपोर्टिंग के लिए गिरफ्तार किया गया, सताया गया और जान से मारने की धमकी दी भी गई। कई रेडियो, और टीवी स्टेशनों और समाचार एजेंसियों ने अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं, लगभग 6,000 से अधिक पत्रकारों ने अपनी नौकरी खो दी है। महिला अफगान पत्रकार एक पत्रकार और एक महिला होने के दोहरे दबाव से ग्रस्त हैं। खामा प्रेस के अनुसार, तालिबान द्वारा महिलाओं को विश्वविद्यालय में भाग लेने, सरकारी या गैर-सरकारी सहायता संगठनों के साथ काम करने और सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित होने से प्रतिबंधित करने वाले नवीनतम प्रतिबंधों ने महिला पत्रकारों को काफी ज्यादा प्रभावित किया है।

### सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में तीन आतंकवादियों को मार गिराया, हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के अवारन जिले में एक अभियान के दौरान तीन लोगों को मार गिराया। अधिकारी ने मारे गए लोगों को आतंकवादी बताया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से यह खबर दी। बयान के अनुसार, दक्षिण अवारन के सामान्य क्षेत्र में सक्रिय एक आतंकवादी समूह को रोकने के लिए खुफिया-आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) 15 मार्च को शुरू किया गया था। बयान के अनुसार, मारे गए आतंकवादी तुरबत-अवारन रोड और आसपास के इलाकों में गोलीबारी और इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की घटनाओं से जुड़े थे। आईएसपीआर ने कहा कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर पिछले तीन दिनों से आतंकवादियों द्वारा बार-बार आने वाले क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर कई बार घात लगाकर हमला किया गया था। आईएसपीआर ने कहा कि सभी आतंकवादियों को उनके ठिकाने की ओर बढ़ते समय सेना ने उनका रास्ता रोक दिया था। आईएसपीआर ने कहा कि रास्ता रोकने पर आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी। भारी गोलीबारी के दौरान तीनों आतंकवादी मारे गए, जबकि हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया गया है। बयान में आगे कहा गया है, पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान की शांति, स्थिरता और प्रगति को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को विफल करने के लिए देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीएम गहलोत ने कहा, मिलकर चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे

## चुनाव के बाद मुख्यमंत्री का फैसला हाईकमान करेगा

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार और संगठन में नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मल्लिकार्जुन खड़गे से नई दिल्ली में शनिवार को मुलाकात की है। खड़गे से मुलाकात के बाद सीएम गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत में पूरी साफगोई से पार्टी में मतभेद को स्वीकार करते हुए कहा छोटे-मोटे मतभेद हैं, जो हर पार्टी में और हर राज्य में होते हैं। मतभेद और मनभेद तो राजस्थान बीजेपी में हैं। गहलोत ने कहा कि इन छोटे-मोटे मतभेदों के बावजूद राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और 2023 में सरकार रिपीट करवाएंगे। जहां तक मुख्यमंत्री की बात है तो हमेशा इसका फैसला हाईकमान करता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से यह रिवाज रहा है कि चुनाव के बाद कांग्रेस आलाकमान ही यह तय करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा ? उन्होंने कहा कि हम सब साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब नतीजे आते हैं, उसके बाद आलाकमान ही तय करता है कि मुख्यमंत्री कौन होगा और आलाकमान के निर्णय को हम सब मानते हैं। गहलोत ने कहा कि हम बचपन से कांग्रेस में काम कर रहे हैं, हमेशा मुख्यमंत्री का फैसला हाईकमान ही करता है। इसमें कोई दो राय नहीं है, यह कभी बहस का विषय रहता ही नहीं। नए जिलों पर गहलोत ने कहा कि जिलों को लेकर बहुत पुरानी मांग थी। राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है, उसकी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जिलों की जरूरत थी। हमने बहुत स्टडी करने के बाद 19 जिले बनाने का फैसला किया है। इसका लोगों ने स्वागत किया



है। जनता इससे खुश है। राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर माफी के सवाल पर गहलोत ने कहा कि पहली बार देख रहे हैं कि सत्तापक्ष संसद को नहीं चलने दे रहा। ये बातें देश तक ही सीमित नहीं रहती हैं, दुनिया तक जाती हैं कि सत्तारूढ़ पार्टी खुद ही संसद को डिस्टर्ब करे। राहुल गांधी किस बात की माफी माफी मांगें ? माफी तो प्रधानमंत्री मोदी को मांगनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि मोदी पिछले नौ साल में देश के बाहर क्या-क्या नहीं बोले। जर्मनी और कोरिया में उन्होंने क्या-क्या नहीं कह दिया कांग्रेस के बारे में। किस प्रकार से उन्होंने देश के बाहर कहा था कि 70 साल में देश के अंदर कुछ भी नहीं हुआ, हिंदुस्तान के अंदर कहां पैदा हो गए ? पता नहीं उन्होंने देश के बारे में क्या-क्या शब्द बोले थे। गहलोत ने कहा कि मैं आपसे बात कर रहा हूं, यह पूरी दुनिया देख सकती है। इंटरनेट का युग है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और दिल्ली में जो बातें कहीं थी। वही बातें उन्होंने लंदन में रिपीट की थीं। अडाणी के मुद्दे पर जेपीसी नहीं बनानी पड़े, इसलिए वे बहाना करके राहुल गांधी का मुद्दा लेकर आए हैं।

## पंजाब पुलिस ने रातभर की अमृतपाल की तलाश, नहीं मिला सुराग

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने पूरी रात खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह की तलाश की है। आज (रविवार) भी उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। अमृतपाल तीन बार पुलिस को चकमा दे चुका है। उसे भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। पुलिस अब तक उसके 78 साथियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने रातभर जालंधर जिले के गांव सरी और अमृतसर जिले के गांव जल्लूखेड़ा को घेरे रखा। आशंका है अमृतपाल इन्हीं गावों में छिपा हो सकता है। पंजाब पुलिस तथा अर्द्ध सैनिक बलों ने इन गांवों में डेरा डाले है। इस बीच पुलिस ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बड़ा दी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने आज दोपहर 12 बजे के बाद बैठक बुलाई है। राज्य में इंटरनेट सेवा की निलंबन अवधि के बारे में भी इस बैठक में फैसला लिया जाएगा।

## पंजाब की जनता का इंटरनेट बंद लेकिन जेलों में गैंगस्टर चला रहे : बलकौर सिंह

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के लोकगायक सिद्धू मूसेवाला की बरसी पर पिता बलकौर सिंह ने कहा कि सरकार ने पंजाब की जनता का इंटरनेट बंद कर दिया लेकिन गैंगस्टरों का इंटरनेट जेलों में सरेआम चल रहा है। मूसेवाला की पिछले साल 29 मई को हत्या कर दी गई थी। रविवार को मानसा की अनाज मंडी में मूसेवाला की बरसी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उम्मीद जताई जा रही थी कि इस कार्यक्रम में एक लाख के करीब लोग आएंगे लेकिन पुलिस द्वारा शनिवार से चलाए जा रहे ऑप्रेशन अमृतपाल के कारण बहुत कम संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बलकौर सिंह ने जहां इशारों ही इशारों में राजनीतिक दलों को लपेटा वहीं उन्होंने कहा कि जिस दिन उन्होंने टीवी पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू चलते हुए देखा तो उस दिन लगा कि बेटे की दोबारा हत्या की गई है। बलकौर ने पंजाब सरकार और केंद्र सरकार मुर्दाबाद का नारा भी लगाया। उन्होंने सोचा नहीं था कि इंसाफ लेने के लिए विधानसभा के दरवाजे पर पत्नी को साथ लेकर बैठना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर खुद सिद्धू की मौत की जिम्मेदारी ले रहा है और पुलिस उसके सामने घुटने टेक रही है। बलकौर सिंह ने कहा कि अमृतपाल पर पंजाब पुलिस किसी अन्य दिन भी कार्रवाई कर सकती थी लेकिन सिद्धू की बरसी पर लोग कम गिनती में पहुंचे, इस कारण सरकार ने ये घटिया हरकत की है। सरकार लोगों के सामने पूरी तरह से फेल साबित हो चुकी है। लॉरेंस के इंटरव्यू से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की कार्रवाई करवाई जा रही है।

## चार जिलों की पुलिस ने तीन सौ से अधिक स्थानों पर की रेड

**जयपुर/बीकानेर ( हिंस )।** जयपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आपराधिक गैंगों के सक्रिय बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई के मिले निर्देश पर काम करते हुए बीकानेर रेंज की पुलिस ने आईजी ओमप्रकाश के निर्देशन में चार जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में सघन कार्रवाई की। जिसमें रेंज के अधीनस्थ जिलों में गठित टीम में 1600 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल किए गए। एक बदमाश से बुलेट प्रूफ जैकेट भी मिली। यह जैकेट एनकाउंटर में मारा गया गैंगस्टर आनंदपाल इस्तेमाल करता था। पकड़े गए बदमाशों में गैंगस्टर आनंदपाल और लॉरेंस गैंग के बदमाश शामिल है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में पुलिस ने रविवार को बदमाशों पर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने सात जिलों से 652 बदमाशों को गिरफ्तार किया। रविवार को बीकानेर रेंज के बीकानेर, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ और उदयपुर, जोधपुर, कोटा जिलों में कार्रवाई की। सात जिलों के एसपी ने अपने-अपने जिलों में गैंगस्टर और हार्डकोर बदमाशों के ठिकानों पर रेड मारी। इसमें कुल 2920 पुलिसकर्मियों ने एक साथ 350 से ज्यादा जगहों पर दबिश दी। इस संबंध में रविवार को प्रेस- कांफ्रेंस में बीकानेर आईजी ओमप्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान रेंज बीकानेर में आपराधिक गैंगों के सदस्यों के 331 स्थानों पर रेड दी गयी। रेड के दौरान 180 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें 3 अपराधी एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में वांछित, 3 अपराधी आर्म्स एक्ट प्रकरणों में वांछित, 14 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए।

## अडानी को बचाने व राहुल गांधी को बदनाम करने का षड्यंत्र जनता देख रही है : तिवारी

**जयपुर ( हिंस )।** देश की संसद की कार्रवाई के नहीं चलने के पीछे भाजपा की ओछी व घटिया राजनीति है। अपनी काली करतूतों को छिपाने, अडानी का मुद्दा सामने ना आए इसके लिए यह सब हो रहा है। यह गंभीर आरोप लगाया महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गोपालदादा तिवारी ने। यहां आए वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपालदादा ने एक विशेष भेंटवार्ता में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश की बदनामी जैसे विषय को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। वह बोले मोदी, शाह और अडानी के कथित घपलों को छिपाने, उस पर बात नहीं करने व जेपीसी कमेटी नियुक्त नहीं करने सहित कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ गंदी साजिशें रची जा रही है। वर्ष 2014 एवं 2019 के चुनाव में यदि पहले नंबर पर बीजेपी चुनी गई है तो दूसरे नंबर पर कांग्रेस पार्टी ही रही है। विपक्षी दल में जिस पार्टी को जनता ने दूसरे स्थान पर रखा है उसकी भी बात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सुनना चाहिए। पुणे महानगर पालिका के पूर्व काउंसलर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपालदादा तिवारी ने कहा कि भाजपा को 31 फीसदी वोट देने वाली जनता ने 20 फीसदी मतदान कांग्रेस के पक्ष में भी किया है। उन्होंने बताया कि देश की जनता सब कुछ देख रही है, लोकसभा में जिस प्रकार ओछी व घटिया राजनीति की जा रही है।

## रेल मंत्री ने जयपुर में वंदे भारत ट्रेन के संचालन की तैयारियों का लिया जायजा

**जयपुर ( हिंस )।** रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को जयपुर दौरे के दौरान कैरिज व वैगन अनुरक्षण डिपो, जयपुर का निरीक्षण कर वंदे भारत ट्रेन के संचालन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा खातीपुरा स्टेशन का निरीक्षण कर नवनिर्मित बिल्डिंग में यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार जयपुर दौरे के दौरान दौरान कैरिज व वैगन अनुरक्षण डिपो, जयपुर का निरीक्षण किया तथा डिपो में ट्रेनों के अनुरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यप्रणाली की जानकारी ली। वैष्णव ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर वंदे भारत ट्रेन के अनुरक्षण से संबंधित सभी विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं दिशा निर्देश प्रदान किए। अश्विनी वैष्णव ने कैरिज व वैगन अनुरक्षण डिपो को प्रदान किए गए कार्यों को समयानुसार करने पर संतोष व्यक्त किया और



कहा कि यह वंदे भारत ट्रेन के संचालन के लिये पूरी तरह तैयार है और शीघ्र ही जयपुर से वंदे भारत ट्रेन प्रारंभ की जाएगी। अश्विनी वैष्णव ने कैरिज व वैगन अनुरक्षण डिपो, जयपुर में महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे विजय शर्मा एवं विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक में संरक्षा, निर्माण परियोजनाओं, विद्युतीकरण कार्य, स्टेशन रि-डेवलपमेंट, यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी इत्यादि पर चर्चा की। बैठक में अश्विनी वैष्णव ने उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्यनिष्पादन की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर पश्चिम रेलवे ने इंफ्रास्ट्रेक्चर कार्यों, यात्री ट्रेनों के समयपालन, माल लदान, ट्रेक अनुरक्षण कार्यों तथा हाई लेवल प्लेटफार्मों निर्माण कार्यों की प्रशंसा की। रेल मंत्री ने आज खातीपुरा स्टेशन का भी निरीक्षण किया। खातीपुरा स्टेशन के निरीक्षण के दौरान नई बिल्डिंग के निर्माण और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए की शेष कार्यों को भी जल्द पूरा किया जाये जिससे स्टेशन से ट्रेनों को प्रारंभ और टर्मिनेट करने की सुविधा प्रारंभ की जा सकें। इसके अतिरिक्त प्रजेन्टेशन के माध्यम से पुर्नविकसित स्टेशन पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान राम चरण बोहरा, सांसद, जयपुर तथा सीपी जोशी, सांसद, चितौडगढ़ भी उपस्थित थे।

## वेतन व अन्य मांगों को लेकर बिफरीं मिड-डे-मील वर्कर्स

**भिवानी ( हिंस )।** मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर 4 माह से बकाया मानदेय, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू करने, मिड-डे मील वर्कर्स को पक्का करने, पीएफ, ईएसआई, बोनस लागू करने, रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने व रिटायरमेंट बैनिफिट लागू करने, 12 महीने का मानदेय लागू करने आदि मांगों को लेकर स्थानीय सुरेंद्र मेमोरियल पार्क से उपायुक्त कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान 5 अप्रैल दिल्ली मजदूर किसान संघर्ष रैली के लिए तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने कहा की समाज के सबसे गरीब हिस्से से आने वाली मिड डे मील वर्कर कमर तोड़ महंगाई होने के बावजूद 7 हजार रुपए मानदेय में गुजारा करना पड़ रहा हैं और वो भी 6-6 माह तक ना मिले तो इनकी क्या हालत होती होगी। मगर इसके बावजूद भी जन विरोधी भाजपा सरकार इन गरीब महिलाओ का शोषण कर रही है। 45वें श्रम सम्मेलन को सिफारिशों को लागू नहीं किया जा रहा है जो मिड डे मील वर्कर्स के कर्मचारी बनाने, न्यूनतम वेतन लागू करने और समाजिक सुरक्षा प्रदान करने की बात करता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कुपोषण बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने बजट में परियोजनाओं के बजट में कोई बढ़ोतरी नही की हैं, बल्कि खाद्य सब्सिडी में कटौती की हैं, जिससे साफ पता चलता हैं कि यह मजदूर, कर्मचारी व आम जनता विरोधी बजट है। यूनियन की राज्य अध्यक्ष सरोज दुजाना, सीटू जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि वर्करों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्हें 6-6महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। शिक्षा विभाग व सरकार वर्कर के भारी उपेक्षा कर रही है। साल भर से वर्दी भत्ते नही मिल रहे, जो मिल भी रहा वो बहुत ही नाकाफी हैं। जो भी वर्कर हटाई गई है उन्हें दोबारा काम पर रखा जाए। वर्कर से किसी प्रकार की बेगार ना हो। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने मजदूरों के बारे में चार नए लेबर कोड लाकर मजदूरों की वर्तमान और भावी पीढ़ी को गुलामी की दलदल में धकेल दिया है। खेती और खाद्य सुरक्षा को उजाड़ने वाले तीन कृषि कानूनों के खिलाफ लाखों किसान सड़कों पर है। सरकार जनविरोधी कदम वापस ले।

## अमृतपाल प्रकरण को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर

कैथल (हिंस)। पंजाब में वारिस पंजाब दे मुखिया अमृतपाल को भगोड़ा घोषित करने बाद शनिवार से कैथल पुलिस अलर्ट मोड पर चल रही है। कैथल पुलिस ने जिला के पंजाब से लगने वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस के गुप्त चर हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। बॉर्डर वाले इलाकों में पुलिस ने रात से ही नाकेबंदी कर रखी है। पंजाब की ओर से जिला में प्रवेश होने वाले हर वाहन की तलाशी ली जा रही है। चीका थाना के एसएचओ शिव कुमार ने बताया कि पंजाब बॉर्डर पर टटियाना, खनौरी पातड़ां के साथ-साथ गुहला चीका में पुलिस ने नाकेबंदी कर रखी है। बिना तलाशी लिए किसी वाहन को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा। संदिग्ध लोगों को काबू करने के लिए पुलिस मुस्तैद है। अमृतपाल मामले को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। जिले में गुहला चीका के पंजाब बॉर्डर के क्षेत्रों में कड़ी



सुरक्षा व्यवस्था की है। यहां पंजाब जाने वाले और वहां से आने वाले वाहन चालकों की जांच आगामी आदेश तक जारी रहेगी।

## हिंदू नव वर्ष को लेकर घर-घर पीले चावल वितरण



**झालावाड़ ( हिंस )।** जिले के खानपुर उपखंड के पनवाड़ में हिंदू नव वर्ष के स्वागत एवं शोभायात्रा को लेकर घर घर संपर्क किया जा रहा हैं। 23 मार्च को भव्य शोभायात्रा में भाग लेने के लिए राष्ट्र सेविका समिति की बहिनों ने टोलियां बनाकर घर घर पीले चावल वितरण करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर भगवा ध्वज वितरण समिति की ओर से घरों, प्रतिष्ठानों के मालिकों को ध्वज वितरण कर छत पर लगाने की अपील की गई है। नव वर्ष स्वागत समिति के संयोजक श्रीकांत नागर ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के स्वागत के लिए 23 मार्च को शोभायात्रा में ध्वज वाहिनी, राम दरबार की झांकियां, दुर्गावाहिनी, महापुरुषों की 30 झांकियां व चल झांकिया आकर्षण के केंद्र होगी। 201 भगवा ध्वज जिसकी तैयारियों को लेकर स्वयं सेवकों की टोली मकानों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों एवं घर घर ध्वज वितरण कर दिया है। कस्बे में एक हजार बड़े ध्वज विरतण किए जा रहे है। 101 तोरण द्वार बना कर नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। झालावाड़ शहर में भी महिला शक्ति घर घर पत्रक वितरण कर अधिक से अधिक भाग लेने का आग्रह किया जा रहा हैं।

## राइट टू हेल्थ बिल का विरोध जारी

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ बिल लाये जाने का विरोध लगातार बढता रहा है। जिसके चलते शनिवार देर रात को राज्य के सभी निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने अपने-अपने अस्पताल बंद करने का निर्णय लिया गया है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी राजस्थान के मीडिया चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि 23 फरवरी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ ज्वाइंट एक्शन कमेटी की सफल समझौता वार्ता होने के बाबजूद भी उसकी पालना राज्य के आला अधिकारियों द्वारा नहीं जाने के कारण राज्य के समस्त चिकित्सक उद्वेलित है।

## चुनावी लाभ के लिए आनन-फानन में तुगलकी फरमान वाला निर्णय : शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नए जिलों की घोषणा को केवल चुनावी लाभ के लिए आनन-फानन और तुगलकी फरमान वाला निर्णय करार दिया। शेखावत ने कहा कि यह नायाब नमूना पहली बार हुआ होगा, जब अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर जिले घोषित कर दिए गए हों। अजमेर, किशनगढ़, नागौर लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री शेखावत का अनेक स्थानों पर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक रूपाराम, प्रधान श्रीराम भीचर, समाजसेवी आसू सिंह सुरपुरा, पूर्व विधनसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक मान सिंह किनसरिया, जितेन्द्र सिंह डीडवाना, पूर्व सरपंच महावीर सिंह सांजू सहित अनेक गणमान्य लोग केंद्रीय मंत्री शेखावत के साथ रहे। केंद्रीय मंत्री शेखावत रविवार को भाजपा के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री हरीश कुमावत के निधन पर शोक जताने कुचामन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने लक्ष्मणगढ़ कुचामन में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत की। नए जिलों की घोषणा के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह प्रश्न ही बेमानी है। हम सब जानते हैं कि केवल चुनाव के लाभ के लिए इस तरह से आनन-फानन में तुगलकी फरमान जारी किया गया है। शेखावत ने कहा कि सात दिन पहले सरकार एक नोटिफिकेशन जारी करती है कि जो कमेटी सेवानिवृत्त आईएएस रामलुभाया के नेतृत्व में बनाई गई है, उसका काम पूरा नहीं हुआ है, इसलिए उसको एक्सटेंशन दिया गया है। एक सप्ताह के बाद में कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर नए जिले घोषित कर दिए। उन्होंने कहा कि मेरे हिसाब से यह नायाब नमूना पहली बार हुआ होगा, जब सरकार ने अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर जिले घोषित कर दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं सुबह कुछ जिलाधिकारियों से चर्चा कर रहा था। जिलाधिकारियों को भी इस बात की जानकारी नहीं है, कौन से जिले में कौन सी तहसील होगी ? यहां तो स्थिति और भी हास्यास्पद है। दो जगह दो अलग-अलग विधायक एक ही जिला बनने के अलग-अलग मुख्यालय की खुशियों में लड्डू बांट रहे हैं और फूलवर्षा कर रहे हैं। बगड़ी (लक्ष्मणगढ़) में शेखावत ने कहा कि जिस तरह से नए जिलों का गठन किया गया है, उससे लगता है कि सरकार ही जानती है कि इनका क्या होगा ? जिस तरह बोलचाल की भाषा में किसी के लिए कहा जाता है, इसका तो राम को ही पता। उसी प्रकार नए जिलों को लेकर भगवान ही जानता है क्या होगा ? इनके बारे में तो सरकार भी नहीं जानती होगी। शेखावत ने कहा कि राजस्थान में धरातल पर जो भी विकास दिख रहा है, वह सब केंद्र की योजनाओं के बूते दिख रहा है। रोड नेटवर्क का सारा काम केंद्र सरकार कर रही है। मनरेगा में केन्द्र सरकार का पैसा है। जल जीवन मिशन भी केंद्र सरकार के सहयोग से चल रहा है। राज्य सरकार की आय लोन चुकाने में या रुटीन के खर्चों में ही पूरी हो रही है। शेखावत किशनगढ़, नागौर और लक्ष्मणगढ़ कालवी में शोकसभाओं में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री शेखावत आज कालवी गांव पहुंचे और श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेन्द्र सिंह कालवी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धा से याद किया। शोकसभा में परिजनों से मिलकर उनको संबल प्रदान किया। कुचामन में केंद्रीय मंत्री शेखावत पूर्व मंत्री हरीश कुमावत को श्रद्धांजलि देने उनके निवास पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

## बैंकिंग सेवाओं में विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : राणा

**धौलपुर ( हिंस )।** दी धौलपुर अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड धौलपुर की साधारण सभा की बैठक रविवार को स्थानीय अग्रसेन सेवा सदन में आयोजित की गई। बैठक में बैंक के संचालक मंडल एवं अंशधारियों की मौजूदगी में बैंक के वर्ष 2021-22 के आडिटेड खातों का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में बैंक के चेयरमैन वीर दिग्वेंद्र राणा ने कहा कि बैंक द्वारा ग्राहकों के लिए सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। बैकिंग सेवाओं में विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैंक द्वारा एटीएम की सुविधा शुरू की गई है। इसके साथ ही धौलपुर जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त शाखा खोले जाने की प्रक्रिया भी रिजर्व बैंक में चल रही है। धौलपुर शहर में बैंक की एक और अतिरिक्त शाखा खुलने से ग्राहकों को और अधिक सुविधा मिल सकेगी। साधारण सभा के आरंभ में बैंक के सीईओ क्षमादान सिंह ने संचालन करते हुए बैंक की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साधारण सभा की बैठक में बैंक के उपाध्यक्ष अंगदराम ने आभार




व्यक्त किया। साधारण सभा की बैठक में संचालक मंडल के सदस्य राजीव रस्तोगी, पुरुषोत्तमदास अग्रवाल, शंकर लाल बंसल, श्रीमती अंजू जैन, डा. भगवत प्रसाद, जितेन्द्र कुमार शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा एवं आरिफ हमीद खान सहित अन्य मौजूद रहे। आरंभ में बैंक के शाखा प्रबंधक शकील खान तथा मोहम्मद वसीम हुसैन, राजीव शर्मा, शेखर चाथम, अभिषेक वर्मा, मानवेंद्र सिंह राना, तेजवीर सिंह एवं कपिल परमार सहित अन्य ने संचालक मंडल के सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## डा. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने पर दलित समाज में रोष, ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद ( हिंस )।** सेहतपुर अगवानपुर रोड स्थित सूर्य नगर में बाबा साहब डॉक्टर बीआर अंबेडकर समुदायिक भवन में डॉक्टर बी आर अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर दलित समाज ने अपना गहरा रोष जताया। जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्दी से जल्दी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और 24 घंटे के अंदर बाबा साहब की नई प्रतिमा लगाई जाए। रविवार को बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर सामुदायिक भवन के प्रांगण में दलित समाज की बड़ी पंचायत आयोजित की गई। इस पंचायत में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों समाजसेवियों बुद्धिजीवियों राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। सभी ने सर्वसम्मति से रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब दलितों के ही नहीं सभी के महापुरुष है उनके बनाए हुए संविधान के अनुसार देश शासन और प्रशासन चल रहा है, ऐसे में असामाजिक तत्वों के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा को खंडित किया गया है जिससे समाज में समरसता भाईचारा के खिलाफ गलत संदेश जाता है। समाज के लोगों ने एकजुट होकर पल्ला के एसीपी देवेंद्र को एक ज्ञापन देकर मांग की है कि दोषियों के खिलाफ जल्दी से जल्दी गिरफ्तारी करके कार्रवाई की जाए और बाबा साहब की नई प्रतिमा लगाई जाए अगर सरकार और प्रशासन ऐसा नहीं करती है तो दलित समाज फिर एकजुट होकर आगामी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।




# टाटा मोटर्स ने यात्री वाहनों को सख्त उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया

**नई दिल्ली ।**
टाटा मोटर्स ने अपने यात्री वाहनों को सख्त उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया है, जबकि मारुति सुजुकी इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भरोसा जताया है कि वे एक अप्रैल की समय सीमा से पहले अपने संबंधित उत्पादों में बदलाव कर लेंगे। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग इस समय अपने उत्पादों को यूरो-6 उत्सर्जन मानदंडों के बराबर भारत स्टेज-6 के दूसरे चरण को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। इसके तहत चौपहिया यात्री और वाणिज्यिक वाहनों को उत्सर्जन मानकों के अगले स्तर के अनुरूप बनाना होगा। एस-6 उत्सर्जन मानदंड का दूसरा चरण एक अप्रैल से लागू होने वाला है। इन मानकों के लागू होने से कार की कीमतें भी बढ़ने का अनुमान है, क्योंकि ऑटोमोबाइल कंपनियां पावरट्रेन में अतिरिक्त उपकरण जोड़ने के लिए निवेश कर रही हैं। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमारे वाहन तय समयसीमा से पहले ही फरवरी 2023 में बीएस-6 चरण दो उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बन चुके हैं। हमने बेहतर प्रदर्शन के साथ उत्पादों को उन्नत बनाया है, नई प्रौद्योगिकी विशेषताओं को जोड़ा है और वाहनों की वारंटी बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि जहां तक कीमत का संबंध है, इस नियामक परिवर्तन से लागत में हुई बढ़ोतरी को फरवरी में घोषित मूल्य वृद्धि में आंशिक रूप से समाहित किया गया है। चंद्रा ने कहा कि बाकी हिस्सा अगली मूल्य वृद्धि में जोड़ा जा सकता है। इस बारे में किसी समयसीमा की पुष्टि नहीं कर सकते। महिंद्रा एंड महिंद्रा के ऑटोमोटिव प्रभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार कंपनी के सभी मॉडल बीएस-6 चरण दो मानदंडों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि बीएस-4 से बीएस-6 में परिवर्तन की लागत के मुकाबले इस बार लागत काफी कम है और इसे चरणबद्ध तरीके से उपभोक्ताओं पर डाला जाएगा। मारुति सुजुकी इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी एक स्वच्छ वातावरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और तय समय पर बीएस-6 चरण दो में परिवर्तन को पूरा किया जाएगा। कंपनी ने कुल 62 मॉडलों में 31 को बीएस-6 चरण दो में तय समय से करीब एक साल पहले ही परिवर्तित कर दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### जेट एयरवेज के सीईओ पर भड़के ट्विटर यूजर्सः संजीव कपूर ने दुबई और भारत के मेट्रो स्टेशनों का किया था कंपैरिजन



**नई दिल्ली ।** जेट एयरवेज के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर संजीव कपूर ने हाल ही में दुबई के मेट्रो स्टेशंस को भारत के मेट्रो स्टेशंस से ज्यादा बेहतर बताया। दरअसल, संजीव कपूर ने शनिवार को ट्विटर पर पोस्ट शेयर कर भारतीय मेट्रो स्टेशनों की सुंदरता और आर्किटेक्चर पर निराशा जाहिर की है। दुबई और भारत के मेट्रो स्टेशंस का कंपैरिजन करते हुए संजीव कपूर ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर कर लिखा, बेंगलुरु, गुड़गांव, कोलकाता... हमारे ओवरग्राउंड/ओवरहेड मेट्रो स्टेशन इतने आर्टलेस कंक्रीट आईसॉर्स क्यों हैं यानी दिखने में अच्छे क्यों नहीं हैं। संजीव कपूर ने अपनी बात पर जोर देने के लिए बेंगलुरु और दुबई के मेट्रो स्टेशंस की फोटोज शेयर कर आगे लिखा, एक नजर डालें। ये दुबई मेट्रो स्टेशन शायद 10 साल पहले बनाया गया था। उनके इस ट्वीट से कई सारे ट्विटर यूजर्स नाराज हो गए। कई यूजर्स ने संजीव के इस स्टेटमेंट पर उन्हें जमकर ट्रोल किया। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, आम तौर पर यह उन लोगों का रिस्पांस होता है, जो अपने ही देश को एप्रिशिएट नहीं करते।

### मार्च में एफपीआई ने बाजार में किया 11500 करोड़ का निवेश, कैपिटल गुड्स रहा फेवरेट सेक्टर




**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने मार्च के कारोबारी सत्रों में 11,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसमें अमेरिकी फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स की ओर से अदाणी ग्रुप की कंपनियों में किया गया निवेश शामिल है। भारतीय शेयर बाजार में फॉरिन पोर्टफोलियो निवेशकों की ओर से किया जाने वाला निवेश सकारात्मक होने के बावजूद जानकारों का मानना है कि अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने के बाद एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं। डिपॉजिटरीज की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत से 17 मार्च के कारोबारी सत्र तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,495 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले विदेशी निवेशकों ने फरवरी में 5,294 करोड़ रुपये और जनवरी में 28,852 करोड़ रुपये की बिक्री की थी। वहीं, दिसंबर में विदेशी निवेशकों ने 11,119 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीति वीके विजयकुमार ने कहा कि जीक्यूजी की ओर से अदाणी ग्रुप की कंपनियों में 15,446 करोड़ का निवेश किया गया है। अगर इसे निकाल दिया जाता है, तो एफपीआई निवेश नकारात्मक है। इस वर्ष की शुरुआत से अब तक एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 22,651 करोड़ रुपये निकाले हैं। मॉर्निंगस्टार इंडिया में एसोसिएट डायरेक्टर-मैनेजर रिसर्च हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि लंबे समय के लिए भारतीय बाजार अन्य विदेशी बाजारों के बेहतर स्थिति में है। मार्च में अभी तक के कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने कैपिटल गुड्स सेक्टर में लगातार खरीदारी की है।

### विप्रो ने अमेरिका में 120 कर्मचारियों को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को ।** आईटी प्रमुख विप्रो ने व्यावसायिक जरूरतों के पुनर्गठन के कारण अमेरिका के फ्लोरिडा




राज्य में कम से कम 120 कर्मचारियों को निकाल दिया है। चैनल फ्यूचर्स की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने फ्लोरिडा डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक ऑपर्च्युनिटी में दायर वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिटेनिंग नोटिफिकेशन (वार्न) नोटिस में छंटनी की विस्तृत जानकारी दी है। विप्रो द्वारा नौकरी में कटौती ताम्पा में केवल एक स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभावित कर्मचारियों में से 100 से अधिक प्रसंस्करण एजेंट हैं। बाकी टीम लीडर और एक टीम मैनेजर हैं। विप्रो ने कहा कि यह एक अलग घटना है। रिपोर्ट के मुताबिक छंटनी, जो स्थायी हैं, मई में शुरू होंगी। भारतीय आईटी प्रमुख ने इस महीने की शुरुआत में ईस्ट ब्रंसविक, न्यू जर्सी में अपना अमेरिकी मुख्यालय खोलने की घोषणा की।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने अदाणी को पहुंचाया नुकसान

# रोकना पड़ा 34,900 करोड़ रुपये का पेट्रोकेम प्रोजेक्ट

**नई दिल्ली ।**
अमेरिकन शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से अभी भी अदाणी को नुकसान हो रहा है। अदाणी के शेयरों और संपत्ति में भारी गिरावट के बाद अब अदाणी को एक और बड़ा नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदाणी ने 34,900 करोड़ रुपये के पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट पर काम को रोक दिया है। इस प्रोजेक्ट पर गुजरात के मुंद्रा में काम हो रहा था।

मीडिया रिपोर्ट्स ने सूत्रों के हवाले से ये खबर दी है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने साल 2021 में गुजरात के कच्छ में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन भूमि पर कोल टू पीवीसी प्लांट स्थापित करने के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड को इनकॉरपोरेट किया था।




#### क्यों रोकना पड़ा काम

बताया जाता है कि 24 जनवरी को जैसे ही हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट आई तो माहौल एकदम से बदल गया। रिपोर्ट में अकाउंटिंग फ्रॉड, स्टॉक मैनिपुलेशन और दूसरे कॉरपोरेट गवर्नेंस खामियों के आरोप लगाए गए थे। इसके बाद अदाणी ग्रुप की कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 140 अरब डॉलर गिर गई थीं। सेब से लेकर एयरपोर्ट तक के कारोबार में शामिल यह ग्रुप अब निवेशकों का भरोसा फिर से जीतने के प्रयासों में लगा है। ऐसे में ग्रुप की विस्तार योजनाओं को झटका लगा है। बताया जा रहा है कि अदाणी फिलहाल कपना सारा कर्ज चुकाने और शेयर धारकों पर विश्वास बढ़ाने पर काम कर रहे हैं।

#### क्या है अदाणी ग्रुप की रणनीति

रिपोर्ट्स के अनुसार, अदाणी ग्रुप की कमबैक स्ट्रेटेजी निवेशकों की कर्ज से जुड़ी चिंताओं को दूर करने पर आधारित है। ग्रुप कुछ लोन्स का पेमेंट करके और परिचालन को मजबूत करके आरोपों से लड़ने का काम कर रहा है। ग्रुप ने हिंडनबर्ग द्वारा लगाए सभी आरोपों को सिरे से नकारा है। अदाणी ग्रुप कैश फ्लो और उपलब्ध फाइनेंस के आधार पर अपने प्रोजेक्ट्स का पुनर्मूल्यांकन कर रहा है। इसके अलावा अदाणी समूह ने सात हजार करोड़ रुपये के कोयला संयंत्र की खरीद को भी रद्द कर दिया है और खर्चों को बचाने के लिए बिजली व्यापारी पीटीसी में हिस्सेदारी के लिए बोली लगाने की योजना को स्थगित कर दिया है। इसने समूह की कंपनियों में प्रवर्तक की हिस्सेदारी गिरवी रखकर जुटाए गए कुछ कर्ज का भुगतान कर दिया है और कुछ वित्त का पूर्व भुगतान कर दिया है। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने बताया कि जिन प्रोजेक्ट्स पर ग्रुप ने कुछ समय के लिए आगे नहीं बढ़ने का फैसला लिया है, उनमें एक मिलियन टन सालाना ग्रीन पीवीसी प्रोजेक्ट भी शामिल है। ग्रुप ने वेंडर्स और सप्लायर्स को तत्काल आधार पर सभी एक्टिविटीज को रोकने के लिए मेल भेज दिया है। मेल में ग्रुप ने मुंद्रा पेट्रोकेम लिमिटेड के ग्रीन पीवीसी प्रोजेक्ट के लिए अगले नोटिस तक सभी एक्टिविटीज को रोकने को कहा है। पीवीसी प्लास्टिक का दुनिया का तीसरा सबसे व्यापक रूप से उत्पादित सिंथेटिक बहुलक है। इसका व्यापक उपयोग होता है। फर्श से लेकर, सीवेज पाइप बनाने और अन्य पाइप अनुप्रयोगों में, बिजली के तारों पर इन्सुलेशन, पैकेजिंग और एप्रन आदि के निर्माण में। यही कारण है कि अदाणी ग्रुप ने इसको लेकर परियोजना की योजना बनाई थी। भारत में लगभग 3.5 एमटीपीए की पीवीसी मांग साल-दर-साल सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। 1.4 मिलियन टन पीवीसी के लगभग स्थिर घरेलू उत्पादन के साथ, भारत मांग के साथ तालमेल रखने के लिए आयात पर निर्भर है।

## पीपीएफ अकाउंट हो गया है बंद तो न लें टेंशन, इस तरीके से तुरंत हो जाएगा दोबारा शुरू



**नई दिल्ली ।**
सरकार की ओर से चलाई जाने वाली छोटी बचत योजनाओं में पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) सबसे पॉपुलर स्कीमों में से एक है। इसमें आप केवल 500 रुपये प्रतिवर्ष का निवेश कर लाभ उठा सकते हैं, लेकिन कई बार देखा जाता है कि कुछ लोग लगातार योगदान नहीं कर पाते हैं और उनका अकाउंट इनएक्टिव हो जाता है। ऐसे में इसे दोबारा से शुरू कराना होता है, जिसके बारे में हम अपनी रिपोर्ट में बताने जा रहे हैं।

**कैसे इनएक्टिव होता है अकाउंट** - अगर आप अपने पीपीएफ अकाउंट में कम से कम 500 रुपये वार्षिक जमा नहीं कर पाते हैं, तो फिर आपका अकाउंट इनएक्टिव हो जाता है। हालांकि, इनएक्टिव होने के बाद भी आपके पीपीएफ अकाउंट पर हर साल ब्याज मिलता रहता है।

**पीपीएफ अकाउंट इनएक्टिव होने के नुकसान** - पीपीएफ अकाउंट इनएक्टिव होने के कारण काफी सारे नुकसान होते हैं। जितने साल आपका अकाउंट बंद रहता है, उतने साल का आपको जुर्माना भरना पड़ता है। साथ ही आपको पीपीएफ पर लोन भी नहीं मिलता है।

**पीपीएफ अकाउंट कैसे होगा एक्टिव** - अगर आप अपना पीपीएफ अकाउंट एक्टिव या फिर दोबारा से शुरू कराने चाहते हैं, तो फिर इसके लिए आपको अपनी नजदीकी ब्रांच या फिर पोस्ट में जाना होगा। फिर वहां इसके लिए एक आवेदन देना होगा। साथ ही जितने साल का पीपीएफ अकाउंट इनएक्टिव था, उसके गुणज में 500 रुपये + 50 रुपये का जुर्माना भरना होगा। उदाहरण के लिए आपका पीपीएफ अकाउंट चार साल के लिए बंद था, तो आपके (500*4) 2000 रुपये और (50*4) 200 रुपये का जुर्माना भरना होगा। इसके साथ आपको चालू वित्त वर्ष के लिए भी पीपीएफ का योगदान न्यूनतम 500 रुपये देना होगा। अगर आपको पीपीएफ अकाउंट को खुलवाए हुए 15 साल से अधिक का समय हो चुका है, तो अकाउंट दोबारा एक्टिव नहीं हो पाएगा।

**पीपीएफ निवेश पर टैक्स छूट** - पीपीएफ निवेश की काफी अच्छी योजना है और ब्याज भी अक्सर एफडी के मुकाबले कुछ अधिक रहता है। मौजूदा समय में सरकार की ओर से पीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

## डिज्नी भी करेगी चार हजार कर्मचारियों की छंटनी, सामने आई बड़ी वजह

**नई दिल्ली ।**
एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनी डिज्नी चार हजार कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी ने अपने मैनेजर्स को छंटनी किए जाने वाले कर्मचारियों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। कंपनी अप्रैल में यह छंटनी करेगी। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि कर्मचारियों की छंटनी छोटे ग्रुप में होगी या फिर एक साथ चार हजार की नौकरी जाएगी। डिज्नी की आगामी 3 अप्रैल को सालाना बैठक होनी है। माना जा रहा है कि इसी बैठक में छंटनी का एलान हो सकता है।

#### सात बिलियन डॉलर बचाएगी कंपनी

डिज्नी पुनर्संरचना के तहत अपने बजट में कटौती कर रहा है और इसी वजह से इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। एंटरटेनमेंट कंपनी अपनी स्ट्रीमिंग सर्विस को लेकर भी विचार कर रही है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि कंपनी अपनी स्ट्रीमिंग सर्विस बिजनेस में भी कटौती कर सकती है। इससे पहले कंपनी के सीईओ बॉब इगर ने फरवरी को एलान किया था कि डिज्नी सात हजार कर्मचारियों की छंटनी करेगी। इससे कंपनी करीब सात बिलियन डॉलर




बचाएगी। कंपनी कंटेंट में कमी के साथ ही कर्मचारियों की सैलरी में भी कटौती की योजना बना रही है।

#### मेटा में भी बड़े पैमाने पर होगी छंटनी

बता दें कि हाल के समय में कई कंपनियों ने कर्मचारियों की छंटनी का एलान किया है। इनमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा का नाम भी शामिल है। मेटा करीब 10 हजार कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। इससे पहले ही मेटा ने करीब 11 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी कंपनी जूम ने भी अपने 15 फीसदी कर्मचारियों को निकालने का प्लान बनाया है। इसके तहत कंपनी 1500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रही है।

## टैक्स बचाने के लिए 2 हफ्ते से कम का समय: टैक्स छूट के साथ ज्यादा ब्याज के लिए नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम में लगाए पैसा

**नई दिल्ली ।**
वित्त वर्ष 2022-23 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। अगर आप टैक्स बचाने के लिए निवेश करना चाहते हैं तो 31 मार्च तक कर सकते हैं। आप टैक्स बचाने के साथ अपने निवेश पर ज्यादा रिटर्न चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस की नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट स्कीम में पैसा लगा सकते हैं। इस स्कीम के तहत फिलहाल 7प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है। हम आपको इस स्कीम के बारे बता रहे हैं।




**इसमें मिलता है टैक्स छूट का लाभ** - नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में आप जो भी पैसा निवेश करते हैं इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत उस पर आप टैक्स छूट क्लेम कर सकते हैं। एक फाइनेंशियल ईयर में आप अधिकतम 1.5 लाख रुपए निवेश करके इस पर टैक्स छूट का फायदा ले सकते हैं।

**बच्चों के नाम से भी खोल सकते हैं खाता** - इस स्कीम में बच्चों के नाम से भी अकाउंट खोला जा सकता है। अगर बच्चा 10 साल से कम उम्र का है तो उसके नाम पर माता-पिता की ओर से खाता खोला जा सकता है। 10 साल की उम्र में बच्चा अपना अकाउंट खुद संचालित कर सकता है, वहीं वयस्क होने पर उसे खाते की पूरी जिम्मेदारी मिल जाती है। सके अलावा एक 18 साल की उम्र का व्यक्ति खुद या माइनर व्यक्ति की ओर से निवेश कर सकता है। इस खाते को 3 वयस्कों के नाम पर संयुक्त खाता भी खोला जा सकता है।

**इसमें 5 साल का रहता है लॉक इन पीरियड** - अगर आप अपना निवेश निकालना चाहते हैं तो आपको 5 साल का इंतजार करना होगा। इसमें 5 साल का लॉक इन पीरियड रखा गया है। यानी आप अपना पैसा 5 साल से पहले नहीं निकाल सकेंगे।

**कितने समय में डबल होता है पैसा** - इसमें अभी 7प्रतिशत की सलाना ब्याज दर के हिसाब से ब्याज मिल रहा है। ऐसे में रूल ऑफ 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में 10 साल 2 महीने का समय लगेगा।

**इसमें निवेश करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान** - अगर आप मैच्योरिटी पीरियड के दौरान बीच-बीच में इस पर मिलने वाला ब्याज विड्रॉल करना चाहते हैं तो, इस स्कीम में निवेश करने पर आप ऐसा नहीं कर सकेंगे। इसमें 5 साल का लॉक इन पीरियड रहता है यानी आप 60 महीनों तक पैसा नहीं निकाल सकेंगे।

### पीएम हसीना ने भारत को बताया सच्चा दोस्त

# कहा- तेल पाइपलाइन से हमारी ईंधन जरूरतों की सुरक्षा होगी

**नई दिल्ली ।**
बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ 131.5 किलोमीटर लंबी बांग्लादेश-भारत मैत्री पाइपलाइन का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान हसीना ने भारत को बांग्लादेश का सच्चा दोस्त बताया और दोनों देशों के बीच की दोस्ती बरकरार रखने की भी बात कही। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पूरी दुनिया गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। ऐसे में भारत के साथ सीमा पार तेल पाइपलाइन बांग्लादेश में ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 377 करोड़ रुपये की लागत वाली यह पाइपलाइन दोनों पड़ोसी देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग का हिस्सा है, जिसके जरिए बांग्लादेश भारत से पेट्रोलियम, खासकर डीजल का आयात करेगा। हसीना ने कहा, दोस्ताना पाइपलाइन दो मित्र देशों के बीच विकास के लिए सहयोग में एक मील का पत्थर लाबित होगा। ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा, पाइपलाइन आर्थिक विकास को भी



बढ़ाएगी। उन्होंने आगे कहा कि इस पाइपलाइन से भारत से डीजल आयात करने में लगने वाला समय और खर्च काफी कम हो जाएगा। हमने अपनी सभी द्विपक्षीय समस्याओं को एक-एक करके सुलझा लिया है। हमें अपने विकास के लिए भारत से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, हम भारत से 1160 मेगावॉट बिजली का आयात कर रहे हैं। बिजली क्षेत्र में कुछ और क्षेत्रीय और द्विपक्षीय पहल लागू की जा रही हैं। इस दिशा में हमारा सहयोग आने वाले दिनों में और गहरा होगा। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करेंगे। ऐतिहासिक और भौगोलिक संबंध बांग्लादेश और भारत को और मजबूत करेगा। हसीना ने भारतीय निवेशकों को अपने देश में निवेश करने के लिए भी आमंत्रित किया। मोदी ने अपने कार्यालय से शामिल होने वाले कार्यक्रम में भी बात की। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक नया अध्याय की शुरुआत करेगा।

### क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण के लिए यूबीएस बैंक कर रहा बातचीत, मांगी 6 अरब डॉलर की गारंटीः रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** यूबीएस बैंक संकट में घिरे क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण को लेकर बातचीत कर रहा है। दोनों स्विट्जरलैंड के बैंकों के बातचीत ऐसे समय हो रही है, जब ग्राहकों और निवेशकों का क्रेडिट सुइस पर भरोसा कम हो रहा है। इसके लिए यूबीएस बैंक की ओर से स्विस सरकार ने बैंक गारंटी की भी मांग की है। यूबीएस बैंक ने क्रेडिट सुइस के अधिग्रहण के लिए स्विस सरकार से 6 अरब डॉलर की बैंक गारंटी की मांग की है। इस बैंक गारंटी का उपयोग क्रेडिट सुइस के कुछ हिस्सों को बंद करने की लागत और संभावित मुकदमेबाजी शुल्क को कवर करने के लिए किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट सुइस से ग्राहकों की निकासी और निवेशकों के पीछे हटने के बाद अधिग्रहण के लिए हो रही बातचीत में तेजी आई है। सभी पक्ष जल्द से जल्द किसी निर्णय पर पहुंचना चाहते हैं। क्रेडिट सुइस का यूबीएस बैंक में विलय होने से वित्तीय संकट तो टल जाएगा, लेकिन इस विलय में 10,000 लोगों के छंटनी आशंका जताई जा रही है। बता दें, हाल ही में अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने के बाद क्रेडिट सुइस तीसरा और सबसे बड़ा बैंक था, जो कि वित्तीय संकट में घिरा हुआ है। इस कारण बैंक के शेयर में भी बड़ी गिरावट आई थी।

# तू झूठी मैं मक्कार जल्द पार कर लेंगी 100 करोड़ का आंकड़ा



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर-अभिनीत फिल्म तू झूठी मैं मक्कार एक सप्ताह से अधिक समय से सिनेमाघरों में है, ऐसा लगता है कि फिल्म अपने दूसरे सप्ताहांत से पहले 100 करोड़ रुपये का शुद्ध आंकड़ा पार कर लेगी। फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन अब 103.75 करोड़ रुपये हो गया है। तू झूठी मैं मक्कार होली पर रिलीज हुई, और इसने अपने पहले दिन 15.73 करोड़ रुपये कमाए। बाद के दिनों में, फिल्म अपने पहले सोमवार तक बॉक्स ऑफिस पर दो अंकों का आंकड़ा देने में सफल रही, जब यह आंकड़ा 6.05 करोड़ रुपये तक गिर गया। फिल्म का दूसरा सप्ताहांत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे और कपिल शर्मा की ज्विगेटो के खिलाफ प्रतिस्पर्धा का सामना कर रही है। लव रंजन द्वारा निर्देशित, तू झूठी मैं मक्कार पठान के बाद एकमात्र हिंदी रिलीज है जो दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रही है। शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की फिल्म 50 दिनों से अधिक समय से सिनेमाघरों में है और वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। कार्तिक आर्यन-स्टारर शहजादा और अक्षय कुमार-स्टारर सेल्फी जैसी फिल्में दर्शकों को आकर्षित करने में विफल रहीं, और ऐसा लगा कि पठान की सफलता एकबारगी थी।

# गदर 2 की फाइनली शूटिंग पूरी

## -वायरल हुआ आखिरी दिन का जबरदस्त एक्शन वीडियो





**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 की अब फाइनली शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब यह 11 अगस्त को रिलीज के लिए तैयार है। गदर 2 में सनी देओल और अमीषा पटेल जहां तारा और सकीना के रोल को आगे बढ़ाएंगे, वहीं उत्कर्ष शर्मा उनके बेटे जीते के रोल में दिखेंगे। फर्क बस इतना है कि गदर 2 में अब जीते बड़ा हो चुका है। गदर-2 की कहानी 1954 से 1971 के बीच की कहानी दिखाई जाएगी। इसी पीरियड में भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध को भी दिखाया जाएगा। फिल्म में कई सारे ट्विस्ट और धमाकेदार एक्शन सीन्स होंगे। कुछ समय पहले जब गदर 2 का टीजर रिलीज हुआ था, उसमें सन्नी देओल को इस बार हैंडपंप नहीं बल्कि बेलगाड़ी का पहिया उठाकर हवा में लहराते हुए दिखाया गया था। इस बार फिल्म में जीते की गर्लफ्रेंड भी होगी। फिल्म में सिमरत कौर जीते यानी की प्रेमिका का रोल प्ले कर रही हैं। गदर 2 को लेकर फैन्स के बीच एक अलग ही लेवल का एक्साइटमेंट है। फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है और अब उस दिन का इंतजार है, जब गदर 2 थिएटर्स में दस्तक देगी और इतिहास रचेगी। इसी बीच सोशल मीडिया पर गदर 2 के आखिरी दिन की शूटिंग का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक बेहद अहम सीन का शूट दिखाया गया है। वीडियो में आवाज आ रही है कि एक शख्स अनिल शर्मा से लव सिन्हा को हार्नेस पहनाने के बारे में पूछ रहा है। यानी साफ है कि इस सीन में लव सिन्हा का एक्शन सीन शूट किया जा रहा है। गदर 2 को अनिल शर्मा ने डायरेक्ट किया है और उन्होंने ही पहला पार्ट डायरेक्ट किया था। वहीं फिल्म की कहानी शक्तिमान तलवार ने लिखी है। गदर 2 में सनी देओल और उनके बेटे बने उत्कर्ष यानी जीते के बीच एक जबरदस्त क्लाइमैक्स सीन है, जोकि पाकिस्तान का है। इस सीन के लिए मेकर्स ने लखनऊ के ला मारटीनीयर कॉलेज की मुख्य बिल्डिंग फिल्म में पाकिस्तानी आर्मी का हेडक्वार्टर बना दिया था। उस पर उन्होंने पाकिस्तान का झंडा भी लगा दिया था। यही नहीं सेना की जीप को भी खाकी रंग में रंग दिया गया था ताकि एकदम रियल फील आए। बता दें कि फैन्स जिन फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें से एक सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 भी है। इस फिल्म को लेकर फैन्स इस कदर क्रेजी हैं कि एक झलक या कुछ अपडेट आते ही सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा होने लगती है।

# मौनी ने मियामी वेकेशन की ग्लैमर तस्वीरे डाली इंटरनेट पर

## -प्रिंटेड बिकिनी में मचा रही धूम



मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपनी लुभावनी तस्वीरें शेयर कीं, नेटिजन्स ने उन्हें बिकिनी अवतार में बहुत पतली होने के लिए ट्रोल करना शुरू कर दिया। घटिया कमेंट्स के बीच

**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे से पापुलर हुई अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपने मियामी वेकेशन की ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट पर बाढ़ ला दी है। ऐसा लगता है कि मौनी को इस बात की परवाह नहीं है कि ट्रोलर्स उनके बारे में क्या सोचते हैं या क्या कहते हैं। प्रिंटेड बिकिनी में धूम मचाने से लेकर किसी अजनबी के साथ सड़कों पर डांस करने तक, वह ऑनलाइन ट्रोलर्स सहित सभी का ध्यान खींचने में कामयाब रही हैं। उनके हालिया वीडियो और फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आते ही हर तरफ आग लगा चुके हैं। अब लोगों ने उन्हें न जाने क्या-क्या कहा है जिसका मौनी ने करारा जवाब दिया है। जैसे ही उन्होंने एक वीडियो डिलीट कर दिया जिसमें वह सड़क पर चलते हुए अपनी बीच ड्रेस दिखाती हुई दिखाई दे रही थीं। लेकिन मौनी ने उन सभी लोगों को करारा जवाब देने के लिए जोरदार वापसी की है, जो उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, चाहे वह उनके बीच आउटफिट्स हों या उनके बॉडी टाइप। उन्होंने नारंगी रंग की बिकिनी में एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा- यह सब आपके विचार से अधिक मायने रखता है और यह बिल्कुल भी मायने नहीं रखता है। मौनी की नई बीएफएफ बनीं दिशा पाटनी ने उनके अब-डिलीट किए गए वीडियो पोस्ट पर उनके कातिलाना लुक की तारीफ की थी।

# मेहंदी के जरिए बयां की दलजीत ने अपनी कहानी

## -हाथों में रचाई पिया निखिल के नाम की मेहंदी



**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की अभिनेत्री दलजीत कौर की मेहंदी की तस्वीरें और वीडियो सामने आ गई है। दलजीत कौर ने अपने हाथों पर मेहंदी लगवाने के दौरान अपनी लाइफ की कहानी को भी सुनाया। दलजीत ने अपने हाथों पर इस कहानी को मेहंदी के जरिए बयां किया। उन्होंने बताया कि एक हाथ में उन्होंने अपनी कहानी को बयां किया है।

दूसरे हाथ में निखिल की कहानी को दशार्या है। जहां उनके बच्चे भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि निखिल की स्टोरी तो ट्रेवलिंग पर शुरू और खत्म होती है। वह यह भी कहती हैं कि वह बहुत लक्की हैं जिन्हें जिंदगी में दोबारा प्यार नसीब हुआ है। दलजीत कौर ने घर पर ही प्री-वेडिंग फंक्शन को आयोजित किया। घर फूलों से सजाया हुआ है। वह सूट पहने दिख रही हैं। मालूम हो कि निखिल के बारे में कुछ समय पहले ही दलजीत ने बताया। निखिल यूके बेस्ड बिजनेसमैन हैं। एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि वह शादी के लिए विदेश शिफ्ट हो रही हैं। निखिल की भी दूसरी शादी है और उनकी दो बेटियां हैं। बता दें दलजीत कौर की ये दूसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट शालीन भनोट के साथ हुई थी मगर दोनों के रिश्ते में दरार आई और दोनों ने अलग होने का फैसला लिया। हालांकि दोनों का एक बेटा है जो कि दलजीत के साथ रहते हैं।

# अभिनेत्री दिव्या खोसला हुईं घायल



हाल ही में अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार को अपने आगामी प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान चोट लग गई। अभिनेत्री इस समय यूके में हैं, हालांकि आगे बढ़ने और अपने काम को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कीं और कैप्शन में लिखा : मेरे आगामी प्रोजेक्ट के लिए एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान मैं बुरी तरह से घायल हो गई। लेकिन शो चलता रहना चाहिए। आप सभी के आशीर्वाद और हीलिंग एनर्जी की जरूरत है।बता दें कि दिव्या लोहे की ग्रिल से जा टकराईं, जिससे उनके एक गाल की हड्डी में गंभीर चोट लगी।

# डांस मूव्स से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया आलिया ने



स्टूडेंट ऑफ द ईयर, हाईवे, गंगूबाई काठियावाड़ी, ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन - शिवा जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली बालीवुड एक्ट्रेस आलिया भटट ने हाल ही में केसरिया, नाचो नाचो और ढोलिदा जैसे गानों पर परफॉर्म किया। ट्रक के ऊपर डांस करते हुए अवॉर्ड समारोह में एंट्री करने वाली आलिया ने अपने डांस मूव्स से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहाः मैं वास्तव में लगभग चार से अधिक वर्षों के बाद प्रदर्शन कर रही हूं और संयोग से, आखिरी बार मैंने जी सिने अवार्डस में ही परफॉर्म किया था, तो यह घर वापस आने जैसा है। मैं काफी नर्वस था क्योंकि मैं बहुत लंबे समय के बाद कोई स्टेज एक्ट कर रही थी, लेकिन भीड़ के प्यार और ऊर्जा ने मेरे लिए इसे थोड़ा आसान बना दिया।

आलिया के अलावा, रश्मिका मंदाना ने जी सिने अवार्डस 2023 के दौरान श्रीवल्ली, माइंड ब्लॉक, रंजीथम और सामी सामी जैसे लोकप्रिय ट्रैक पर प्रस्तुति दी।


# सैफ बोले मुझे तो हार्ट अटैक आ जाता



ऑस्कर 2023 में आरआरआर के नाटू नाटू और द एलिफेंट विस्पर की धूम रही। भारत के लिए ये साल काफी गर्व से भरा रहा। इस बारे में सैफ अली खान ने खुशी जताकर कहा कि नाटू नाटू अगर उन्होंने किया होता तब उन्हें हार्ट अटैक आ गया होता। ऑस्कर में आरआरआर का जलवा हर किसी ने देखा। नाटू नाटू गाने का ऑस्कर जीतना भारत के लिए गर्वभरा पल था। आरआर-आर की इस जीत की बॉलिवुड स्टार्स ने भी खूब प्रशंसा की। सैफ भी आरआरआर की ऑस्कर विजय से बेहद खुश हैं। सैफ ने कहा, ये बहुत ही मजेदार है कि नाटू नाटू ने ऑस्कर जीत लिया। मैं शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म द एलिफेंट विस्परर्स की जीत से भी बहुत खुश हूं। इसके साथ ही सैफ ने नाटू नाटू को लेकर अपनी उत्सुकता और कोरियोग्राफी के बारे में भी अपनी राय रखी। सैफ ने कहा, क्या क्रेजी स्टेप्स के साथ गाने को कोरियोग्राफ किया गया है। ये अमेजिंग तरीके से किया गया। साउथ के पास इसतरह खास डांस स्टेप्स और हाफ ब्रीट्स (संगीत का एक प्रकार) हैं, जिसके साथ वह काम करते हैं। सैफ ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर मैंने ये किया होता तो मुझे हार्ट अटैक आ जाता।


# आदित्य और अनन्या पांडे कर रहे डेट

## -दिसम्बर तक बंध सकते है विवाह के बंधन में



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में नजर आदित्य राय कपूर और अनन्या पांडे इन दिनों डेट कर रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि दिसम्बर माह तक वे विवाह के बंधन में बंध जाएं। आदित्य कपूर और अनन्या पांडे दो स्टार किड्स थे लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिली जिसका उन्होंने दावा किया था। फिल्म आशिकी 2 से ध्यान खींचने वाले आदित्य अपने करियर में ब्रेक का इंतजार कर रहे हैं। इस मामले में आदित्य का नाम लाइगर एक्ट्रेस के साथ सुनने को मिल रहा है। दोनों कई सालों से डेट कर रहे हैं। आदित्य-अनन्या पांडे एक-दूसरे को कई सालों से जानते हैं। कहा जाता है कि यह जान-पहचान प्यार में बदल गई और जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। हाल ही में दोनों ने एक प्राइवेट इवेंट में साथ में रैंप वॉक किया। कपल के तौर पर कई इवेंट्स में पार्टिसिपेट कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि लाइगर की असफलता के भंवर में फंसी एक्ट्रेस अनन्या ने शादी करने का फैसला किया है। बीटाउन फिल्म पंडितों के मुताबिक, खबर फैल रही है कि वे इस साल के अंत में शादी कर लेंगे। आखिर हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि क्या यह खबर सच है। बता दें कि अनन्या और आदित्य की शादी की खबरों की इस वक्त बॉलीवुड में खूब चर्चा हो रही है। दोनों का एक फोटोशूट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सुकन्या विद्या कुलकर्णी की भूमिका निभाएगी



छोटे परदे की एक्ट्रेस सुकन्या सुर्वे विद्या कुलकर्णी की भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। सुकन्या ने अपने किरदार के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनकी एंट्री दर्शकों के लिए प्लॉट को मनोरंजक बनाने वाली है। इसमें सुमीत राघवन, परिवा प्रणति, अंजन श्रीवास्तव, भारती आचरेकर, शीहान कपाही और चिन्मयी साल्वी हैं। शो में सुमीत राजेश वागले की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं सुकन्या शो में उनके भाई मनोज वागले की प्रेमिका का किरदार निभाएंगी। यशोमती मईया के नंदलाला की एक्ट्रेस ने कहा, विद्या कुलकर्णी मजबूत स्वभाव की महिला हैं, जो अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती हैं। उनकी कहानी ऐसी है जो आम महिलाओं की जिंदगी से जुड़ी है और उन छिपी हुई कठिनाइयों को उजागर करती है जिनसे हम निपटते हैं। विद्या भी वागले परिवार को वापस लाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

# जब रवीना ने किया क्विक स्टाइल के साथ डांस

नॉर्वेजियन डांस ग्रुप क्विक स्टाइल ने हाल ही में अपने मुंबई दौरे में भारतीय दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। क्रिकेटर विराट कोहली के साथ डांस करने से लेकर मुंबई की लोकल ट्रेन के अंदर इंप्रोमेप्टू डांस सेशन में शामिल होने तक, सभी पुरुष डांस ग्रुप ने वास्तव में भारत की अपनी छोटी यात्रा पर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह ने बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन से भी मुलाकात की और उनके साथ उनके ब्लॉकबस्टर गीत "टिप टिप बरसा पानी" पर डांस किया। इंस्टाग्राम पर क्विक स्टाइल ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें लड़के रवीना के साथ टिप टिप बरसा पानी स्टेप्स को बहुत खुशी के साथ मैच करते नजर आ रहे हैं। ब्लैक शर्ट और ब्लू डेनिम पैंट में रवीना बेहद खूबसूरत लग रही थीं। दूसरी ओर, क्रू मेंबर्स रवीना के साथ डांस स्टेप्स करते हुए हमेशा की तरह डैपर दिखे। क्विक स्टाइल ने क्लिप को कैप्शन दिया, "जब आप इसे ओरिजिनल के साथ करते हैं तो अलग होता है।" रवीना और क्विक स्टाइल के वीडियो को कई लाइक्स और कमेंट्स मिले हैं। आपको बता दें कि यह ग्रुप फिल्म तनु वेड्स मनु से "सड्डी गली" और बार-बार देखो फिल्म के "काला चश्मा" जैसे लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों के हुक स्टेप्स को फिर से बनाने के बाद चर्चा में आया था।

## सूडोकु नवताल- 6375

★★★✮☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्दजाल- 7122

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वा | ज | क | या | ज | का | मौ | स | ज | ड़ |
| क | ह | या | य | र्म | छ | स | या | ता | य | क |
| क | र | ल | र | दे | वी | स | न | ल | श | क |
| ज | इ | ल | म | सं | व | ज | श | र | ला | ल |
| क | ज | दा | ई | र | ब | ज | फ | लो | श | ज |
| क | ज | चे | दा | ई | क | स | री | ग | प | न |
| द | र | मी | प | व | ज | ना | र्द | न | ज | स |
| क | ज | ल | ज | न | व | री | ऐ | ना | प | ह |
| क | मी | ल | प | द | या | स | मा | ज | स | यो |
| का | न | चे | न्न | ई | क | ज | री | ग | प | ग |

*शब्द जाल में 'ज' से शुरु होनेवाले 10 शब्दों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

जवाहर, जयदेव, जनता, जय, जनार्दन, जनवरी, जनसहयोग, जमाना, जमीदार, जमीन.

### शब्दजाल - 7121 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | क | ल | व | ग | ब | ना | क | बें | ग | क |
| ब | वि | ल | मुं | चे | जी | ग | द | ह | ला | ड़ |
| ई | स | ल | ल | र्म | छ | पु | आ | दि | ख | क |
| क | स | ज | य | पु | र | र | प | ल | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | ला | द | र | तू | ग | झ | क |
| दि | क | ल | प | बा | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | इ | ल | दा | सं | प | ल | श | बें | ला | ल |
| क | ता | म | ई | धा | ब | क | फ | ग | श | का |
| क | ह | चे | न्न | ई | क | स | री | लो | प | ता |
| अ | र | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | र | प | रु |
| क | चे | ल | प | है | द | रा | बा | द | प | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6075

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 2 | 7 | 4 |
| | 30 | 4 | 30 | | 30 | |
| 5 | 2 | | | | 6 | 3 |
| | 32 | 6 | 39 | 7 | 31 | 2 |
| 1 | | 3 | | 4 | | |
| | 31 | | 35 | | 33 | 7 |
| 7 | | 2 | 6 | | 1 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6074 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 26 | 4 | 34 | 2 | 34 | 1 |
| 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 35 | 6 | 36 | 3 | 28 | 2 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 31 | 5 | 35 | 4 | 33 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# श्रीलंका और न्यूजीलैंड तीसरा दिन: 164 रन पर ऑलआउट होने के बाद श्रीलंका को फॉलोऑन मिला, दूसरी पारी मे स्कोर 113/2

**वेलिंग्टन।**
श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला वेलिंग्टन में खेला जा रहा है। श्रीलंका ने तीसरे दिन पहली पारी में 26/2 के आगे खेलना शुरू किया। न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने 4 विकेट खोकर 580 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी। श्रीलंका 303 रन से पीछे चल रहे है। तीसरे दिन श्रीलंका 164 रन पर ऑलआउट हो गया। इसके बाद उसे फॉलोऑन मिला है। श्रीलंका के तीसरे दिन के खेल खत्म होने तक 2 विकेट खो कर 113 रन बना लिए है।

**पहली पारी में श्रीलंका के 8 खिलाड़ी दहाई का आकड़ा भी नहीं छू सके** – श्रीलंका के लिए पहली पारी की शुरुआत खराब रही। श्रीलंका पहले ही 2 विकेट खो चुका था। तीसरें दिन की शुरुआत में कप्तान दासुन करुणारप्रतिशते और प्रभात जयसूर्या ने शुरुआत की। एक छोर पर श्रीलंका के कप्तान डंटे रहे। दूसरी ओर टीम के विकेट गिरते ही चले गए। प्रभात जयसूर्या 4, एंजेलो मैथ्यूज 1, दिनेश चांदीमल 37, धनञ्जय दे सिल्वा 0, निशान मधुशंका 19, कसुन रजिथा 0 और असिथा फर्नांडो 0 पर आउट हुए। कप्तान करुणारप्रतिशते ने पहली पारी में सबसे ज्यादा 89 रन बनाए।

बॉलिंग में मैट हेनरी और माइकल ब्रेसवेल को 3-3 विकेट मिले। वहीं, टिम साउदी, डग ब्रेसवेल और ब्लेयर टिकनर को 1-1 विकेट मिला।

**दूसरी पारी में करुणारप्रतिशते और मेंडिस के अर्धशतक** – श्रीलंका ने दूसरी पारी की शुरुआत करे हुए 2 विकेट खो कर 113 रन बनाए। ओशादा फर्नांडो 5 रन बना कर आउट हुए। वहीं कप्तान दिमुथ करुणारप्रतिशते ने अपना अर्धशतक पूरा किया। वे 51 रन बना कर आउट हुए। दूसरी ओर कुशल मेंडिस 50 रन और एंजेलो मैथ्यूज 1 रन बना कर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के डग ब्रेसवेल और टिम साउदी को 1-1 विकेट मिला।

**दूसरे दिन का खेल** – न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन 155/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया थे। न्यूजीलैंड ने 4 विकेट खोकर 580 रन के विशाल स्कोर पर अपनी पारी घोषित की थी। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने 2 विकेट के नुकसान पर 26 रन बना लिए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रीति ने किया उलटफेर, सर्वोच्च वरीय बॉक्सर पेरीजॉक को हराया; नीतू-मंजू भी आगे बढ़ीं



**मुंबई।** सीनियर स्तर पर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहीं हरियाणा की प्रीति साई पवार ने विश्व मुक्केबाजी के सबसे बड़े उलटफेर को अंजाम देते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 54 भार वर्ग में प्रीति ने सर्वोच्च वरीयता प्राप्त और 2022 की विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली रूमानिया की लैक्रामिओआरा पेरीजॉक को रीव्यू में 4-3 से पराजित किया। वहीं हरियाणा की बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीतने वाली नीतू ने 48 भार वर्ग और मंजू बंबोरिया ने 66 भार वर्ग में शानदार जीत दर्ज करते हुए अंतिम-16 में जगह बना ली। प्रीति को मालूम था कि वह नामी मुक्केबाज के खिलाफ खेलने जा रही हैं। चैंपियनशिप से पहले चयन को लेकर अदालत में घसीटी गई प्रीति ने कहा कि वह इस मुकाबले के जरिए अपने आपको साबित करना चाहती थीं। वह पेरिजॉक का पूरा खेल समझकर आई थीं। पहले दौर में प्रीति ने अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हुए इस राउंड को 3-2 से जीता, लेकिन दूसरे दौर में पेरिजॉक ने वापसी करते हुए इसे अपने पक्ष में 2-3 से कर लिया। तीसरे दौर में भारतीय कोच दिमित्रक ने प्रीति को अपनी रणनीति बदलने को कहा। पेरिजॉक लगातार आक्रमण कर रही थीं। उन्होंने प्रीति को काउंटर पंच मारने को कहा। प्रीति ने वही किया।

### भारत के तीनों मेंस रेसवॉकर 2024 ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई: एशियाई रेस वॉकिंग चैंपियनशिप मे अक्षदीप का गोल्ड, विकाश और परमजीत को मिला ओलिंपिक का टिकट

**नोमी।** जापान के नोमी में रविवार को आयोजित हुई एशियाई 20 किमी रेस वॉकिंग चैंपियनशिप 2023 में



विकाश सिंह और परमजीत बिष्ट ने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मेंस ओपन केटेगरी में विकाश ने 1:20:05 और परमजीत ने 1:20:08 के समय में रेस पूरी की। ओलिंपिक के साथ ही दोनों ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी अपनी जगह तय कर ली है। भारत के अक्षदीप सिंह ने गोल्ड जीता, जबकि प्रियंका गोस्वामी ने विमेंस कैटेगरी में ब्रॉन्ज जीता। पंजाब के एथलीट ने 2016 में ओलंपियन गुरमीत सिंह के बाद भारत ने दूसरी बार चैंपियनशिप में गोल्ड हासिल किया है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में सिल्वर जीतने वाली प्रियंका गोस्वामी ने इस बीच विमेंस केटेगरी में 1:32:27 समय के साथ रेस पूरी की। चीन की लैन गाओ ने 1:29:25 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। जापान की अयाने यानाई 1:30:58 के साथ भारतीय एथलीट से आगे दूसरे स्थान पर रहीं। अक्षदीप सिंह और प्रियंका गोस्वामी ने पिछले महीने ही नेशनल चैंपियनशिप के दौरान वर्ल्ड चैंपियनशिप और पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया था। अब मेंस कैटेगरी में ओलिंपिक्स में भारत के कोटे के तीनों स्पॉट फुल हो चुके है। मेंस नेशनल 20 किमी रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में पंजाब के अक्षदीप सिंह ने 1 घंटा 19 मिनट 55 सेकंड का समय निकालकर गोल्ड मेडल जीता था इसी के साथ अक्षदीप ने नेशनल रिकॉर्ड भी बनाया था। भारत के सूरज पंवार और हरदीप सिंह ने मेंस कैटेगरी में 1:22:31 और 1:25:38 के समय के साथ रेस पूरी की। वहीं टोक्यो ओलिंपियन भावना जाट ने विमेंस कैटेगरी में 1:36:20 का समय लिया जबकि उनकी हमवतन मुनीता प्रजापति ने 1:33:22 में अपनी रेस पूरी की।

### बोपन्ना एटीपी मास्टर्स जीतने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बने



**मुंबई।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल मुकाबले में अपने जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैट एबडेन के साथ खिताब जीतकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ ही बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गये हैं। बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और मैट ने खिताबी मुकाबले में नीदरलैंड के वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया। इससे पहले सबसे अधिक उम्र में य खिताब जीतने का रिकार्ड कनाडा के डेनियल नेस्टर के नाम था। नेस्टर ने साल 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स 42 साल की उम्र में जीता था।

वनडे में भारत की सबसे बुरी हार

# ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से 234 बॉल रहते हराया, मार्श-हेड की विस्फोटक पारी; स्टार्क ने लिए 5 विकेट

**विशाखापट्टनम।**
भारत को वनडे इतिहास की सबसे बुरी हार मिली है। टीम को दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने दस विकेट से हरा दिया। टीम 234 बॉल रहते हार गई। इस लिहाज से यह हमारी वनडे इतिहास की सबसे बड़ी हार है। पिछला रिकॉर्ड 212 बॉल का था। न्यूजीलैंड ने 2019 में हमें हेमिल्टन में हराया था। टीम छठी बार 10 विकेट से हारी है। कभी न भूलने वाली इस हार की इबारत लिखी कंगारू ओपनर और तेज गेंदबाजों ने। ओपनर ट्रेविस हेड और मिशेल मार्श ने 66 बॉल पर नाबाद 121 रनों की साझेदारी की। दोनों ही बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाया। इससे पहले मिचेल स्टार्क (5 विकेट) की अगुवाई में शॉन एबॉट ने 3 विकेट और नाथन एलिस ने दो विकेट लिए।

विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में कंगारुओं ने पहले तो भारत को 26 ओवर में 117 के सामान्य से स्कोर पर समेटा। उसके बाद 118 रनों का टारगेट 11 ओवर में बगैर विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस जीत से तीन मैचों की सीरीज रोमांचक मोड़ पर आ गई है। अब दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। तीसरा और निर्णायक मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई में खेला जाएगा।

**टॉप-6 में से 4 बल्लेबाज दहाई तक नहीं पहुंचे सके** – टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 3 रन के टीम स्कोर पर ओपनर शुभमन गिल एक रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने पॉइंट पर मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच कराया।



फिर रोहित शर्मा भी 13 रन बनाने के बाद स्टार्क की ही बॉल पर आउट हुए। उन्हें स्टीव स्मिथ ने स्लिप पर कैच किया। कप्तान के बाद खेलने आए सूर्यकुमार यादव 0 पर, केएल राहुल 9 रन बनाकर और हार्दिक पंड्या 1 रन बनाकर आउट हुए। ये तीनों दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके।

**ऐसे गिरे भारत के विकेट...**
पहला: पहले ओवर की तीसरी बॉल पर शुभमन गिल पॉइंट पर खड़े मार्नस लाबुशेन को कैच दे बैठे। यह विकेट मिचेल स्टार्क को मिला। दूसरा: 5वें ओवर में स्टार्क की बॉल पर स्टीव स्मिथ ने रोहित का शानदार कैच पकड़ा। तीसरा: पांचवें ओवर की 5वीं बॉल पर स्टार्क ने सूर्यकुमार को आउट कर दिया। चौथा: मिचेल स्टार्क ने 9वें ओवर की चौथी बॉल पर केएल राहुल को आउट कर दिया। पांचवां: 10वें ओवर में सॉन एबॉट की बॉल पर कप्तान स्टीव स्मिथ ने शानदार कैच पकड़ा। छठा: 16वें ओवर की दूसरी बॉल पर एलिस ने कोहली को आउट कर दिया। सातवां: 20वें ओवर की तीसरी बॉल पर नाथन एलिस ने जडेजा को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। आठवां: 25वें ओवर की चौथी बॉल पर एबॉट ने कुलदीप को हेड के हाथों कैच कराया। नौवां: 25वें ओवर की पांचवीं बॉल पर एबॉल ने शमी को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराया। दसवां: 26वें ओवर की आखिरी बॉल पर मिचेल स्टार्क ने सिराज को बोल्ड कर दिया।

**शार्दूल की जगह अक्षर की वापसी** – दोनों ही टीमें दो-दो बदलाव के साथ उतरी हैं। रोहित शर्मा इशान किशन की जगह टीम में शामिल हुए हैं, जबकि शार्दूल की जगह अक्षर पटेल को प्लेइंग-11 शामिल किया गया है। वहीं, कंगारू टीम में कैमरून ग्रीन और नाथन एलिस की वापसी हुई है।

**प्लेइंग-11**
**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव।
**ऑस्ट्रेलिया:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स केरी, कैमरून ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस, नॉथन एलिस, एडम जम्पा, मिचेल स्टार्क और सॉन एबॉट।

**अब कुछ पॉइंट में देखिए वे रिकॉर्ड, जो दांव पर हैं** – कंगारुओं के खिलाफ पहले वनडे में कप्तानी करते नजर आएंगे रोहित भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में कप्तानी करते नजर आएंगे। वे सीरीज के पहले मैच में उपलब्ध नहीं थे और हार्दिक पंड्या ने टीम की कप्तानी की थी। रोहित को दिसंबर 2021 में टीम इंडिया का कप्तान बनाया गया था। भज्जी का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं शमी मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में हरभजन सिंह को पीछे छोड़ सकते हैं। अभी दोनों के नाम कंगारुओं के 32-32 विकेट हैं। घर में ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा मैच जीत सकता है भारत भारतीय पिचों पर भारत और ऑस्ट्रेलिया ने 30-30 मैच जीते हैं। यह मैच जीतकर भारत अपनी घरेलू पिच पर कंगारुओं से आगे निकल सकता है। ओवर ऑल हेड टु हेड और ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर भी ऑस्ट्रेलिया ने हमसे ज्यादा मुकाबले जीते हैं।

लाहौर कलंदर्स ने लगातार दूसरी बार जीता पीएसएल

# रोमांचक मुकाबले में मुल्तान सुल्तान को 1 रन से हराया, शाहीन अफरीदी प्लेयर ऑफ द मैच



**लाहौर।**
शाहीन अफरीदी की लाहौर कलंदर्स ने मोहम्मद रिजवान की मुल्तान सुल्तांस को एक रन से हराकर पाकिस्तान सुपर लीग का फाइनल जीत लिया। लाहौर में पीएसएल यानी पाकिस्तान प्रेमियर खेला गया। लाहौर टीम के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी मैच के हीरो रहे। उन्होंने अर्धशतक लगाया और 4 विकेट भी लिए। लाहौर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुल्तान को 201 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में मुल्तान 20 ओवर में 199 रन ही बना सका। लाहौर ने लगातार दूसरी बार पीएसएल जीता। पिछले सीजन में भी उन्होंने फाइनल में मुल्तान को हराया था। इहसानुल्लाह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, जबकि शाहीन अफरीदी को उम्मीद के मुताबिक प्लेयर ऑफ द मैच मिला। इहसानुल्लाह 150 की स्पीड से गेंद फेंक कर क्वेटा ग्लैडियर्स के कप्तान सरफराज अहमद को बोल्ड करने के बाद चर्चा में आ गए थे।

**अब्दुल्ला और शाहीन के अर्धशतक** – पहले बल्लेबाजी करने उतरी लाहौर टीम के ओपनर फखर जमान और मिर्जा बेग ने अपनी टीम को धीमी लेकिन स्थिर शुरुआत दी, इससे पहले बेग 4.3 ओवर के स्कोर पर आउट हो गए। पावरप्ले में लाहौर को 43 रन मिले। अब्दुल्ला शफिक तीसरे नंबर पर आए और 40 गेंदों पर शानदार 65 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया। कलंदर्स की पारी को शानदार फिनिश शाहीन अफरीदी के बल्ले से मिली, जिन्होंने लाहौर को पहली पारी में 200 के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुल्तान की तरफ से उसामा मीर को 3 विकेट मिले। कुशदिल शाह, इहसानुल्लाह और अनवर अली को 1-1 सफलता मिली। 200 रनों का पीछा करने उतरी मुल्तान सुल्तांस की शुरुआत काफी अच्छी रही और उसने 11 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 100 से ज्यादा रन बनाए। रीले रूसो तीसरे नंबर पर आए। उन्होंने 32 गेंदों पर 52 रन बनाकर शानदार पारी खेली। पोलार्ड और टिम डेविड ज्यादा कुछ नहीं कर सके, मैच आखिरी ओवर तक आ गया, मुल्तान सुल्तांस को पीएसएल फाइनल जीतने के लिए 13 रन चाहिए थे।

# एटीके मोहन बागान ने जीता आईएसएल का खिताब, सुनील छेत्री की बेंगलुरु टीम को पेनल्टी शूट में 4-3 से हराया

**पणजी।**
एटीके मोहन बागान ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल 2023) का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल में सुनील छेत्री की टीम बेंगलुरु एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। मोहन बागान ने पहली बार आईएसएल का खिताब जीता है। गोवा में खेले गए मैच में फुल टाइम तक स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद रोमांचक पेनल्टी शूट में मोहन बागान ने दबाव पर काबू पाते हुए जीत हासिल की।

**मैच में क्या हुआ** – मैच की शुरुआत में ही बेंगलुरु को इंजरी का सामना करना पड़ा था, जब टीम के स्टार खिलाड़ी शिवाशक्ति नरायणन चोटिल हो गए थे। इसके बाद शुरुआती कुछ मिनट में ही सुनील छेत्री को शिवाशक्ति के सब्सटिट्यूट के तौर पर मैदान पर भेजा गया। 13वें मिनट में रॉय कृष्णा की गलती पर मोहन बागान को पेनल्टी अवॉर्ड किया गया। इस पर मोहन बागान के दिमित्री पेत्राटॉस ने गोल दाग अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद पहले हाफ के इंजरी टाइम में मोहन बागान के फाउल पर बेंगलुरु को पेनल्टी अवॉर्ड किया गया। सुनील छेत्री ने गोल दाग स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

78वें मिनट में रॉय कृष्णा ने गोल दाग बेंगलुरु को 2-1 से आगे कर दिया। हालांकि, टीम ये बढ़त ज्यादा देर तक नहीं बना सकी और 85वें मिनट में



बेंगलुरु के एक और फाउल पर मोहन बागान को पेनल्टी मिला। इस पर भी पेत्राटॉस ने गोल दाग स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। फुल टाइम तक यही स्कोर रहा। 30 मिनट के एक्सट्रा टाइम में भी दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं और मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। मोहन बागान की ओर से पेत्राटॉस, लिस्टन कोलाको, कियान नासिरी और मानवीर सिंह ने गोल दागे। वहीं, बेंगलुरु की ओर से एलन कोस्टा, रॉय कृष्णा और सुनील छेत्री ही गोल दाग पाए। ब्रूनो रामीरेज और पाब्ले पेरेज के स्ट्रोक को मोहन बागान के गोलकीपर ने रोक लिया।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 35 यार्ड से दागा तूफानी गोल, सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाओं की बाढ़

**रियाद।**
फुटबॉल की दुनिया में मौजूदा समय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को लेकर पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनल मेसी के बीच टक्कर देखने को मिलती रहती है। हालांकि, मेसी ने पिछले साल फीफा विश्व कप जीतकर कुछ हद तक सर्वश्रेष्ठ के टैग पर अपना वर्चस्व दिखाया था।

**रोनाल्डो ने दागा बेहतरीन गोल** – हालांकि, अब रोनाल्डो ने एक बेहतरीन गोल दाग इस बहस को फिर से छेड़ दिया है। रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग मैच में अल नस्त्र के लिए खेलते हुए फ्री-किक पर एक बेहतरीन गोल दागा। इसके बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। रोनाल्डो के इस गोल की खूब चर्चा हो रही है।

**अल नस्त्र बनाम आभा मैच में दागा गोल** – दरअसल, सऊदी प्रो लगी में अल नस्त्र ने आभा क्लब को 2-1 से हरा दिया। अल नस्त्र की जीत में रोनाल्डो का अहम योगदान रहा। पहले हाफ में अब्दुलफतह अहमद के गोल की बदौलत आभा क्लब ने अल नस्त्र पर 1-0 की बढ़त बना ली थी। 70 मिनट तक फिर कोई गोल नहीं हो पाया। 78वें मिनट में अल नस्त्र



को 35 यार्ड से फ्री-किक मिला। इसे लेने के लिए रोनाल्डो पहुंचे और उन्होंने विपक्षी टीम के सभी खिलाड़ियों को छकाते हुए बेहतरीन गोल दागा।

**अल नस्त्र ने हासिल की जीत** – इस गोल से अल नस्त्र ने 1-1 से बराबरी की। इसके बाद 86वें मिनट में पेनल्टी पर टैलिस्का ने गोल दाग अल नस्त्र को 2-1 से जीत दिलाई। सोशल मीडिया पर इस गोल का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस का कहना है कि रोनाल्डो में 38 साल के होने के बाद भी कुछ युवा खिलाड़ियों से ज्यादा जज्बा है।

**पुर्तगाल टीम में शामिल हुए रोनाल्डो** – पिछले हफ्ते रोनाल्डो को लिकटेंस्टीन और लक्जमबर्ग के खिलाफ यूरो 2024 क्वालिफाइंग मैचों के लिए नए कोच रॉबर्टो मार्टिनेज द्वारा घोषित पहली पुर्तगाल टीम में शामिल किया गया था। 26 मार्च को लक्जमबर्ग के दौरे से पहले पुर्तगाल 23 मार्च को लिकटेंस्टीन से लिस्बन में भिड़ेगा।

विमेंस प्रीमियर लीग की पहली सेंचुरी बनाने से चूकीं सोफी डिवाइन

# बेंगलुरु ने 189 का टारगेट 15.3 ओवर में चेज किया; गुजरात को हराया

**मुंबई।**
विमेंस प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 188 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने 15.3 ओवर में 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। बेंगलुरु की सोफी डिवाइन टूर्नामेंट का पहला शतक बनाने से चूक गईं। वह 36 बॉल में 99 रन बनाकर किम गार्थ की बॉल पर कैच आउट हुईं। यह विमेंस प्रीमियर लीग का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है।

### मंधाना-डिवाइन ने दिलाई आक्रामक शुरुआत

189 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को कप्तान स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने एश्ले गार्डनर के ओवर में 24 और तनुजा कंवर के ओवर में 18 रन बनाए। उनकी आक्रामकता के बाद टीम का स्कोर 6 ओवर में बगैर नुकसान के 77 रन हो गया। मंधाना और डिवाइन ने 9.2 ओवरों में 125 रन जोड़े। मंधाना 37 रन बनाकर स्नेह राणा की बॉल पर आउट हुईं। एलिस पेरी 19 और हीथर नाइट 22 के स्कोर पर नाबाद रहीं।

### ऐसे गिरे बेंगलुरु के विकेट

पहला: 10वें ओवर की दूसरी बॉल स्नेह राणा ने ऑफ स्टंप पर गुड लेंथ फेंकी। स्मृति मंधाना के बैट का बाहरी किनारा लगा और बॉल राणा के हाथों में ही चली गई। मंधाना ने 31 बॉल पर 37



रन बनाए। दूसरा: 12वें ओवर की पांचवीं बॉल किम गार्थ ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। सोफी डिवाइन ने तेजी से शॉट मारा, लेकिन मिड-ऑफ पर अश्वनी कुमारी के हाथों कैच आउट हो गईं। उन्होंने 36 बॉल पर 9 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 99 रन बनाए। वॉल्वार्ट ने लगातार दूसरी फिफ्टी जड़ी गुजरात की ओपनर लौरा वॉल्वार्ट ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी जड़ी। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए सब्बिनेनी मेघना के साथ 63 और एश्ले गार्डनर के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। वह 17वें ओवर में श्रेयांका पाटिल की बॉल पर कैच आउट हुईं। वॉल्वार्ट से पहले मेघना 31 और सोफिया डंकली 16 रन बनाकर आउट हुईं। एश्ले गार्डनर ने 26 बॉल पर 41 रन की आतिशी पारी खेली। हरलीन देओल 12 और दयालन हेमलता 16 रन के स्कोर पर नाबाद रहीं। दोनों ने पारी के आखिरी ओवर में 22 रन बनाए।

**पावरप्ले में गंवाया एक विकेट** – टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात जायंट्स को सोफिया डंकली और लौरा वॉल्वार्ट ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। तीसरे ओवर में डंकली आउट हो गईं। उन्हें सोफी डिवाइन ने पवेलियन भेजा। उनके बाद वॉल्वार्ट ने सब्बिनेनी मेघना के साथ पारी आगे बढ़ाई और पावरप्ले में कोई और विकेट नहीं जाने दिया। टीम ने 6 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाए।

### देखें दोनों टीमों की प्लेइंग-11...

**गुजरात जायंट्स:** स्नेह राणा (कप्तान), सब्बिनेनी मेघना, सोफिया डंकली, लौरा वोल्वार्ट, एश्ले गार्डनर, हरलीन देओल, दयालन हेमलता, सुष्मा वर्मा (विकेटकीपर), किम गार्थ, तनुजा कंवर और अश्विनी कुमारी।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, हीथर नाइट, रिचा घोष (विकेटकीपर), कनिका आहूजा, श्रेयांका पाटिल, दिशा कसत, मीगन शट, सोभना आशा और प्रीति बोस।

# खूबसूरती में इजाफा कर देते हैं आईलैश एक्सटेंशन

किसी जमाने में आंखों के मेकअप के समय पलकों पर नकली बाल लगाए जाते थे, मगर यह कुछ घंटों के लिए ही आंखों को खूबसूरत बनाते थे। अब आंखों की पलकों को स्थाई तौर पर खूबसूरत बनाने के लिए पलकों पर बालों का एक्सटेंशन किया जा रहा है। आइलैश एक्सटेंशन बॉलीवुड के साथ-साथ शहरी युवतियों के बीच भी तेजी से ट्रेंड में आ रहा है। 2017 के ब्यूटी ट्रेंड में आंखों की खूबसूरती पर जोर दिया जा रहा है। इस पर ब्यूटी एक्सपर्ट तरह-तरह के प्रयोग कर रहे हैं। इस समय नई क्राति के तौर पर इस क्षेत्र में परमानेंट आइलैश एक्सटेंशन आया है। इस पर फिलहाल कुछ एक्सपर्ट ही काम कर रहे हैं। पलकों को खूबसूरत रूप देने के लिए उन पर बालों की नकली परत को लगाया जाता है। इस परत में अपने चेहरे के अनुसार सूट करते हुए बालों को घना, लंबा, मुड़ा हुआ लगाकर आंखों को नया लुक दिया जा सकता है। इन बालों को पलकों पर स्किन फ्रेंडली ग्लू (गोंद) के माध्यम



से चिपका दिया जाता है। यह स्थाई एक्सटेंशन होता है। इससे हर रोज मेकअप के साथ नकली आइलैश लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। ब्यूटी एक्सपर्ट प्रिया कालरा के मुताबिक सौंदर्य के क्षेत्र में यह एक नई क्रांति है। इस प्रक्रिया से पहले त्वचा के प्रकार को जांचा जाता है व फिर कंप्यूटर के माध्यम से चेहरों को विभिन्न आकार के लैश को सेट करके देखा जाता है। बाद में सूट करता हुआ लैश फिट किया जाता है।
वैसे तो इस एक्सटेंशन को परमानेंट माना जाता है लेकिन नेल एक्सटेंशन की तरह इसमें भी हर महीने रीफीलिंग की जरूरत पड़ती है। इसमें पलकों पर फिर से आइलैश को सेट किया जाता है। एक्सटेंशन विशेषज्ञ नीलिमा के मुताबिक एक्सटेंशन को बार-बार सुधारने की जरूरत होती है। इसके अलावा इसमें कोई समस्या नहीं होती। इसमें इंसान के बालों का प्रयोग किया जाता है।

स्वास्थ्य

## चाय पीने से घटेगा टाइप 2 डायबिटीज का खतरा

**विशेषज्ञों** ने दावा किया है कि चाय पीने वालों को टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम होता है। इससे ब्लड शुगर के स्तर के तेजी बढ़ने की आशंका घटती है, जो मीठे खाद्य और पेय पदार्थों के सेवन से बढ़ जाता है। एक शोध में देखा गया कि सुक्रोज से लैस पेय पदार्थ देने के बावजूद वयस्कों के शरीर में चाय से शक्कर के स्तर में गिरावट आई।

टी एडवाइजरी पैनल के इस अध्ययन में बताया गया है कि चाय की पत्तियों में मौजूद पॉलीफेनॉल्स शक्कर को खून में घुलने से रोकते हैं। खून में शक्कर की मात्रा नियंत्रित करने के गुण के कारण चाय शरीर को एक घातक स्थिति की तरफ जाने से रोकती है। पहले से ही टाइप 2 डायबिटीज के शिकार लोगों में समस्या के जानलेवा होने के खतरों को भी कम करती है।



टी एडवाइजरी पैनल के डॉक्टर टिम बॉन्ड ने कहा कि चाय में मौजूद पॉलीफेनॉल मीठे पेय पदार्थों के ग्लाइकेमिक इंडेक्स को भी घटाता है। इसके अलावा यह पेय पूरी तरह से इंसुलिन मुक्त होता है, जिसके कारण रक्त में ग्लूकोज का स्तर घटता या बढ़ता है। शोधकर्ताओं ने चाय के सेवन का प्रभाव 24 प्रतिभागियों में जांचा। इनमें से आधे लोगों का ब्लड शुगर का स्तर सामान्य था, जबकि अन्य पहले से डासबिटीज से पूर्व की अवस्था में थे।

परीक्षण से एक दिन पहले इन लोगों से सामान्य तरीके से खाने और कोई व्यायाम न करने को कहा गया। सभी को कम शक्कर के स्तर वाला भोजन रात में खाने को दिया गया। अगले दिन सुबह सभी के रक्त के नमूने लिए गए। इन सभी को पॉलीफेनॉल या प्लेसिबो से लैस मीठे पेय दिए गए और एक बार फिर उनके रक्त के नमूने लिए गए। इस परीक्षण को कम से कम तीन बार आधे घंटे, एक घंटे, डेढ़ घंटे और दो घंटे दोहराया गया।

प्लेसिबो से लैस मीठे पेय पीने वाले वॉलंटियरों के ब्लड शुगर स्तर में इजाफा देखने को मिला। हालांकि पॉलीफेनॉल्स से लैसे पेय पीने वालों के ब्लड शुगर में गिरावट दर्ज की गई। यह शोध एशिया पैसिफिक जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित हो चुका है।

## बेहद कम खर्च में ऐसे सजाएं अपना घर

**अपने घर** की सजावट करने के लिए आपको बहुत सारे समय के साथ ढेर सारे पैसों की भी जरूरत होती है। लेकिन थोड़ी सी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का इस्तेमाल कर बिना ज्यादा पैसा खर्च किए आप अपने घर का मेकओवर कर सकती हैं। जानें कैसे-

### फर्निचर

पुराना फर्निचर बदलने की सोच रही हैं तो रूक जाइए आप इन पुरानी टेबल कुर्सियों को दूसरे इस्तेमाल में ला सकती हैं। पुरानी कुर्सी को बेडसाइड टेबल की तरह यूज कर सकती हैं या फिर केन स्टूल जिसमें छेद हो गया उसे ट्रे से ढंककर उसपर रीडिंग लैंप, फ्लावर वास या अलार्म क्लॉक रख सकती हैं।

### प्लेट्स टांगे

प्लेट्स को शेल्फ पर या रैक पर क्यों एक के ऊपर एक रखना जब आप उसे टांगकर उसकी शोभा बढ़ा सकती हैं। वायर प्लेट हैंगर्स लें और उसपर अलग-अलग रंग और साइज की प्लेज सजाएं। इससे आपकी बोरिंग और प्लेन दीवार को ड्रेमैटिक लुक मिलेगा।

### प्रकृति को लाएं घर

घर में फ्लावर वास में ताजे फूल लगाएं या फिर लिविंग रूम के एक कोने में बीच से इक्ट्ठा कर लाए गए



कंकड़ पत्थर और सीप सजा दें। अलग-अलग साइज के शंख या खाली कांच के ग्लास में रेत भरकर आप अपने घर के शांत कोने में नई लाइफ भर सकती हैं।

### मोमबत्तियों से करें रोशन

जरूरी नहीं कि मोमबत्तियां हमेशा रोशनी के लिए ही जलाई जाएं। घर के किसी खाली हिस्से में इन्हें रखकर भी आप उस जगह की खूबसूरती बढ़ा सकती हैं। किसी खाली पड़े टेबल पर अलग-अलग रंग और साइज की मोमबत्तियां रखें और फिर देखें आपका घर कितना बेहतरीन लगने लगेगा।

### रंगों से करें एक्सपेरिमेंट

अगर आप घर के किसी कोने को सजाने के बारे में सोच रही हैं लेकिन कोई अच्छा आइडिया नहीं मिल रहा तो कोई बड़ी से पेटिंग लेकर उस दीवार पर टांग दें, उस जगह के साथ ही आपके घर की खूबसूरती भी बढ़ जाएगी।

स्वास्थ्य

## बादाम से भी ज्यादा फायदेमंद होता है भीगा चना



**भीगा** हुआ चना भीगे हुए बादाम से भी ज्यादा फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के चिकित्सक डॉ. श्रीधर पांडेय के मुताबिक भीगे चने में बहुत ज्यादा मात्रा में प्रोटीन, नमी, फैट, फाइबर, कैल्शियम, आयरन और विटामिन्स होता है। भीगे चने का सेवन बड़ी-बड़ी बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। भीग हुआ चना खून को साफ करने में भी मदद करता है, भीगा चना दिमाग तेज करने के साथ वजन कम करने में भी सहायक होता है।

### भीगे हुए चने के फायदे

1-भीगे हुए काले चने से हमारे शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण मिलता है।

2- भीगे चने का रोज सेवन करने से कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

3- स्वस्थ रहने के लिए हर रोज सुबह भीगे चने का सेवन अवश्य जरूर करें7

4-यदि किसी को शुगर की समस्या है, तो रोज सुबह 25 ग्राम भीगे हुए काले चने का सेवन करें7

5- भीगा चना चबाने से कब्ज और पेट दर्द की समस्या से छुटकारा मिलता है।

6-वजन कम करने भी भीगा चना खाना फायदेमंद है।

7- खून भी साफ करता है भीगा चना।

स्वास्थ्य

## लू के साथ-साथ मुहांसों से भी बचाता है कच्चा आम

कच्चा आम ढेर सारे गुणों से भरपूर है। चाहे आप इसे सीधा खाएं, इसका जूस बनाकर पीएं। आयुर्वेद चिकित्सक देवेन्द्र गुप्ता बताते हैं कि आम में मौजूद आयरन, विटामिन ए, बीटा कैरोटीन, अल्फा कैरोटीन जैसे तत्व सेहत के लिए बहुत लाभकारी हैं।

**खून साफ करता है :** कच्चे आम में कुछ ऐसे तत्व पाए गए हैं, जो हमारे रक्त को साफ करते हैं। रक्त से संबंधी कैसा भी विकार हो, कच्चे आम के सेवन से दूर हो जाता है।



**मुंहासे कम करता है :** यदि किसी का रक्त गंदा हो, जिससे मुंहासे आ जाते हों और त्वचा भी बेजान-सी न?र आती हो, तो उसे कच्चे आम का जूस पीना चाहिए। यह जूस रंग भी साफ करता है और चेहरे पर निखार लाता है।

**गैस की समस्या से निजात:** जिन्हें निरंतर गैस की समस्या रहती है, उनके लिए कच्चा आम रामबाण इलाज है। यह कच्चे आम का दूसरा असरदार गुण है, जिसके कारण व्यक्ति की गैस और अपच जैसी समस्या दूर हो जाती है। गैस, अपच, कब्ज या पेट संबंधी कोई भी विकार सताए, तो कच्चे आम का सेवन करने से आराम मिलता है।

## चेहरे पर लगाएं शहद, मिलेंगे कई फायदे!

हर घर में शहद का इस्तेमाल किया जाता है। यह सेहत और त्वचा दोनों के लिए फायदेमंद है। शहद लगाने से स्किन में निखार आता है। कई ब्यूटी प्रॉडक्ट में शहद का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अपनी डेली रूटीन में शहद को यूज करें। आज हम आपको शहद के ब्यूटी फायदों के बारे में बताएंगे।



### 1. बंद पोर्स को खोलें

धूल-मिट्टी के कारण चेहरे के पोर्स बंद हो जाते है। शहद का इस्तेमाल करने से रोम छिद्र खुल जाते हैं। इसमें मौजूद तत्व त्वचा पर जमी गंदगी को दूर करते है।

### 2. दाग-धब्बों को करें दूर

त्वचा पर शहद का इस्तेमाल करने से दाग-धब्बे दूर होते हैं। इसके अलावा डेड स्किन से छुटकारा मिलता है। ऐसे में चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने के लिए शहद लगाएं।

### 3. होंठों को बनाएं मुलायम

फटे होंठों से परेशान है तो शहद का इस्तेमाल करें। होंठों पर शहद लगाएं। इसके अलावा बादाम के पेस्ट में शहद को मिलाकर होंठों पर लगाएं। इससे होंठ मुलायम होंगे।

### 4. सनर्बन

गर्मियों में सनर्बन से त्वचा को बचाने के लिए शहद यूज करें। इसमें मौजूद तत्व हानिकारक किरणों से त्वचा को बचाते है। दिन में एक बार शहद से मसाज करें।

### 5. हेयर कंडीशनर

शहद बालों के लिए भी फायदेमंद है। शहद को आप नैचुरल हेयर कंडीशनर की तरह भी इस्तेमाल कर सकते है। गरी के तेल में शहर मिलाकर बालों में लगाएं। आधे घंटे बाद बालों को धो लें। इससे बाल सॉफ्ट और मजबूत होंगे।

## छिपकली से पीछा छुड़ाना हैं तो अपनाएं ये टिप्स

गर्मियों का सीजन शुरू होते ही सबसे बड़ी समस्या छिपकलियों की होती है। जो हर लाइट या फिर बाथरूम आदि में होती हैं। लोग छिपकली से छुटकारा पाने के लिए मार्कीट से मिलने वाले इंस्केट किलर का इस्तेमाल करते है। इनमें काफी हानिकारक कैमीकल होते है, जो हमे नुकसान पहुंचा सकते है। आज हम आपको कुछ घरेलू तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से आप छिपकली से छुटकारा पा सकते है।



### 1. कॉफी पाउडर

कॉफी पाउडर को तम्?बाकू पाउडर के साथ मिला लें और इसकी छोटी-छोटी गोलियां बनाकर वहां-वहां रख दें जहां छिपकलियां आती है।

### 2. प्याज

छिपकली या कॉकरोच को घर से दूर भगाने के लिए प्याज को काटकर दो भागों में रखें। हो सकें तो प्याज को धागे से बांधकर लाइट के पास टांग दें। प्?याज में सल्?फर ज्?यादा मात्रा में होता है जिससे बुरी दुर्गंध निकलती है और छिपकली भाग जाती है।

### 3. मोरपंख

छिपकली मोरपंख से डरती है। वह समझती है कि मोरपंख कहीं सांप है जो उसे खा जाएगा। इसलिए आप मोरपंख को घर में किसी गुलदस्?ते आदि में लगाकर रख दें, इससे छिपकलियां भाग जाएगी।

### 4. लहसुन

एक स्?प्रे बॉटल लें। इसमें प्?याज का रस और पानी भर लें। इसमें कुछ बूंद लहसून के रस की मिला लें और अच्?छे से मिला लें। अब इसे घर के हर कोने में छिड़क दें, जहां-जहां छिपकली सबसे ज्?यादा आती है वहां भी छिड़क दें। आप चाहें तो लहसुन की कली भी रख सकते है, इससे भी छिपकलियां दूर भाग जाती है।

### 5. पेपर स्प्रे

इसके लिए आप काली मिर्च और पानी को मिलाकर स्प्रे तैयार कर लें। इसे अपनी किचन, कमरों और बाथरूम अदि जगहों पर छिड़क दें। इससे छिपकलियां भाग जाती है क्?योंकि काली मिर्च की तीखी गंध उन्?हे अच्?छी नहीं लगती है।

## शादी के बंधन में बंधना चाहते हैं जल्दी तो अपनाएं ये वास्तु टिप्स



**हर माता-पिता को अपने बेटे या बेटी की शादी की चिंता लगी रहती है कि शादी की उम्र हो गई है लेकिन कोई रिश्ता नहीं हो रहा। कई बार शादी में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है, बनते-बनते बात बिगड़ जाती है या फिर कई बार रिश्ते ही नहीं आते हैं। ऐसे में घर पर काफी टैंशन का माहौल होने लग जाता है। इस वक्त अगर आप इन वास्तु के उपायों को करेंगे तो शादी जल्द होने के आसार बन जाते हैं।**

1. विवाह की बात करने जब लोग घर आएं उन्हें इस तरह बैठाएं कि उनका मुंह घर के अंदर की ओर रहे। विवाह की बात करने वाले व्यक्तियों का मुंह बाहर की ओर होने पर बात पक्की होने की संभावना कम हो जाती है। जिनकी शादी में बाधा आ रही है हो उन्हें इस बात का बहुत ध्यान रखना चाहिए।

2. जिनकी शादी की उम्र है और शादी हो नहीं रही वे लोग काले व नीलें रंग के कपड़े न पहनें। इसका कारण यह है कि काला रंग शनि, राहु और केतु इन तीनों ग्रहों का होता है जो विवाह में बाधक होते हैं।

3. ऐसी जगह पर नहीं सोएं जहां बीम लटका हुआ दिखाई दे।

4. विवाह के योग्य व्यक्ति को सोते समय अपना पैर उत्तर की ओर और सिर दक्षिण दिशा में रखना चाहिए। सोने के इस नियम की अनदेखी से बचना चाहिए

5. विवाह के इच्छुक व्यक्तियों को अपने घर के दक्षिण-पश्चिम भाग में लाल फूलों की पेंटिग लगानी चाहिए।

6. जिन कमरों में एक से अधिक दरवाजे हों उस कमरे में विवाह योग्य लड़कों को सोना चाहिए। जिन कमरों में हवा और रोशनी कम आती हो उन कमरों में नहीं सोना चाहिए।

7. वास्तु के अनुसार विवाह योग्य लड़कों को दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं सोना चाहिए। इससे विवाह में बाधा आती है। माना जाता है कि इससे अच्छे रिश्ते नहीं आते हैं।

8. जिसकी शादी करवानी हो उसके कमरे में दीवारों का रंग चमकीला, पीला, गुलाबी होना अच्छा माना जाता है।

9. कुंवारे लड़के-लड़कियां जो घर से दूर रहकर नौकरी या पढ़ाई करते हैं अक्सर कमरें शेयर करते हैं। ऐसे में उन्हें विवाह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए अपना बेड दरवाजे के करीब लगाना चाहिए।

10. यदि आप लव मैरिज करवाना चाहते हैं तो आप अपनी गर्लफ्रैं ड को गुलाब का फूल देते हुए उसके कांटे निकाल दें। फूलों से अपने वैवाहिक जीवन को वह लोग भी खुशहाल बना सकते हैं जिनके बीच आपसी मतभेद बढ़ गया हो। ऐसे लोग गुलाब की बजाय लिली या आर्किड के फूलों का गुलदस्ता उपहार में दें।



**त्योहारो पर हम सोने के गहने तो खरीद लेते है, लेकिन उनकी चमक को सालो-साल बरकरार रखना उतना ही कठिन होता है। क्योंकि सोना जितना पुराना होता जाता है, वह उतना अधिक कीमती भी हो जाता है और गहनो को किस तरह संभालकर रखा जाएं कि वह हमेशा ही नए जैसे दिखे, इसके लिए आपको कुछ जरूरी बातो का ध्यान रखना होगा कि हम अपने गहनो का कैसे करे रखरखाव कि वह सालो-साल चले।**

### ज्वेलरी पहने संभल...

सोना मुलायम होता है जिस पर क्रैच लगने का डर सबसे अधिक... है। खासतौर पर सोने की अंगूठी, ब्रसलेट या चूड़ियां पहनते वक्त सजग रहना जरूरी है। ऐसे में घर की साफ-सफाई या फिर बच्चों के साथ खेलते वक्त बेहतर होगा कि सोने के गहनें न पहनें।

### गहनों की सफाई

रोजाना में पहनने वाली गोल्ड ज्वेलरी की चमक जल्दी फीकी पड़ जाती है। और उस पर पसीने, धूल या मेकअप का लगना आम बात है। ऐसे में समय-समय पर आप सोने के गहनों को वाशिंग पाउडर और गुनगुने पानी के घोल से साफ करें और फिर अच्छी तरह सुखाएं।

### क्लोरीन से ज्वेलरी करें बचाव


सोने के गहनों पर कई तरह के रसायन है जो सूट नहीं करते क्लोरीन भी ऐसा ही एक रसायन है जिसके संपर्प में सोना कमजोर हो जाता है। अगर अधिक समय तक सोने के गहनों का संपर्प क्लोरीन से होगा तो वे जल्दी टूटेंगे। स्विमिंग पूल में जाते वक्त सोने के गहनों को निकाल देने में ही भलाई है। क्योंकि क्लोरीन के अलावा, एसिड, क्लीनर आदि के नियमित संपर्प में आने से भी सोने के गहनें खराब हो जाते हैं। इनका उपयोग करते वक्त हाथों में रबड़ के दस्तानें पहनने से अंगूठी या ब्रेसलेट को बचाया जा सकता है।

### ऐसे करें स्टोर

सोने के गहनों को अगर सही तरीके से स्टोर करें तो ये सालों-साल चलते हैं। इन्हें हमेशा मेटल या मोती, स्टोन्स आदि के गहनों से अलग रखें। आप चाहें तो इन्हें किसी मुलायम कपड़े या बटर पेपर में रैप करके भी रख सकती हैं जिससे ये कम से कम हवा के संपर्प में आने से आपके गहने लंबे समय तक नए से दिखेगें।

रेसिपी

## आलू-साबूदाना-सिंघाड़े की लजीज पूरी



भीगा हुआ साबूदाना एक कटोरी, 1 कटोरी सिंघाड़ा आटा, दो-तीन उबले आलू, दो-तीन हरी मिर्च बारीक कटी हुई, सेंधा नमक, काली मिर्च पावडर, थोड़ा-सा हरा धनिया बारीक कटा, तेल अथवा घी

### विधि

उबले आलू को मैश कर लें। साबूदाना और आलू को सिंघाड़े के आटे में मिला लें। बाकी सभी वस्तुएं भी आटे में डालकर अच्छी तरह मिला लें। थोड़ा पानी डालकर गूंध लें। अब हाथ पर पानी लगाकर छोटी-छोटी लोई तोड़कर पूरी का आकार दें या फिर बेलन से बेल लें। अब कड़ाही में तेल गरम करके पूरी को सुनहरी होने तक तक लें। आप चाहे तो इन्हें तवे पर दोनों तरफ से घी लगाकर भी सेंक सकते हैं।

## केसर-पिस्ता श्रीखंड



चार कप दही, आधा कप पिसी हुई चीनी, एक चम्मच गुलाब जल (वैकल्पिक), आधा चम्मच इलायची, आवश्यकतानुसार खड़े मेवे, आधा चम्मच केसर, चार चम्मच बारीक कटा पिस्ता।

### विधि

एक साफ मलमल के या बारी कपड़े में दही डालकर बांध लें और रात भर यानी 10 से 12 घंटों के लिए छोड़ दें। सुबह दही में केसर और पिस्ता छोड़कर सभी सामग्रियां मिलाकर अच्छे से फेंट लें। अब थोड़ी देर प्रिज में ठंडा करें और फिर पिस्ते और केसर की गार्निश के साथ परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)